रांची, शनिवार 03 मई 2025 | वर्ष-26, अंक- 90, पृष्ठ-12 | वैशाख शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00


हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत

## अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ

- माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखण्ड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को बीमा का लाभ।
- वार्षिक प्रीमियम की राशि ₹6000 प्रति निबंधित अधिवक्ता का भुगतान राज्य सरकार झारखण्ड अधिवक्ता कल्याण कोष निधि न्यासी समिति को करेगी, जिसके द्वारा राशि JSAS को हस्तांतरित किया जाएगा।
- **अधिवक्ताओं के आश्रितों को भी बीमा लाभ:** पति/पत्नी/पुत्र/वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित/विधवा/परित्यक्ता पुत्री) नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता (पेंशनर के मामले में प्रतिमाह ₹9000 और उस पर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले)।
- दिव्यांग आश्रितों को आजीवन स्वास्थ्य बीमा।
- महिला अधिवक्ता के मामले में माता-पिता अथवा सास-ससुर में से कोई एक पक्ष।
- पति-पत्नी दोनों के राज्य सरकार के कर्मी होने की स्थिति में दोनों एक दूसरे को आश्रित की श्रेणी में नहीं दर्शा सकते हैं तथा उनके बच्चे दोनों में से किसी एक के ऊपर ही आश्रित माने जायेंगे।



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**दिनांक:** 3 मई, 2025 | **समय:** पूर्वाह्न 11:30 बजे
**स्थान:** हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची

PR No. 351545 (IPRD) 2025-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### रक्षा राज्य मंत्री ने 10 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की अनुशंसा की

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनेंगी सभी सड़कें

● कई गांव एक दूसरे से जुड़ेंगे, आवागमन सुगम होगा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रांची ग्रामीण क्षेत्र के 10 सड़कों की अनुशंसा की है। इन सड़कों का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जाना है, जिन सड़कों की अनुशंसा रक्षा राज्य मंत्री ने की है, उनमें अनगड़ा प्रखंड के हुंडरु फॉल से मायाडीह तक 2.75 किलोमीटर, बुढ़मू प्रखंड के आरईओ रोड से पीरातगुट्टू तक 1.3 किलोमीटर, पीडब्ल्यूडी रोड से महुआ टोली तक 1 किलोमीटर, आरईओ रोड से सीरम तक 1.35 किलोमीटर, कांके प्रखंड के पीडब्ल्यूडी रोड से करकट डहुटोली तक 1 किलोमीटर, आरईओ रोड से मरवा तक 1.85 किलोमीटर, पीडब्लूडी रोड से जिद्दू तक 1.05 किलोमीटर, पुराना करकट्टा से सरना टोली तक 1.65 किलोमीटर और रातू प्रखंड के पीडब्ल्यूडी रोड से फतिया टोली तक लगभग 1 किलोमीटर, पीडब्लूडी रोड से डोरिया टोली तक 1.32 किलोमीटर की सड़क शामिल है। इन सड़कों का निर्माण होने से इस क्षेत्र के कई गांव जिले की मुख्य सड़क से जुड़ सकेंगे।

गांव का आपसी जुड़ाव भी एक दूसरे से हो सकेगा। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की हर ग्रामीण सड़क मुख्य सड़क से जुड़ सके, इस उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का कार्य तेज गति से चल रहा है। इस निमित्त रांची ग्रामीण क्षेत्र में बनने वाली इन सड़कों की अनुशंसा की गई है।

इसका निर्माण भी बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुगम हो सकेगा। विशेष रूप से बरसात के समय में आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। स्कूली बच्चे, दैनिक क्रियाकलापों में जाने वाले लोग, अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंचने में लोगों को कम समय लगेगा।

# जातीय जनगणना केंद्र सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : अन्नपूर्णा देवी

● सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में क्रांतिकारी कदम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जातीय जनगणना को मंजूरी दिया जाना सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं मील का पत्थर साबित होने वाला निर्णय है।

इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्गों सहित समाज के वंचित तबकों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का वास्तविक और व्यापक आंकलन संभव होगा। इससे न केवल नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन होगा, बल्कि योजनाएं जमीनी हकीकत के अनुरूप बनेगी, जिससे समावेशी विकास को नई गति मिलेगी।

यह निर्णय केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि न्यायसंगत नीति निर्माण और सबका साथ, सबका विकास की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस जनभावना से जुड़े ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार प्रकट करती हूं। यह कदम हर उस व्यक्ति की आकांक्षा को बल देगा जो समान अवसर और न्याय की उम्मीद रखता है।

### धर्मांतरण की घटना पर चंपाई सोरेन ने जताई चिंता, कहा

# राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों की जनसंख्या बढ़ रही है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/सरायकेला।** जिले के नीमडीह प्रखंड के झीमड़ी में घटी धर्मांतरण की घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दुख प्रकट किया। वहीं उन्होंने कहा कि यह पूरे राज्य के लिए चिंता की विषय है। इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में अपमानित होने के बाद मैंने भाजपा से जुड़कर धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर ही आंदोलन शुरू किया है, क्योंकि भाजपा ही राज्य में धर्मांतरण पर रोक लगा सकती है।

सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार में धर्मांतरण जोरो पर है। राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों की जनसंख्या बढ़ रही है और आदिवासी-मूलवासी की संख्या घट रही है। वर्तमान राज्य सरकार उसी को सुरक्षा देने का काम कर रही है।चंपई ने कहा कि धर्मांतरण को लेकर चरणबद्ध रूप से जनआंदोलन किया जाएगा। हर चीज की एक प्रक्रिया होती है, उसी प्रक्रिया के तहत राज्य से घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा।

सोरेन ने कहा कि चाकुलिया में यहां एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है, लेकिन फिर भी करीब 3000 जन्म प्रमाण पत्र मुस्लिम समुदाय के लोगों के बच्चों के निर्गत हुए। अब हमें बांग्लादेशियों को पनपने नहीं देना है। झीमड़ी गांव में रहने वाले विभिन्न हिंदू जाति समुदाय के लोगों ने एकजुटता दिखने लगी है। घटना को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इस एकजुटता के बल पर आरोपित परिवार को गांव से खदेड़ने की योजना बनाई गई है।


ग्रामीणों द्वारा दबी जुबान से कहा जा रहा है कि उसके गांव की बहू-बेटियों पर मुस्लिम समाज के युवकों की बुरी नजर है। अब किसी भी सूरत में आरोपित परिवार को गांव में रहने नहीं देंगे। गांव की भोली-भाली बेटियों को लव जेहाद के नाम पर अपने जाल में फांसने का काम मुस्लिम युवक कर रहे हैं, जो झीमड़ी गांव के लोग सहन नहीं करेंगे। यहां बता दें कि घटना के पांच दिन बाद भी गांव के चप्पे-चप्पे में फोर्स की तैनाती की गई है। गांव में प्रवेश करने वालों की जांच की जा रही है और तो और पीड़ित परिवार व आरोपित के परिवार के घर के बाहर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है।

### संविधान बचाओ अभियान को लेकर हुई बैठक, बोले केशव महतो

# 6 मई को राजधानी में होगी ऐतिहासिक रैली

● कार्यकर्ताओं को दिए गए जरुरी दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस भवन में शुक्रवार को 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान की सफलता के लिए प्रदेश के नेताओं की बैठक केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों से केशव महतो कमलेश ने संविधान बचाओ अभियान के तहत चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रथम चरण में सभी प्रदेशों में राज्य स्तर की रैली आयोजित की जा रही है इसी क्रम में कई राज्यों में संविधान बचाओ रैली संपन्न हो चुकी है। 6 मई को रांची के पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा इसकी सफलता के लिए हमें पूरे समन्वय के साथ काम करना होगा। कार्यकर्ताओं से संपर्क करने का कोई भी माध्यम छूटना नहीं चाहिए,हमें लगातार कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर इस अभियान और रैली के लिए उत्साहित करना है ताकि उनकी सहभागिता अधिक से अधिक हो सके। उन्होंने कहा की रैली में आने वाले कार्यकर्ताओं की सुविधा का भी ध्यान रखना है साथ ही हमें यह सुनिश्चित करना है की रैली में शिरकत करने वाले पंचायत स्तर के कार्यकर्ता सकारात्मक संदेश लेकर जाएं ताकि जनता को संवैधानिक अधिकारों से वह अवगत करा सके और भाजपा द्वारा संविधान पर लगातार किए गए हमले, संविधान बदलने के उनके मंसूबों की भी जानकारी दें। कांग्रेस के दबाव में केंद्र ने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है लेकिन हमें यह देखना है कि यह सिर्फ भाजपा की घोषणा नहीं बने इस मसले पर भी हमें फ्रंट फुट पर संघर्ष करते रहना है ताकि केंद्र सरकार का यह घोषणा हैडलाइन बनकर न रह जाए, हमें जातिगत जनगणना का डेडलाइन भी केंद्र सरकार से तय करवाना है।

बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया की रैली में पूरे राज्य से एक लाख लोगों के जुटने की संभावना है कार्यकर्ता और नेताओं के साथ-साथ आम जनता की भी पूरी भागीदारी रहेगी।पंचायत स्तर तक अभियान चलाया जा रहा है जिलों के लिए अभियान के लिए नियुक्त नोडल पदाधिकारी ने जिलों में बैठक कर अभियान को गति प्रदान की है। पंचायत,प्रखंड जिला, अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, पदाधिकारीयों प्रदेश पदाधिकारीयों को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो द्वारा हस्ताक्षरित पत्र और पंपलेट व्यक्तिगत रूप से डाक द्वारा भेजा जा रहा है ताकि रैली में आने के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहे। रैली की प्रारंभिक तैयारी पूरी हो चुकी है मंत्री और वरीय नेताओं द्वारा लगातार जनता के बीच संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।हर विधायक मंत्री को फुल प्रूफ टास्क दिया गया है प्रदेश स्तरीय रैली के बाद जिला विधानसभा स्तरीय रैली और घर-घर संपर्क अभियान आयोजित होगी।

बैठक में विधायक दल नेता प्रदीप यादव वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सरकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रदीप कुमार बालमुचू उपस्थित थे।

# विदेश यात्रा पर श्वेत पत्र जारी करें सीएम, खर्च व निवेश की दें जानकारी : भाजपा प्रवक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा पर सवाल उठाया है। मुख्यमंत्री की स्वीडन और स्पेन यात्रा को व्यक्तिगत पर्यटन के लिहाज से सफल, लेकिन निवेश के लिहाज से पूर्णतः असफल यात्रा बताया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री को शीघ्र अपनी पूरी यात्रा का एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। श्री शाहदेव ने कहा कि श्वेत पत्र में पूरे खर्च का विवरण और निवेश के एग्रीमेंट के संबंध में जानकारी देनी चाहिए। निवेश की संभावनाओं और निवेश के वादे पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। कहा कि मुख्यमंत्री यूरोप के दो सबसे दर्शनीय देश का पर्यटन के लिहाज से सफल भ्रमण कर लौट आए हैं। राज्य सरकार ने 11 सदस्यीय दल के लिए लगभग 4.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति देकर राशि एक निजी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दे दी है। जबकि रांची के प्रतिष्ठित टूरिस्ट ऑपरेटर रांची से स्वीडन और स्पेन की यात्रा का खर्च प्रति 2,75,000 रुपये व्यक्ति बता रहे हैं। श्री शाहदेव ने कहा कि इस पूरी यात्रा में करोड़ों रुपये फूंके गए, लेकिन झारखंड में निवेश संबंधी लिखित समझौता की सूचना नहीं आई। मुख्यमंत्री के ऑफिशियल एक्स हैंडल ने जो तस्वीर जारी की गई, उसमें निवेश की संभावनाओं और निवेशकों को आमंत्रण देने से संबंधी सूचना थी। कोई लिखित एग्रीमेंट की सूचना नहीं हुई। कहा कि मुख्यमंत्री बार्सिलोना एफसी क्लब पहुंचे, जब फुटबॉल को झारखंड में बढ़ावा देने की बात हुई तो एग्रीमेंट आरसीडीइ बार्सिलोना क्लब से किया गया जो कि बार्सिलोना एफसी से बिल्कुल अलग क्लब है। अगर मुख्यमंत्री को वोल्वो पैसेंजर गाड़ी, बस और ट्रक की नवीनतम इवी टेक्नोलॉजी देखनी थी तो वह बेंगलुरू भी जा सकते थे। जहां वोल्वो की नवीनतम टेक्नोलॉजी पर इवी गाड़ियां बन रही है। कहा कि झामुमो के प्रवक्ताओं ने प्रचारित किया कि एलन मस्क का टेस्ला ग्रुप अब झारखंड में निवेश करने वाला है। जबकि एलन मस्क का टेस्ला ग्रुप और चेकोस्लोवाकिया के टेस्ला ग्रुप एएस में आसमान-जमीन का अंतर है। टेस्ला ग्रुप ए एस रेडियो, टीवी और बैटरी बनाती है। जिस गीगा फैक्ट्री को लगाने की बात मुख्यमंत्री कर रहे हैं, उसमें भारत की टाटा और रिलायंस कंपनियों को पहले से वैश्विक स्तर पर महारत हासिल है।

## जाति जनगणना असमानताओं को उजागर करेगी : विजय शंकर



**रांची।** जातिगत जनगणना एक स्वागतयोग्य और ऐतिहासिक कदम है। यह पहल बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा ज्योतिराव फुले और कांशीराम जैसे समाज सुधारकों के सामाजिक समानता के सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि यह जनगणना न केवल सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को उजागर करेगी, बल्कि नीति निर्माण, संसाधन वितरण, और आरक्षण की नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने में भी सहायक होगी।

# रॉकेट टेक्नोलॉजी पर बीआईटी में हुई चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री विभाग द्वारा रॉकेट टेक्नोलॉजी पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने एयरोस्पेस और रॉकेट प्रणालियों में हो रहे अत्याधुनिक विकासों पर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में जेडी पाटिल, भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी के अध्यक्ष एवं एलएंडटी डिफेंस के पूर्णकालिक निदेशक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पद्मश्री डॉ. बीएन सुरेश, इसरो के मानद विशिष्ट प्रोफेसर एवं आईआईएसटी के चांसलर, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्रो. इंद्रनील मन्ना, कुलपति, बीआईटी मेसरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री विभाग की विरासत और क्षमताओं पर प्रकाश डाला, जो स्वदेशी एयरोस्पेस विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. प्रियांक कुमार, कार्यशाला समन्वयक ने कार्यशाला की थीम और दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और रॉकेट टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान और सहयोग की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रो. सुदीप दास, विभागाध्यक्ष एवं रजिस्ट्रार, ने भी कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

इस कार्यशाला की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि इसमें देश के कई विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों से आए छात्रों और शोधार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें क्षेत्र के विशेषज्ञों और अग्रणी वैज्ञानिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## आंगनबाड़ी सेविकाएं 20 को हड़ताल पर रहेंगी

**रांची।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन 20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल में शामिल होंगी। जिसके लिए शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में स्थित महिला, बाल कल्याण और सामाजिक सुरक्षा विभाग विभाग के सचिव को शिष्टमंडल के द्वारा नोटिस सौंपा गया। आंगनबाड़ी कर्मी श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड निरस्त करने और सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी और पेंशन का भुगतान के साथ भविष्य निधि के दायरे में लाने की मांगों को लेकर 20 मई की देशव्यापी हड़ताल में शामिल होंगी। महिला, बाल विकास विभाग के सचिव को हड़ताल नोटिस देने गए शिष्टमंडल में यूनियन की राज्य अध्यक्ष मीरा देवी, महासचिव सावित्री सोरेन समेत प्रीति हांसदा, मीनू मुर्मू, अभिगेल हेम्ब्रम, प्रिया, प्रमिला मुर्मू, संतोषी और लखन मंडल शामिल थे।

# असंगठित मजदूर ने किया राजभवन मार्च




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एक मई मजदूर दिवस पर झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने राजभवन मार्च किया। मौके पर विधायक सीपी सिंह , संजय कुमार जायसवाल व मुकेश सिंह उपस्थित रहे। पिस्का मोड विश्वनाथ मंदिर प्रांगण से हजारों की संख्या में असंगठित मजदूरों के साथ मार्च निकालकर रातू रोड, अपर बाजार, शाहीद चौक व कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंचे। वहीं राज भवन पर एक सभा कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस जुलूस में मुख्य रूप से बिंदुल वर्मा, रमेश सिंह, संतोष सिंह, राकेश शर्मा, दीपक वर्मा, धुरी राय , महेंद्र यादव,धर्मराज यादव, राम माया चंद्रवंशी, परमानंद राय, मथुरा यादव, सतेंद्र यादव, मनोज पासवान, सुरेंद्र पासवान, बाबू पाठक, नागी सरदार ,सुशील सरदार, भोली सरदार, सोली पासवान , शशि यादव, सरोज सिंह, संतोष सिंह सहित हजारों श्रमिक उपस्थित रहे।

## वामदल 20 मई को चक्का जाम करेंगे

**रांची।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए जाने वाले चार लेबर कोड और किसानों-मजदूरों की 17 सूत्री मांगों को लेकर ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों द्वारा आगामी 20 मई की देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद का वामदल ने समर्थन किया है। इसी दिन वामदल भी हड़ताल और ग्रामीण बंद के समर्थन में दो घंटे का चक्का जाम करेंगे। वाम नेता प्रकाश विप्लव ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी है। इससे पहले सीपीआई (एम) कार्यालय में वाम दलों की एक संयुक्त बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सीपीआई के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने की। बैठक में भाकपा (माले) के मनोज भक्त, भाकपा के महेंद्र पाठक, अशोक यादव, अजय सिंह, सीपीएम के प्रकाश विप्लव, एसयूसीआई (सी) के मिंटू पासवान समेत भुवनेश्वर बेदिया और किसान एवं मजदूर संगठनों से विरेंद्र कुमार शामिल थे।

### जाति जनगणना पर लगी मुहर, कांग्रेस ने किया स्वागत

# राहुल गांधी के मेहनत का फल मिला : कांग्रेस

● राहुल गांधी दो तिहाई वंचित आबादी की तरक्की के लिए न्याय की नींव रखी : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** जातिगत जनगणना को लेकर गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभिलाष साहु ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराये जाने का निर्णय का हम स्वागत करते हैं, हमारे नेता राहुल गांधी के सड़क से लेकर संदन तक लगातार संघर्ष का परिणाम है कि केन्द्र सरकार को जाति जनगणना कराने पर विवश होना पड़ा। मैं इसके लिए झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के साथ-साथ झारखंड की जनता के तरफ से राहुल को, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को और हमारे ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिन्द का बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा अब आगे हमें केन्द्र सरकार से यह अपेक्षा है कि एक निश्चित समय के अंदर ये कार्य पूरा करें। साथ ही साथ इस कार्य को पूरा करने के लिए एक बजट का प्रावधान करें।

हमें शक है केन्द्र सरकार की मंशा पर अभी तक वो 27 प्रतिशत आरक्षण मामला लंबित है, जाति जनगणना का निर्णय राहुल गांधी के न्याय संकल्प और कांग्रेस की नीति की जीत है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की दूरदृष्टि और न्याय के संकल्प ने आज देश में दो तिहाई वंचित आबादी की तरक्की के लिए न्याय की नींव रखी है। जाति जनगणना का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक स्थिति को समझना, नीति निर्माण में मदद करना और सामाजिक असमानताओं को दूर करना है, इसके आंकड़े, आरक्षण नीतियों को बेहतर बनाने, वंचित समूहों की पहचान करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने में भी मदद करेंगे।

डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि आखिरकार केंद्र की मोदी सरकार को राहुल की जाति जनगणना की बात माननी पड़ी। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना न्याय दिलाएगी और कांग्रेस 50 प्रतिशत आरक्षण की दिवार भी हटाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे जननेता राहुल ने सड़क से संसद तक मुखरता से जाति जनगणना का मुद्दा उठाया है, जिसके सामने भाजपा को झुकना पड़ा। अब केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही आरक्षण पर 50 प्रतिशत की लिमिट हटेगी और आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी मिलेगी। क्योंकि देश में सामाजिक न्याय, वंचितों की भागीदारी और उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना जरूरी है।

# झारखंड राज्य दो दिन से डीजीपी विहीन : बाबूलाल

● अनुराग गुप्ता द्वारा अ ब लिए जा रहे फैसले विधि विरुद्ध

● मुख्यमंत्री अविलंब राज्य में डीजीपी की नियुक्ति करें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दो दिनों से झारखंड संवैधानिक रूप से डीजीपी विहीन राज्य है। इतना ही नहीं झारखंड में एसीबी, सीआईडी और पुलिस सभी के डीजीपी का पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता की ओर से दिए जा रहे निर्देश, निर्णय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में पूरी तरह असंवैधानिक है। श्री मरांडी शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक आईपीएस अफसर जिस पर भ्रष्टाचार, पक्षपात और फ्रॉड का आरोप हो, कोई भी सरकार अपने राज्य और जनता की सुरक्षा उसके हवाले कैसे कर सकती है। उन्होंने ने कहा कि 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता के ऊपर आरोपों की लिस्ट काफ़ी लंबी है। उन पर बिहार के जमाने में मगध विश्वविद्यालय थाना कांड संख्या (64/2000) दर्ज है।

उन्होंने कहा कि जहां तक मुझे स्मरण है कि मेरे मुख्यमंत्रित्व काल के अंतिम दिनों में उस मामले में प्रॉसिक्यूशन सैंक्शन के लिये बिहार से अनुरोध पत्र भी आया था। उस पर आगे क्या हुआ इसका मुझे स्मरण नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने खुद इन्हें 24 फरवरी 2020 से नौ मई 2022 (26 महीने) निलंबित किये रखा, लेकिन इस दौरान हेमंत सोरेन और अनुराग गुप्ता की नजदीकियां इतनी बढ़ीं कि सस्पेंशन की अवधि ख़त्म होते ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को वापस झारखंड में ही नियुक्ति दे दी।

मरांडी ने कहा कि 2024 में चुनाव आयोग ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को अपने पद का दुरुपयोग करने का दोषी पाया और उन्हें हटाकर दूसरे डीजीपी की नियुक्ति की, लेकिन हद तो तब हो गई जब मुख्यमंत्री बनने के कुछ घंटों के अंदर ही हेमंत सोरेन ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश की अवहेलना करके अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। फिर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 7 जनवरी को आनन-फानन में ऑल इंडिया सर्विस रूल्स (1958) को दरकिनार करते हुए सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिए एक नई नियमावली ही बना डाली। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया सर्विस नियमों के अनुसार, सरकार को डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल की अनुशंसा यूपीएससी को भेजनी होती है, किंतु झारखंड सरकार ने अपनी मर्जी के नियम बनाकर यह जिम्मेदारी खुद ही ले ली। यह भली-भांति जानते हुए कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को रिटायर होने वाले हैं, सरकार ने सारे नियम-क़ानूनों को धता बताते हुए 3 फरवरी को उन्हें झारखंड का डीजीपी नियुक्त कर दिया। जानबूझकर रिटायरमेंट के दो महीने पहले नियुक्ति करना दर्शाता है कि वे नियुक्ति के बाद कम से कम दो साल डीजीपी बनाए रखने वाले नियम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस असंवैधानिक नियुक्ति के संदर्भ में गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को जो पत्र लिखा है, उसका जवाब में हेमंत सोरेन गृह मंत्रालय को ही पुनर्विचार करने को बोल रहे हैं। सरकार नियमों को ताक पर रखकर संवैधानिक पदों की गरिमा समाप्त कर रही है। उन्होंने कहा यह सिर्फ़ डीजीपी की नियुक्ति तक ही सीमित नहीं है। झारखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सीआईडी का कार्यभार भी गैर क़ानूनी तरीक़े से यही संभाल रहे हैं।

अनुराग गुप्ता के कार्यकाल में कोयले की चोरी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। भ्रमण के दरम्यान जब धनबाद इलाक़े में मुझे लोगों ने बताया कि उस इलाके से रोजाना पांच सौ ट्रक से भी ज़्यादा कोयले की चोरी हो रही है तो मैंने यह बात सरकार के संज्ञान लाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इस मामले में तो उस इलाके से आने वाले विधायक जयराम महतो जी ने तो यहां तक कह दिया कि बाबूलाल की जानकारी कम है, वहां तो रोज़ाना सात सौ से आठ सौ ट्रक कोयले की चोरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि जब वर्तमान में झारखंड की सुरक्षा और कानून व्यवस्था तालीबानी हुकूमत की तरह ऐसे व्यक्ति के हाथ में सौंप दिया जाए, जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप, अपने पद का दुरुपयोग करने के आरोप और धोखाधड़ी के आरोप लगे हों तो राज्य का भविष्य कैसा होगा, यह आप सभी भी अच्छे से समझ सकते हैं। सत्ता का ऐसा दुरुपयोग हेमंत सोरेन के राज में ही संभव है। मरांडी ने अविलंब राज्य में डीजीपी नियुक्त करने की मांग की। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 33.0° | अधिक. 32.8°
न्यून. 22.5° | न्यून. 21.2°
रांची, शनिवार
03 मई 2025
वर्ष-26, अंक-90, पृष्ठ-12

वैशाख शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

# अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का सीएम आज करेंगे शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे हरिवंश टाना भगत, इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में अधिवक्ताओं के समृद्ध भविष्य के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन योजना का शुभारंभ करेंगे। शुक्रवार देर शाम उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री तैयारी का निरीक्षण करने कार्यक्रम स्थल हरिवंश टाना भगत, इंडोर स्टेडियम, खेलगांव पहुंचे। तैयारी का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अति विशिष्ट अतिथियों, अधिवक्ताओं के लिए की गई तैयारी का निरीक्षण करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय शेष तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण




- संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश
- हरिवंश टाना भगत, इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित किया गया है कार्यक्रम

## 7 मई को झारखंड कैबिनेट की बैठक

### कई अहम प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 7 मई 2025 को झारखंड कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। सीएम की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में शाम 4 बजे से कैबिनेट की बैठक होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। सीएम



के विदेश यात्रा से लौटने के बाद यह पहली कैबिनेट की बैठक होगी। ऐसे में यह बैठक काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इधर राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मंईयां सम्मान योजना की अप्रैल माह की राशि भी अब तक लाभुकों को नहीं मिली है। इस पर भी कोई बड़ा अपडेट आ सकता है।

## एक नजर

### जैक बोर्ड: 5 मई तक जारी होगा मैट्रिक का रिजल्ट

**रांची ।** जैक बोर्ड 10वीं का रिजल्ट इसी महीने जारी हो सकता है। जानकारी के अनुसार झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने संभावित तारीख 5 मई बताई है। बताते चलें कि जैक बोर्ड 10वीं की परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित की गई थी। जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए थे। सभी को परिणाम का इंतजार है।

### चिली-अर्जेंटीना में 7.4 की तीव्रता का भीषण भूकंप सुनामी का अलर्ट जारी

**चिली-अर्जेंटीना।** हाल ही में थाईलैंड और म्यांमार में तबाही मचाने के बाद शुक्रवार को साउथ अमेरिका के कई देशों में जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया है कि शुक्रवार को चिली और अर्जेंटीना के दक्षिणी तटों पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया।

नेशनल हेराल्ड केस

### सोनिया और राहुल गांधी को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था।

# झारखंड में शीघ्र शुरू होगा खेल विश्वविद्यालय : मुख्य सचिव

## झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में खेल-कूद की गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर निखारने के लिए खेल विश्वविद्यालय खुलेगा। खेल विश्वविद्यालय का संचालन झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में होगा। शुक्रवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

उन्होंने निर्देश दिया कि एक कमिटी बनाकर बिहार के राजगीर में खुले खेल विश्वविद्यालय सहित अन्य राज्यों के खेल विश्वविद्यालयों का अध्ययन करें और झारखंड की जरुरतों के अनुसार उसका इस्तेमाल करें। उन्होंने खेल गांव में 200 एकड़ में फैले 4 इनडोर और 6 आउटडोर स्टेडियम सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के समुचित उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिया कि राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए और क्या बेहतर हो सकता है, उस पर फोकस करें। वह शुक्रवार को झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक को संबोधित कर रही थीं। शेष पेज 09 पर



### 200 एकड़ में चल रहा स्पोर्ट्स एकेडमी, बढ़ेगी खेलों की संख्या

बताते चलें कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल के बीच 50-50 प्रतिशत के योगदान से 2015 में 30 साल के लिए एमओयू हुआ था। दोनों के संयुक्त तत्वावधान में 2016 से रां ची के खेलगांव में स्कूली खेल प्रतिभाओं का चयन कर उन्हें निखारने के लिए रहने, खाने, पढ़ने के साथ विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा दी गयी है। यहां 1400 बच्चों के प्रशिक्षण की सुविधा है, लेकिन अभी यहां 92 लड़के और 128 लड़कियों को मिलाकर कुल 220 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षक और सपोर्ट स्टाफ की संख्या 47 हैं। मुख्य सचिव ने इसकी संख्या बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि फिलहाल स्पोर्ट्स एकेडमी में 11 खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष पेज 09 पर

### सीसीएल ने दिया 5 मेगावाट का सोलर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव

बैठक में स्पोर्ट्स एकेडमी के पार्टनर सीसीएल ने स्पोर्ट्स एकेडमी की गतिविधियों में बिजली की भारी खपत को देखते हुए खेल गांव में 5 मेगावाट का सोलर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव रखा। इसका खर्च सीसीएल अपने सीएसआर फंड से करेगा। बताया गया कि बिजली बिल की बचत के पैसे का उपयोग खेल गतिविधियों को और उन्नत बनाने में किया जाएगा। वहीं खेल-कूद विभाग की ओर से बताया गया कि खेल गांव में स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर 15 साल पुराना हो चुका है और उसके जीर्णोद्धार की जरूरत है। मुख्य सचिव ने इस दिशा में आगे बढ़ने का निर्देश दिया। बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, खेल-कूद विभाग के सचिव मनोज कुमार, स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह शामिल थे।

हाईकोर्ट ने दी प्राइवेट स्कूलों को बड़ी राहत

# संबद्धता के लिए नहीं देनी होगी प्रतिवर्ष फीस



- कोर्ट ने ग्रामीण क्षेत्र में 60 व शहरी में 40 डिसमिल जमीन अनिवार्यता को सही बताया
- प्राइवेट स्कूलों को इस नियम का पालन करने के लिए छह माह का समय दिया गया

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड के निजी स्कूलों को शुक्रवार को हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सहित झारखंड के कई प्राइवेट स्कूल संस्थाओं की ओर से दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। प्राइवेट स्कूलों ने राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत राज्य सरकार के वर्ष 2019 के रूल के तीन बिंदुओं को कोर्ट में चुनौती दी थी।

मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने तथा राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की थी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा संबद्धता के लिए आवेदन में प्राइवेट स्कूलों से प्रतिवर्ष कक्षा एक से कक्षा पांच तक के लिए 12,500 रुपए की फीस लेने एवं कक्षा एक से कक्षा आठ तक के लिए 25 हजार रुपए की फीस शेष पेज 09 पर

### हाईकोर्ट ने बायो मेडिकल वेस्ट के निपटारे पर रिपोर्ट दाखिल न करने पर जताई नाराजगी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के अस्पतालों, नर्सिंग होम और क्लीनिक से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के बारे में जिलों से रिपोर्ट नहीं दाखिल किए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली बेंच ने शुक्रवार को इससे संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य से संबंधित संवेदनशील विषय पर विभिन्न जिलों के प्रशासन की ओर से दो माह बाद भी जवाब नहीं आने से पता चलता है कि इस पर सरकारी तंत्र गंभीर नहीं है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों की रिपोर्ट दाखिल करने के लिए छह हफ्ते का वक्त मांगा गया, जिसे कोर्ट ने नामंजूर कर दिया। शेष पेज 09 पर

- 8 मई को होगी अगली सुनवाई

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

सीडब्ल्यूसी बैठक में बोले मल्लिकार्जुन खरगे

## पहलगाम हमले पर जवाब के लिए सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं

नई दिल्ली । एजेंसी


शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पहलगाम हमले पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। पहलगाम हमले के बाद सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्र सरकार को पूरी सहायता देने की बात कही। खरगे ने कहा कि पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है। हालांकि मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी आरोप लगाया कि पहलगाम हमले के बाद भी मोदी सरकार की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है।



**बैठक में कांग्रेस कार्य समिति की ओर से पारित प्रस्ताव :** सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से कई प्रस्ताव पेश किए गए। शेष पेज 09 पर

## जमशेदपुर में 3000 मुस्लिम बच्चों के फर्जी प्रमाण पत्र बने

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के चाकुलिया प्रखंड के मटियाबांधी गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां की कुल आबादी करीब 5000 है और सभी हिंदू-आदिवासी समुदाय से हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस गांव के पते पर करीब 3000 मुस्लिम बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बना दिए गए। इस मामले ने प्रशासन से लेकर आम जनता तक को चौंका दिया है और एक बड़ी साजिश की आशंका जताई जा रही है। इस गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है, लेकिन गांव के पते पर 3000 मुस्लिम बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बना दिए गए हैं।



- प्रशासन और जनता में हड़कंप जांच शुरू

# एसीबी की बड़ी कार्रवाई, दो घूसखोर गिरफ्तार

## कोडरमा से 10 हजार रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार, घर पर भी पड़ा छापा

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने कोडरमा अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत सुरेंद्र प्रसाद को 10 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम ने गिरफ्तारी के बाद उसके घर पर भी छापेमारी की। इसके बाद एसीबी की टीम उसे हजारीबाग ले गई और पूछताछ कर रही है। यह कार्रवाई हजारीबाग एसीबी की टीम ने की है। जमीन की ऑनलाइन एंट्री करने के एवज में राजस्व कर्मचारी ने रिश्वत में बड़ी रकम मांगी थी। शेष पेज 09 पर



### गिरिडीह में एलआरडीसी का क्लर्क 10 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले में धनबाद एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम ने शुक्रवार को बड़ा एक्शन लिया है। गिरिडीह के भूमि सुधार उपसमाहर्ता (एलआरडीसी) कार्यालय में पोस्टेड क्लर्क (लिपिक) मनीष कुमार भारती को रंगेहाथ 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद एसीबी की टीम उससे पूछताछ कर रही है।



**लंबित म्यूटेशन अपील वाद निबटाने के एवज में मांग रहा था घूस :** धनबाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम शुक्रवार को सीधे एलआरडीसी ऑफिस पहुंची और क्लर्क मनीष कुमार भारती को इलाही मियां (पत्नी झुना खातून) शेष पेज 09 पर

इंडिया

# जाति न पूछो साधु की, पूछो कौशल का ज्ञान

समता की राजनीति करने वाले लालू यादव के बाद अधिकांश जाति गणना में अपना वोट बैंक देख रहे थे, जबकि इसका आधार शिक्षा, स्वास्थ्य और पारंपरिक हुनरमंदी होना चाहिए। मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर जाति-जनगणना की घोषणा तो हो गई पर आदमी की जाति पर जो राजनीतिक बहस चलती रहती है, अगर उससे पशु-पक्षी और उसी निर्लिप्त भाव से काम करने वाले भी सहमत हो जाएं, तो उन्हें भी अपनी भागीदारी और हिस्सेदारी के आधार पर अपनी गणना और अधिकारों की मांग करनी चाहिए। आखिर वे भी तो इसी देश में रहते हैं। पर अब तक अनुभव में यही आया है कि वे अपने वनों में आपसी योगदान के बीच मिल-जुलकर जीवनयापन करते हैं। उनके बीच कोई छुआछूत और पिछड़ेपन का भाव नहीं है। वे अपनी कर्म कुशलता के अनुरूप सह अस्तित्व में जीते हैं। वनों की समृद्धि की तरह समाज की समृद्धि में उनका बड़ा योगदान है। जैसे मनुष्य योनि है, उसी तरह पशु-पक्षियों, कीट-पतंगों, वृक्ष-लताओं की भी अपनी योनि है। सभी योनियों के कर्म के आधार पर जाति का निर्धारण मनुष्यों ने ही अपने सुविधा के लिए किया है। खेती करने वाले मनुष्य खेतिहर और माटी से घड़ा बनाने वाले कुम्हार कहलाते हैं। गहने गढ़ने वाले सुनार, रस्सी बुनने वाले सुतार, लोहे का काम करने वाले लोहार, रुई धुनकने वाले धुनकर चमड़ा पकाकर जूते बनाने वाले मोची कहलाते हैं। सभी प्रकार की सेवा देने वाले शूद्र,व्यवसाय करने वाले वैश्य,रक्षा करने वाले क्षत्रिय और ज्ञान देने वाले ब्राह्मण ।सदियों से सबका जीवन इन कर्म आधारित नामवाली जातियों के रचनाशील कामों से ही चलता आया है और समाज इनका एहसान मानता आया है। पर अब उनके हाथों की कला छीनकर उन्हें मजदूर बनाया जा रहा है। कुम्हार, सुतार, लोहार, बुनकर से लेकर किसान तक सभी हुनरमंद लोगों के काम मशीनों को या मुफ्त सुविधाएं सौंपकर और उन्हें आलसी या अभावग्रस्त बनाकर उनके जीवन को राज्य पाने की लालसा से केवल वोटरों की सूची में शामिल कर दिया गया है। वे मुफ्त के आश्वासनों व अन्न पर जीवन गुजार रहे हैं। अपना गांव छोड़कर शहरों में मजूरी कर रहे हैं। आधुनिक सभ्यता के कचरे से बनी झुग्गी बस्तियों में जीवन काट रहे हैं। जाति तो कर्म सौंदर्य से पहचानी गई। इसी कारण


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



वह आदरणीय रही है। उसमें कहीं अस्पृश्यता का भाव नहीं है। प्रत्येक तीज-त्योहार में जातियों द्वारा गढ़े गए उपकरणों की आत्मीय भूमिका रही है। उनके बिना किसी राज्य का भी काम नहीं चला है। बीते जमानों में इन जातियों ने ही देश को अमीरी प्रदान की। पर इनके आधुनिक नेताओं ने बाजार से राजनीतिक सौदा करके जातियों के मूल्यवान कर्मों को उनसे छीनकर उन्हें पिछड़े वर्ग के बाड़ों में कैद कर दिया है। पहले जो अनीति देश में बाहर से आए फिरंगियों ने इन हुनरमंद जातियों के खिलाफ अपनाई, उसे ही हमारे नेताओं ने आजादी के बाद आगे बढ़ाया है। समता की राजनीति करने वाले लोग इन असहाय होती जा रही जातियों को सिर्फ अपने वोट बैंक को दिवालिया होने से बचाने के लिए गिनना चाहते हैं। इन राजनीतिक दलों के जातिगणना छल में हुनरमंद जातियों को उनके साधन लौटाने का कोई इरादा नहीं दिखता। हमारे नेताओं को यह समझ कब आएगी कि खाली हाथ बैठे लोग फितूरी होकर हिंसा को अपनाने लगते हैं। काम में लगे हाथों से ही मन में अहिंसा भाव जागता है। जो स्वयंभू सामाजिक संगठन यह कह रहे हैं कि जाति पंडितों ने बनाई, उन्हें तनिक सोचना चाहिए कि पंडिताई के कर्म में दीक्षित होने के कारण ब्राह्मण स्वयं एक जातिगत पहचान रखते हैं। पूजाकर्म में दक्ष लोग पुजारी कहलाते हैं। जाति तो कर्म आधारित समूहों का नामकरण है पर फिरंगियों ने इसे खूब बढ़ाया और भेदभाव को हवा दी। यह अलग बात है कि जो नेता देशसेवा के कर्म का दावा करते हैं, उन्होंने अपनी जातिगत पहचान ही खो दी है। जातिगत गणना की मांग करने वाले भांति-भांति के राजनीतिक दलों के कंप्यूटर में सभी आरक्षित और पिछड़ी जातियों का हिसाब-किताब पहले से ही मौजूद है। जिसके आधार पर वे वोट बटोरकर अब तक राज्यसुख भोगते आए हैं। पर वे अभावग्रस्त जातियां, जिस हाल में पड़ी हुई हैं, उसी बेहाली में किसी तरह गुजर-बसर करती रही हैं और ये दल उन्हें वोटरों को अपनी-अपनी बस्तियों में कैद किए रहने के उपाय करते ही रहते हैं। ये उस आरक्षण व्यवस्था पर भी पुनर्विचार नहीं होने देते, जिस पर इन दलों ने अपने वोट बैंक का जाल फैला रखा है।

जरूरत तो इस बात की है कि जनगणना का आधार शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी व पारंपरिक हुनरमंदगी हो। तभी अभावग्रस्त जातियां आर्थिक व सामाजिक पिछड़ेपन से निकलकर कर्मकुशलता पर आधारित लोकतंत्र की समृद्धि का सुख भोग सकेंगी। जैसे साधुओं की जात नहीं पूछी जाती, वैसे ही लोकतंत्र में जनता की जात नहीं पूछनी चाहिए। पूछना है, तो उसके कौशल का ज्ञान पूछो। आज यह पता लगाने की जरूरत है कि देश के जो पिछड़े जन परंपरागत उत्तराधिकार से जिस कारीगरी और हुनर को आज भी जानते हैं, उसकी गणना करके उसे नूतन स्वरूप देकर देश की समद्धि में किस तरह सहयोगी बनाया जा सकता है। अगर वे अदक्ष हैं, तो उन्हें कैसे कार्यकुशल बनाकर उनके अभाव दूर किए जा सकते हैं। गिनती गरीबों की होनी चाहिए, चाहे वे किसी भी जाति के हों। राज्य का उद्देश्य सभी पिछड़ गए लोगों की गरीबी दूर करना है। यह काम जाति पूछ लेने से नहीं होगा। वह तो हुनर की वापसी से होगा। सोशल मीडिया में एक पंक्ति वायरल हुई थी कि हर कोई बच्चों की पढ़ाई से लेकर अपना इलाज निजी संस्थाओं में कराना चाहता है पर सभी को नौकरी सरकारी ही चाहिए!

सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तानी परिवार के खिलाफ एक्शन पर लगाई रोक, कहा

# जब तक आईडी वेरिफाई नहीं हो जाती तब तक न भेजें वापस

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए हैं और उन्हें वापस उनके देश भेजा जा रहा है। इधर दशकों से भारत में रह रहे कई परिवारों ने उन्हें यहीं रहने देने की अपील की है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से जम्मू-कश्मीर के उस परिवार के 6 सदस्यों के पहचान पत्रों की पुष्टि करने को कहा जो पाकिस्तान भेजे जाने की कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि वे परिवार के छह सदस्यों के खिलाफ पाकिस्तान निर्वासित करने जैसी कोई बलपूर्वक कार्रवाई न करें। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अधिकारियों से कहा कि वे वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां रह रहे एक परिवार के 6 सदस्यों के खिलाफ पाकिस्तान वापस भेजने जैसी कोई दंडात्मक कार्रवाई तब तक न करें जब तक उनके पहचान पत्रों के सत्यापन पर आदेश नहीं आ जाता। इस परिवार के सदस्य कश्मीर के निवासी हैं और उनका बेटा बेंगलुरु में काम करता है। पहलगाम में आतंकवादी हमले के मद्देनजर उन्हें पाकिस्तान भेजा जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि यह मामला मानवीय पहलू से जुड़ा है। उसने परिवार को यह छूट दी कि दस्तावेज सत्यापन के आदेश से असंतुष्ट होने पर वह जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायालय ने अहमद तारिक भट्ट और उनके परिवार के पांच अन्य



शेष पेज 09 पर

## सीटी बजाओ अभियान 2.0 एक अभिनव और प्रभावी पहल

# सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर रांची जिला में शिक्षा में कई मानक बदलाव देखने को मिल रहा है। रांची जिला के शिक्षा व्यवस्था में काफ़ी बदलाव आ रहा है।

रांची जिला प्रशासन और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित "सीटी बजाओ अभियान 2.0" एक अभिनव और प्रभावी पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति, ठहराव (रिटेंशन), और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस अभियान ने न केवल रांची जिले में शैक्षिक परिदृश्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है।

यह अभियान बच्चों, शिक्षकों, और समुदाय के सहयोग से झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। हम इसे और अधिक व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीटी बजाओ अभियान 2.0 के तहत रांची जिला शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम कर रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी हितधारकों- शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय- से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की हम सभी मिलकर एक शिक्षित और सशक्त झारखंड का निर्माण कर सकें।





### झारखंड में स्कूली शिक्षा को प्रोत्साहित करने की अनोखी पहल

सीटी बजाकर अपने गांव, टोले, और कस्बों के बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित कर रहें है। "सीटी बजाओ अभियान" की शुरुआत सिमडेगा जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी, जिसके उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए इसे 2024 में पूरे झारखंड में लागू किया गया। रांची जिले में सीटी बजाओ अभियान 2.0 के तहत इस पहल को और अधिक व्यापक और प्रभावी बनाया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य है सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ, जिसके तहत स्कूल के हाउस कैप्टन और क्लास मॉनिटर सुबह-सुबह सीटी बजाकर अपने गांव, टोले, और कस्बों के बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करते हैं। इसके अलावे, अभियान ने सोशल मीडिया की शक्ति का उपयोग करते हुए बच्चों, शिक्षकों, और समुदाय को जोड़ने के लिए एक व्यापक डिजिटल कैंपेन शुरु किए गए है। इस संबंध में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा, "सीटी बजाओ अभियान 2.0 केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जो बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने और उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए समर्पित है। हमारा लक्ष्य है कि रांची जिले का हर बच्चा स्कूल जाए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे।

## आज / कल




## डीआईजी सह रांची एसएसपी ने 4 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में रांची के पिठोरिया थाना के तीन और पीसीआर के एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया गया है। निलंबित पुलिसकर्मियों में पिठोरिया थाना के मुंशी अजय पासवान, श्यामानंद पासवान, अमृत प्रसाद मेहता और पीसीआर-22 के आरक्षी नीरज कुजूर शामिल हैं। जानकारी के अनुसार औचक निरीक्षण के दौरान तीनों ही पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी से गायब थे। इसी आधार पर कार्रवाई करते हुए एसएसपी ने 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया है।



## सीयूजे प्रोफेसर डॉ शिखा को 40 लाख रुपए का शोध प्रोजेक्ट मिला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर, डॉ शिखा चौरसिया को भारत सरकार के एजुकेशन फाइनेंसिंग एजेंसी (हेफ़ा) द्वारा कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत "स्टैंडर्डाइजेशन ऑफ ग्रैविटी बेसेस माइक्रो इरीगेशन सिस्टम फॉर ट्राइबल फॉर्मर्स ऑफ छोटा नागपुर प्लेटू रीजन, झारखंड", नामक शोध प्रोजेक्ट को मंजूर किया गया है। हेफा, केनरा बैंक और शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इस प्रोजेक्ट के तहत उन्हें चालीस लाख रुपए मिलेंगे जिसमें उन्हें राज्य के सिंचाई संबंधित समस्या के समाधान पर कार्य करना होगा। इस शोध प्रोजेक्ट के बारे में डॉ चौरसिया ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से झारखंड राज्य के अधिकांश किसानों को लाभ होगा, जो क्षेत्र की फसल गहनता में वृद्धि करके खंडित भूमि जोत वाले छोटे और मझौले किसानों को फायदा पहुंचाएगा। छोटे पैमाने की ड्रिप सिंचाई प्रणाली के तहत ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र को सिंचाई व्यवस्था दी जा सकती है। इस प्रोजेक्ट से झारखंड राज्य की सिंचाई क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और पैदावार बढ़ेगी। कुलपति, प्रो केबी दास ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें विशेष रूप से बधाई दी तथा झारखंड राज्य के लिए सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। डीन- शोध एवं विकास, सीयूजे, प्रो अरुण कुमार पाढ़ी ने विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित परियोजना लाने के लिए उन्हें बधाई दी। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन, प्रो अजय सिंह ने भी बधाई दी।

# जातीय जनगणना के खिलाफ हैं राजधानीवासी



- जातीय जनगणना से नहीं होगा जनता का कोई फायदा
- **अपने वोट बैंक के लिए राजनेताओं की है बड़ी साजिश**
- कश्मीर की घटना से जनता भटकाने के लिए लिया गया यह फैसला : राजधानीवासी

**काजल मेहता**

**रांची।** केंद्र सरकार ने देश में आगामी जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया है। जहां एक तरफ कांग्रेस इसे अपनी जीत समझ रही है और राजनीतिक पार्टियां इस फैसले का स्वागत कर रही है। वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची की जनता ने इस फैसले के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया दी। कुछ लोगों ने कहा यदि ये जातीय जनगणना जनता के फायदे के लिए होती तो ठीक थी लेकिन फिलहाल ये फैसला सिर्फ वोट बैंक की तरफ नजर आ रहा है जो आपसी द्वेष पैदा करेगी।

**अधिवक्ता रोशनी टोप्पो :** अधिवक्ता रोशनी टोप्पो ने कहा जातीय



जनगणना बिलकुल भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा असल में यह जातीय जनगणना सरकार की सोची समझी साजिश है। इसमें सभी वर्गों को बांट दिया जाएगा और अपने-अपने अनुसार वोट बैंक बना लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की जिंदगी अपने अपने क्षेत्रों में आराम और इत्मिनान से चल रही है तो सरकार को इतने सालों बाद क्यों लग रहा की जातीय जनगणना करना चाहिए। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा जो इतने सालों में कभी नहीं हुआ वो अब क्यों किया जा रहा।

**सिविल कोर्ट के अधिवक्ता राजू कुमार :** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता राजू



कुमार ने कहा जातीय जनगणना जातिवाद को खत्म नहीं करेगा बल्कि जातीवाद को और बढ़ावा देगा, आरक्षण बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत में रोजगार के लिए हुनर और आर्थिक स्थिति को आधार बनाना चाहिए ना की जातीय जनगणना से नौकरी बांट कर हुनर और काबिलियत को कुचल देना चाहिए।

**सिविल कोर्ट अधिवक्ता प्रकाश रंजन :** सिविल कोर्ट अधिवक्ता प्रकाश



रंजन ने कहा जातीय जनगणना होना चाहिए ताकि ये पता चल सके की कौन सी जाति कमजोर है जिसे संभाला जा सके। लेकिन अभी जो जातीय जनगणना सरकार कर रही है यह सिर्फ वोट बैंक और राजनीतिक अखाड़े के लिए है। सभी जातियों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 वर्षों के बाद भी अगर ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं जिसे देख कर कहा जा सकता है की आने वाले समय में भारत अंधकार में है।

**कुमार अभिषेक प्रसाद :** राजधानी निवासी कुमार अभिषेक प्रसाद ने



जातीय जनगणना पर कहा कि इस जनगणना का आधार अभी तक समझ नहीं आ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा जातीय जनगणना होने के बाद फायदा किसको होगा ये जनता के लिए है या राजनीतिक फायदे के लिए है। जातीय जनगणना सामाजिक विद्वेष लाएगा। कुमार अभिषेक का कहना है कि इतने सालों में जाति आधारित जनगणना नहीं हुई फिर भी नौकरियों में आरक्षण मिल ही रही थी।

**अनिल कुमार :** राजधानी निवासी अनिल कुमार ने कहा कि जातीय



जनगणना से जनता को कोई फायदा नहीं है बल्कि नेताओं को फायदा मिलेगा। मौजूदा केंद्र सरकार ने जनता को 20 वर्ष पीछे धकेल दिया है। अंग्रेजों के समय में वर्ष 1931 में जातीय जनगणना की गई थी। फिर से एक बार इतिहास दोहराई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठा बताते हुए अनिल कुमार ने कहा राहुल गांधी की तुलना उनसे है ही नहीं। जातीय जनगणना सिर्फ और सिर्फ वोट बैक के लिए किया जा रहा है। अनिल कुमार का कहना है इस जनगणना से कुछ नहीं होगा मगर अपराध जरूर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अभी धर्म पूछ कर मारा गया है आने वाले समय में जाति पूछ कर मारेंगे।

**मिलन दूबे :** राजधानी निवासी मिलन दुबे ने कहा कि भारत को विकसित



देशों में शामिल होने के लिए क्वालिटी की जरूरत है ना की जाति और धर्म की। विकास और जाति धर्म का कोई मेल ही नहीं है। यह सिर्फ जनता के साथ खिलवाड़ है। हालांकि जातीय जनगणना के बाद भी आरक्षण बढ़ने की कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि कश्मीर की घटना से जनता को भटकाने के लिए इस फैसले को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मिलन दूबे ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व से इस तरह के फैसले की कोई उम्मीद नहीं थी। जातीय जनगणना के बाद जो आंकड़े सामने आएगी इसके बाद आपसी द्वेष बढ़ेगा।

## मोरहाबादी की चौपाल से

## घूस के मामले में गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की गई

**रांची।** मोरहाबादी की चौपाल से शुक्रवार को चौपाल में चिंता सभा आयोजित की गई। विषय था घूस के मामले में झारखंड का स्तर गिरते ही जा रहा है। 1000/2000 लेने पर भी एसीबी टीम पकड़ धकड़ करती है। यह भी अगर बंद हो गया तो इस विभाग का काम खत्म हो जाएगा। समाचार पत्र से विषय हट जाएगा। दूसरे राज्य से आने वाले लोग जब यहां का समाचार पत्र पढ़ेंगे तो उनको लगेगा राज्य में बहुत गरीबी है। चिंता इस बात की भी की गई कि अगर इसका बीज ही नष्ट हो गया तो आगे की पीढ़ी का क्या होगा? उनको बड़ी गाड़ियों, बड़े बंगलो का सुख कैसे मिलेगा। किसी ने कहा नीचे जब इतना बुरा हाल है तो ऊपर का हाल तो और खराब होगा। यही स्थिति रही तो सरकारी कर्मचारी, अफसर भी दूसरे राज्यों में चले जाएंगे जैसे रोजी-रोटी के लिए मजदूर, पढ़े-लिखे युवा ,व्यापारी उद्योगपति बाहर जा रहे हैं।

## सीसीएल ने निरीक्षण अभियान किया आरंभ

# सिस्टम की पूर्ण रूप से स्थापना के लिए त्वरित कदम उठाएं : पंकज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीसीएल के विजिलेंस विभाग द्वारा डिजिटल तकनीकों की पारदर्शी एवं प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दो-दिवसीय निरीक्षण अभियान आरंभ किया है। यह अभियान 2 और 3 मई 2025 को सीसीएल के समस्त क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत विजिलेंस विभाग की टीमें विभिन्न चेक पोस्ट एवं वेट ब्रिजों पर व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) तथा रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) आधारित बूम बैरियर्स की वर्तमान स्थिति एवं कार्यशीलता का गहन अवलोकन एवं मूल्यांकन कर रही हैं। इस अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने अर्गड़ा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वीटीएस एवं आरएफआईडी आधारित डिजिटल व्यवस्था की स्थापना, परीक्षण तथा चालूकरण की प्रक्रिया की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिस्टम की पूर्ण रूप से स्थापना एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी या संचालन संबंधित समस्या से बचने के लिए अभी से सक्रिय एवं सुधारात्मक प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। श्री कुमार ने अधिकारियों को यह भी स्मरण कराया कि वीटीएस एवं आरएफआईडी जैसी डिजिटल पहलों का प्रभावी क्रियान्वयन न केवल संचालन में दक्षता लाता है, बल्कि यह कोयला मंत्रालय द्वारा निर्धारित पारदर्शिता एवं जवाबदेही के उच्च मानकों की पूर्ति में भी सहायक है। यह भी उल्लेखनीय है कि 100 प्रतिशत डिजिटल कार्यान्वयन वर्तमान में कोयला मंत्रालय के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक है। इन तकनीकों का समुचित प्रयोग कोयला परिवहन, तौल प्रक्रिया, और सुरक्षा मानकों में सुधार लाने का सशक्त माध्यम है। सीसीएल प्रतिबद्ध है कि वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से अपने कार्यप्रणालियों को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं कुशल बनाए। विजिलेंस विभाग का यह निरीक्षण अभियान इसी दिशा में एक ठोस प्रयास है।

## छिनतई करने वाले गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची के अलग-अलग इलाके में छिनतई करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने सदर थाना क्षेत्र के कोकर स्थित साधु मैदान के पास दो अपराधी को गिरफ्तार किया। इनके द्वारा दिए जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने छिनतई किया हुआ सोने के जेवरात को खरीदने वाले दो जेवर कारोबारी को भी पकड़ा। गिरफ्तार लोगों में मो अयाज अहमद उर्फ रजत, मो शाहिद, प्रेम कुमार वर्मा और राजकुमार हैं। इनके पास से पुलिस ने गलाया हुआ 16 ग्राम सोना, आठ ग्राम के सोने की दो चेन, दो स्मार्ट फोन, 5800 रुपया बरामद किया। शुक्रवार को एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

## डीपीएस में ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन

# 1040 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 30 अप्रैल से 2 मई तक 3 दिवसीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य विभिन्न ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राज्य और जिला रैंक प्राप्त करने वाले 1040 छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कक्षा एक से चार तक के 442 छात्रों को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ के कमांडेंट दीपक कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय कुमार उपस्थित थे। उनकी प्रेरक उपस्थिति ने समारोह को समृद्ध बना दिया और उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा की सराहना की। 1 मई को आयोजित समारोह के दूसरे दिन, कक्षा पांच से सात के 256 छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समापन दिवस 2 मई को कक्षा आठ से 12 तक के 342 छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ आरके झा ने कहा कि हमारे छात्रों को ऐसे प्रतिष्ठित स्तरों पर उत्कृष्टता प्राप्त करते हुए देखना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। ये उपलब्धियां उनके समर्पण, माता-पिता के अटूट समर्थन और हमारे प्रतिबद्ध शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिबिंब हैं। डीपीएस में हम एक ऐसा मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं जहां विद्यार्थियों को गंभीरता से सोचने, उच्च लक्ष्य रखने और सीमाओं से परे हासिल करने के लिए पोषित किया जाता है।

## मेदांता अस्पताल परिजनों को शव देने से किया इंकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मदद की गुहार**

हजारीबाग की रहने वाली मुमताज बेगम को इंफेक्शन के कारण 19 अप्रैल को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं दो मई को उनका निधन हो गया। इस क्रम में अस्पताल ने हमें करीब 9 लाख रुपए का बिल दिया, जिसमें मृतक के परिजनों ने 5.5 लाख रुपए बिल जमा कर दिए। इसके बाद अस्पताल वालों ने बाकी की पैसे मांगने लगे। परिजनों ने जब देने में जब समर्थता जताई तो अस्पताल ने शव देने से इंकार कर दिया। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने कहा-जबतक पूरा पैसा जमा नहीं करेंगे, लाश नहीं मिलेगी। जहां जाना है, जाइए। इस संबंध में मृतक की बेटी शफक फातिमा ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से ट्वीटर पर मदद की गुहार लगाई है।




## एक नजर

### चान्हो के परसातरी गांव में भाई ने की भाई की हत्या

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के परसातरी गांव में पतरस केरकेट्टा ने अपने ही भाई सुधीर करकेट्टा की हत्या कर दी। यह घटना गुरुवार मध्य रात्रि की बताई जा रही है। घटना चान्हो थाना क्षेत्र परसातरी गांव में हुई है जहां आपसी विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई को जान से मार डाला। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार 10 बजे रिम्स भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पतरस करकेट्टा को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है

### बाढ़ू गांव में पहलगाम शहीदों के लिए निकला गया मौन जुलूस

**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के ग्राम बाढ़ू में पहलगाम में मारे गए 28 शहीदों की याद में मंगलवार को बाढ़ू के अखरा के सामने सेमर टोली, नावा टोली बरवा टोली गांव के लोग जुटे। जिसमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल हुईं। सभी ने अपने हाथों में कैंडल पकड़ कर आतंकवाद मुक्त भारत हो की बात कही। बाढ़ू पंचायत मुखिया सुनीता देवी व उप मुखिया जावेद आलम की अध्यक्षता में मौजूद लोगों ने पाकिस्तान का नाम के साथ आतंकवाद को जड़ से मिटाना है देश को बचाना है के नारों के साथ 2 मिनट का मौन रख। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर बाढ़ू पंचायत मुखिया सुनीता देवी, जावेद आलम, सलमान अंसारी, सुषमा देवी, मजीदन खातून समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय में बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें

**खलारी।** उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में पैरेंट्स टीचर्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से छह के विद्यार्थियों के माता-पिता व अभिभावक शामिल हुए। शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन द्वारा की गई। विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। शिक्षिका कलविंदर कौर ने एनईपी 2020 के बारे में तथा शिक्षक अम्बुज कर्मकार ने रिपोर्ट कार्ड संबंधी जानकारी दी। शिक्षिका रोजी मगदली टोप्पो ने अनुशासन तथा शिक्षिका नैना भारती कुजूर व सृष्टि शिवा ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की जानकारी दी। प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुअल ने कहा की बच्चे को अनावश्यक रूप से विद्यालय में अनुपस्थित न होने दें। विद्यालय में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। कहा कि इस वर्ष से विद्यालय में संगीत की शिक्षा आरंभ होगी तथा अन्य नई गतिविधियां की जाएंगी। जिसके लिए अलग से समय दिया जाएगा ताकि विद्यालय के पठन-पाठन में बाधा न आए।

# इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स परीक्षा में बच्चों का बेहतर प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मूरी के 72 बच्चो ने स्वर्ण पदक लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। जिसमे कक्षा प्रथम से बारहवी तक के बच्चो ने भाग लिया था। विद्यालय प्रांगण में आज सभी विजेता प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक एवम् प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के परीक्षा छात्र छात्राओ के स्वर्णिम विकास में सहायक होते हैं। उन्हें खुद को बेहतर साबित करने का मौका भी मिलता है। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहे की इस तरह के प्रतियोगिता परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन बच्चों के कड़ी मेहनत और लगन को दिखाता है और सभी को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। स्कूल के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी विजेताओं को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की लिए शुभकामनाएं दिए एवम् स्कूल के सभी शिक्षकों का अभूतपूर्व योगदान एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए सभी को धन्यवाद दिए और कहे कि आगे भी इस तरह के प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने के लिए बच्चों का उत्साह बढ़ाते रहे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मनीषा सिंह, वंदना कुमारी, वि. वेंकट राव, किशोर कुमार, अजय चिक बराईक, सीमा झा, आस्था साहू, डौली कुमारी, जयंत कुमार , राहुल कु. मिलन, अनुराग कुमार, संजुक्ता सिंह देव,प्रीति नन्दा, सुशील कुमार, एन. सि. साहू एवम् सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बाढ़ू गांव में पहलगाम शहीदों के लिए निकला गया मौन जुलूस

## आतंकवाद के खात्मे के लगे नारे

**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**
कांके प्रखंड के ग्राम बाढ़ू में पहलगाम में मारे गए 28 शहीदों की याद में मंगलवार को बाढ़ू के अखरा के सामने सेमर टोली, नावा टोली बरवा टोली गांव के लोग जुटे। जिसमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल हुईं। सभी ने अपने हाथों में कैंडल पकड़ कर आतंकवाद मुक्त भारत हो की बात कही। बाढ़ू पंचायत मुखिया सुनीता देवी व उप मुखिया जावेद आलम की अध्यक्षता में मौजूद लोगों ने पाकिस्तान का नाम के साथ आतंकवाद को जड़ से मिटाना है देश को बचाना है के नारों के साथ 2 मिनट का मौन रख। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर बाढ़ू पंचायत मुखिया सुनीता देवी, जावेद आलम, सलमान अंसारी, सुषमा देवी, मजीदन खातून समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### एनसीईआरटी की बैठक में शामिल हुए रामदास सोरेन



**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की 59वीं सामान्य परिषद बैठक में शामिल हुए। बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय मानव संसाधन विकास (शिक्षा विभाग) मंत्री एवं एनसीईआरटी के अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित हुई। इसमें सभी राज्यों के शिक्षा मंत्री उक्त काउंसिल के सदस्य होते है।

## न्यूज | बॉक्स

### अनुभूति और सम्यक अभिव्यक्ति संप्रेषण की कला है : डॉ जंग बहादुर पांडेय



**रांची।** राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संप्रेषण कला पर पर दो सत्रों में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे रांची विश्वविद्यालय रांची के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि अनुभूति की सम्यक अभिव्यक्ति संप्रेषण कला है। यह आदर्श शिक्षक की एक महत्वपूर्ण कसौटी है। अपनी बात को बेहतर से बेहतरीन ढंग से श्रोताओं के पास पहुंचाना संप्रेषण कला का वैशिष्ट्य है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के पूर्व मुख्य तकनीकी पदाधिकारी डॉ अंजेश कुमार ने अपने व्याख्यान में संप्रेषण कौशल की तकनीकी जानकारियों को बताया और कहा कि संप्रेषण अपने को व्यक्त करने एवं दूसरे को समझने की कला है। यह उस समय प्रभावशाली होता है, जब आप जिस बात को अभिव्यक्त करना चाहते हैं। वह ठीक उसी ढंग से दूसरे तक पहुंच सके। जब कोई व्यक्ति अपने विचारों और भावनाओं को स्पष्ट और सटीक रूप से व्यक्त करता है तथा दूसरे को समझाने में सफल होता है- प्रभावी संप्रेषण कहलाता है । विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद के संस्थापक प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद ने कहा कि संप्रेषण आदर्श शिक्षक की एक महत्वपूर्ण कसौटी है।

### निदेशक ने एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर का किया दौरा



**रांची।** बेड़ो के जरिया में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय निदेशक राजेश्वरी एमएस ने पलाश उत्तम कृषि प्रसंस्करण इकाई सह जरिया आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेडह्व की सदस्याओं के साथ वार्ता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के दौरान राजेश्वरी एमएस ने जरिया पंचायत के कतमार्ली गांव में स्थित एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर का दौरा किया और सीएलएफ की दीदियों से संवाद किया। दीदियों ने एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट की शुरूआत की यात्रा साझा की और बताया कि अब तक वे 14 लाख रुपए का व्यवसाय कर चुकी हैं। संवाद के दौरान आजीविका कृषक सखी, आजीविका पशु सखी, नवजीवन सखी, एसडी सीआरपी और उत्तम दीदियों ने भी अपने-अपने कार्यों की जानकारी दी। राजेश्वरी ने सभी के कार्यों की सराहना की और उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में पीएम लाइवलीहुड संजय भगत, पीएम वैल्यू चेन खालिद हुसैन, इमैगो टीम, डीपीएम निशिकांत नीरज, डीपीसी जिका अभिषेक चंद, डीएम एसएमआईबी देबाशीष चाकी तथा समस्त बीयूएमएमयू बेड़ो टीम उपस्थित थे।

### महादेव मंडा पूजा का हुआ समापन



**अड़की ।** अड़की में महादेव मंडा पूजा का भव्य आयोजन शुक्रवार को भोक्ता झुलन कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर तीन दिनों तक पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ उपवास रखा गया और गांव की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।महादेव मंडा पूजा के दौरान आयोजित कार्यक्रम गुरुवार की रात्री जागरण में भोक्ता नाच, छप्पल छप्पल डांस और छौ नृत्य जैसे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूले लगाए गए थे।शुक्रवार को मुख्य कार्यक्रम भोक्ता झुलन के साथ ही महादेव मंदिर के चारों ओर भोक्ता-भक्तिनियों द्वारा शिवजी के जय-जयकार के नारे लगाते हुए परिक्रमा की गई और मंडा पूजा संपन्न हुई। मंडा पर्व को सफल बनाने में योगदान मंडा पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में कई लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनमें श्रवण मुंडा, प्रदीप मुंडा, रामकृष्ण मुंडा, पूर्ण मुंडा, बूढ़न सिंह मुंडा, खुदीराम मुंडा, राजेश मुंडा, सुधीर मुंडा, रामचंद्र मुंडा, ईश्वर सिंह मुंडा, मनसा मुंडा, नंदो मुंडा, नरेश मुंडा, संतोष महतो और अड़की के खुंट मुंडाओं का नाम उल्लेखनीय है।

### बायोमेट्रिक हाजरी बनाने का विरोध, गेट मीटिंग में हुई नारेबाजी

**खलारी।** एनके एरिया का संयुक्त मोर्चा व रैयत विस्थापित मोर्चा ने केडीएच वर्कशाप में बायोमेट्रिक से हाजरी बनाने को लेकर गेट मीटिंग किया। अध्यक्षता गोल्डन यादव ने की। कामगारों ने प्रबंधन के विरोध में जमकर नारेबाजी की। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए श्रमिक संगठन के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन कामगारों को बंधुआ मजदूर बनाना चाह रही है। मजदूरों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल रही है। बहुत सारे मजदूरों को क्वाटर नहीं मिला है। कार्यस्थल पर न ही रेस्ट शेल्टर है न ही शुद्ध पीने का पानी है। वेजेस एक्ट में फॉर्म ह्यडीह्न रजिस्टर में हाजरी बनाना है। बायोमेट्रिक सिस्टम ठेका मजदूरों के लिए लागू किया गया था। लेकिन प्रबंधन जबरन सीसीएल के मजदूरों पर बायोमेट्रिक से हाजरी बनाने के लिए दबाव बना रही है। कामगार इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे। गेट मीटिंग को मुख्य रूप से सुनील सिंह, मिथलेश सिंह, पिंकू, राजेंद्र व नरेश गंझू ने संबोधित किया। संचालन रामलखन गंझू ने किया।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ महारैली होगी ऐतिहासिक : मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें आगामी 6 मई को रांची के पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित होनेवाली संविधान बचाओ महारैली की सफलता को लेकर सांगठनिक गतिविधि की चर्चा की गई। मौके पर कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो प्रखंड कार्यालय परिसर में कांग्रेस की प्रखंड कमिटी , मंच मोर्चा के पदाधिकारी , पंचायत पदाधिकारी सहित पार्टी के अगुवा नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि देश का हर एक नागरिक संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है। झारखंड की राजधानी रांची में लोगों का जन सैलाब संविधान बचाओ महारैली में देखने को मिलेगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बीजेपी के राजनीतिक मंसूबों को समझने और उसका जवाब देने के लिए सबको तैयार रहना होगा। संविधान को कमजोर कर बीजेपी देश में अपनी मनमानी और सामाजिक समरसता को बिगाड़ने में लगी है। इस षडयंत्र का जवाब सामाजिक एकता है और जन जागरूकता के माध्यम से देना होगा।

### खलारी में ट्रेन से गिरकर जख्मी हुआ किशोर



खलारी। खलारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान एक 15 वर्षीय किशोर गिर कर घायल हो गया। बताया गया कि किशोर का पैर पायदान से फिसलने के कारण वह कोच के नीचे चला गया। वहां मौजूद आरपीएफ जवान एवं स्टेशन मैनेजर की सतर्कता से बालक को निकाला गया। सीसीएल द्वारा भेजे गए एंबुलेंस की मदद से उसे सीसीएल सेंट्रल अस्पताल लाया गया। जहां डालसा चाइल्ड प्रोटेक्शन खलारी के मुन्नू शर्मा ने जख्मी बालक को इलाज में सहयोग किया। उन्होंने बालूमाथ के बरियातू टिंडा टोला में उसके परिवार का पता लगाकर कर उन्हें घटना की जानकारी दी और डकरा अस्पताल बुलाकर रात्रि में किशोर को घर भेजा।

## ऑटो की टक्कर में बाइक सवार की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग थाना क्षेत्र के लापुंग डाढ़हा सड़क पर परसा गांव के निकट एक ऑटो की जबर्दस्त टक्कर में बाइक सवार दानेकेरा निवासी 21 वर्षीय चिंटु कुमार सोनी पिता स्वर्गीय दशरथ कुमार सोनी की मौत हो गई। घटना अपराह्न लगभग 4:00 बजे की है। अगर उसे समय पर अस्पताल पहुंचाया जाता तो उसकी जान बच सकती थी। लेकिन ऑटो वाले ने उसे गिरा हुआ देखकर अपनी ऑटो रोकी और उसे देखकर भाग निकला। गांव वालों ने भी कोई मदद नहीं की। बाद में संतोष नामक युवक ने घायल को पहचान कर दानेकेरा में कामेश्वर सोनी को फोन किया। घर वालों को खबर मिली तो दानेकेरा गांव से युवक की मां संजीता देवी, युवक की चाची शशी देवी सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और लालगंज गांव से एक ऑटो वाले को बुक कर लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे रिम्स रेफर कर दिया। दुर्भाग्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई एंबुलेंस भी उपलब्ध नहीं मिला अन्ततः फि र परिजनों ने एक बोलेरो को 2500 रुपए में बुक कर गंभीर रूप से घायल युवक को रिम्स भेजा। लेकिन एंबुलेंस में ऑक्सीजन सहित अन्य सुविधा नहीं होने के कारण युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। पति की मौत की खबर सुनकर चिंटु की पत्नी मनीषा देवी अपनी छह माह की इकलौती बच्ची आरोही को गोद में लेकर रो रोकर मूर्छित हो जा रही है। खबर लिखे जाने तक सभी लोग उसे संभालने में लगे हैं। घायल युवक को छोड़कर ऑटो वाले के भागने, समय से हॉस्पिटल नहीं पहुंचाने तथा सीएचसी में एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों ने काफी आक्रोश देखा गया।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने अस्थाई प्याऊ व चलंत प्याऊ का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर वर्ष तीव्र गर्मी मे अमृत धारा कार्यक्रम के अंतर्गत आमजनो की सेवा और सुविधा के लिए कई पियाउ की सेवा देती है। इस वर्ष भी आमजनो को साफ एवं शीतल जल उपलब्ध करने के उद्देश्य से शुक्रवार को हरमु रोड स्थित मारवाड़ी भवन मे अस्थाई प्याऊ एवं चलंत प्याऊ का शुभारंभ किया गया। रांची शाखा 108 घडों के साथ अस्थाई प्याऊ का शुभारंभ किया जो शहर के विभिन्न स्थानों पर आमजनो की सेवा के लिए लगाया जायेगा। साथ है 2 चलंत प्याऊ का भी उद्घाटन किया गया जो की नगर मे भ्रमण कर आमजनों को गर्मी से राहत देने के लिए शीतल जल, आमपानी, सत्तु पानी, ग्लूकोज तथा शरबत निःशुल्क प्रदान करेगा। प्याऊ का उद्घाटन मंच के प्रांतीय अध्यक्ष युवा विशाल पाड़िया,मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं चलंत प्याऊ के मुख्य सहयोगकर्ता नीरज जैन द्वारा फीता काट के किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के अमृत धारा प्रभारी अनीश सरावगी एवं यश सुरेका है। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौरव काबरा, प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पड़िया, मंडलीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय सहायक मंत्री विकाश अग्रवाल के साथ मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला एवं मंच के कई पूर्व अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित थे साथ ही रांची के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुसज्जित किया एवं सफल बनाया।



◆ प्याऊ का उद्घाटन मंच के प्रांतीय अध्यक्ष युवा विशाल पाड़िया,मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं चलंत प्याऊ के मुख्य सहयोगकर्ता नीरज जैन द्वारा फीता काट के किया गया

# शिक्षक अजय झा बने खेलों इंडिया के तकनीकी पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय धुर्वा के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अजय झा को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के अंतर्गत मलखंब खेल के प्रतियोगिता को सफल संचालन के लिए तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया है । श्री झा झारखंड के सभी कोटि के विद्यालय में वरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं, जो नियमित रूप से 33 वर्षों से विद्यालय में शिक्षण कार्य के अलावा विभिन्न खेलों में मलखंब, खो-खो,कबड्डी, आत्या-पात्या, योग, क्रिकेट, फुटबॉल, स्कावश, एथलेटिक्स बैडमिंटन एवं अन्य खेल में हजारों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2025 गया (बिहार) में मलखंब प्रतियोगिता 5 से 8 मई 2025 तक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बोधगया के प्रांगण में आयोजित की गई है। श्री झा को 3 मई को रिपोर्ट करना है। श्री झा झारखंड के पहले तकनीकी अधिकारी है जिन्हें मलखंब खेल में लगातार चौथीं बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। खेलों इंडिया यूथ गेम्स के तहत मलखंब खेल में झारखंड से एकमात्र तकनीकी अधिकारी बनने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, कार्यालय के प्रधान लिपिक जीतेन्द्र सिन्हा, लिपिक राजेश कुमार, मलखंब संघ के राज्याध्यक्ष जगदीश सिंह जग्गू,अखिलेश्वर उपाध्याय, चन्द्र कांत लाल, आशुतोष द्विवेदी, सहजाद कुरैशी, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, बीएसपी विद्यालय धुर्वा के सचिव सजल बनर्जी, प्रधानाध्यापिका मंजू रानी डे, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, चंचल भट्टाचार्य एवं जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार के अतिरिक्त कई लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

**श्री झा झारखंड के पहले तकनीकी अधिकारी है जिन्हें मलखंब खेल में लगातार चौथीं बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है**



### मजदूर दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

## मजदूरों का शोषण सदियों से होता आ रहा है : प्रो. मजहर इमाम



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी**
मजदूर दिवस पर अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड एवं सफदर इमाम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शायर शहाब हमजा के आवास में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे फाउंडेशन के प्रो. मजहर इमाम ने कहा कि मजदूरों का शोषण सदियों से होता आ रहा है और यह सिलसिला आज भी जारी है। हमेशा श्रमिकों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई गई है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी आवाजों को हमेशा दबा दिया गया है। श्रमिकों को उनके अधिकार और इंसाफ दिलाने के लिए दुनिया भर में मजदूर दिवस मनाया जाता है। आज के इस काव्य-सभा का आयोजन श्रमिकों के अधिकारों की आवाज बनने के उद्देश्य से किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित शायरों ने एक से बढ़कर एक शायरी प्रस्तुत किये। इस अवसर पर जहां युवा शायर आरिश निजाम ने अपनी शायरी से समां बांधा, वहीं शायर शहाब हमजा और जीशान अल्तमश ने बेहतरीन शायरी पेश की। संचालन शाहब हमजा ने किया। मौके पर नौशाद अख्तर, अंजुम जमाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल में शांति शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

# सफलता वही है जहां संतोष और खुशी हो : डॉ माया




**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**
चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल होचर में एक शांति शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रेम रावत के शांति शिक्षा मिशन को आगे बढ़ाने और आज के युवा को सही मार्गदर्शन देने के लिए उनकी टीम के सदस्यों ने बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम में टीम के सदस्यों का स्वागत विद्यालय के उप निदेशक एसके सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में उदय कुमार, सतीश कुमार, संजू ओढार, कृष्ण चंद्र तथा शेखर की टीम शामिल थी। सदस्यों ने वीडियो के माध्यम से प्रेम रावत के द्वारा दिए गए संदेश को साझा करते हुए बताया कि जीवन में शांति सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। आज के नौजवानों को अपने मानवीय मूल्यों को जीवित रखना चाहिए और अपने चरित्र पर नियंत्रण रखना चाहिए तभी वे जीवन की सही उपलब्धियों को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में कक्षा नौवीं, दसवीं तथा बारहवीं के विद्यार्थी उपस्थित थे जिन्होंने बहुत ध्यानपूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा प्रेम रावत के विचारों का लाभ प्राप्त किया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ माया कुमार ने कहा कि सफलता वहीं है जहां आपमें संतोष और खुशी हो और आप अपने आसपास के लोगों को भी खुशी प्रदान कर सकें। यह तभी संभव है जब आप अपने विद्यार्थी जीवन में मानवीय मूल्यों जीवित रखें तथा अपने चरित्र को अनुशासित रखें। जीवन का सही लक्ष्य तभी प्राप्त होगा और तभी वास्तविक सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्वेता त्रिपाठी के साथ- साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं।

## एक नजर

### आस्था शरण को पूर्व सैनिकों ने किया सम्मानित

**हजारीबाग।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन द्वारा जरहिया, बरही निवासी शिव शरण गोप एक्स एयरफोर्स की पुत्री आस्था शरण को वढरउ 2024 में 354 वीं रैंक प्राप्त करने पर संगठन का ममेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि आस्था शरण कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट आईआईटी भी क्वालीफाई किया था और एक मल्टीनेशनल कंपनी में 32 लाख सालाना का पैकेज छोड़कर सिविल सेवा की राह चुनी। केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने आस्था शरण को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई है कि वढरउ 2025 में पहला रैंक आए। वहीं सचिव ह. कैप्टन अवध कुमार भारती रिटायर्ड ने कहा कि आस्था और बच्चों के लिए प्रेरणा है।

### झारखंड में दिखा मौसम का कहर बिजली गिरने से 2 बच्चों की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के कई जिलों का मौसम पूरी तरह बदल गया है। बदले हुए मौसम का कहर गुरुवार को देखने को मिला है। रामगढ़ के पतरातू थाना अंतर्गत हफूआ गांव में विगत गुरुवार को ठनका से एक ग्यारह वर्षीय मासूम बच्चों अविनाश कुमार मुंडा, पिता किरण मुंडा की मौत हो गई है। जबकि दो बच्चा 12 वर्षीय मोहित कुमार मुंडा, पिता सोहन मुंडा और 10 वर्षीय विक्की कुमार मुंडा, पिता किरण मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हफूआ गांव के एक ही घर के तीन बच्चे अविनाश कुमार मुंडा, पिता किरण मुंडा, मोहित कुमार मुंडा, पिता सोहन मुंडा, विक्की कुमार मुंडा, पिता किरण मुंडा हफूआ पंचायत भवन के निकट अपने घर के सामने ही छाता लेकर बजरी लाने के लिए गए थे। जहां पर ये हादसा हुआ।

### सीसीएल ने दर्जन भर कर्मियों को किया पुरस्कृत

**गिद्दी।** सीसीएल हेडक्वार्टर रांची में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ग्रुप बी में अरगड्डा एरिया को 1, गिद्दी परियोजना को 1, रेलीगढ़ा परियोजना 1 को पुरस्कार दिया गया। साथ ही अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी ए परियोजना के 6, रेलीगढ़ा परियोजना के 4 कर्मियों के साथ अरगड्डा के कांट्रेक्टर के 3 उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया है। समारोह में अरगड्डा क्षेत्र के जीएम एसके झा, पीओ आरके सिन्हा, एएन सिंह, आशुतोष रंजन समेत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह सहित अधिकारियों ने कप, चेक और प्रशस्ती पत्र देकर पुरस्कृत किया है। इसे लेकर अरगड्डा क्षेत्र को पुरस्कार मिलने से क्षेत्र के अधिकारी और कर्मियों ने हर्ष जताया है।

#### कल होने वाली नीट परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# तीन केंद्रों पर 905 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
4 मई 2025 को रामगढ़ जिले में होने वाली नीट परीक्षा 2025 के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा रीना कुजूर द्वारा उपायुक्त पुलिस अधीक्षक, केंद्र अधीक्षकों सहित अन्य को जानकारी दी गई की नीट परीक्षा 2025 के तहत 4 मई को रामगढ़ जिले के तीन परीक्षा केंद्रों आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़, केंद्रीय विद्यालय रामगढ़, केंद्रीय विद्यालय बरकाकाना में अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में रामगढ़ जिला अंतर्गत तीन केंद्रों पर 905 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नीट परीक्षा के तहत जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कदाचार मुक्त तरीके से परीक्षा का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए परीक्षा के दौरान उनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की गई तैयारी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल रामगढ़ को परीक्षा के दिन नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपायुक्त में परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों की अच्छी तरह से फ्रिस्किंग करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला शिक्षा अधीक्षक, केंद्र अधीक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीसीएल के सीवीओ ने अरगड्डा क्षेत्र के डिजीटल चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

**गिद्दी।** सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार ने शुक्रवार को अरगडडा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरी में बने डिजीटल चेकपोस्ट (इंट्री एक्जिट चेकपोस्ट) का निरीक्षण किया। इस दौरान सीवीओ ने क्षेत्र के जीएम, एसओसी और पीओ से निर्माण कार्य के बारे में पूरी जानकारी ली। इस दौरान सीवीओ गिद्दी ए, सिरका और रेलीगढ़ा पारियोजना में बने चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। बता दें अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरी परियोजना में 5 डिजीटल स्वचालित चेकपोस्ट बने हैं। जिसमें गिद्दी ए परियोजना में 1, सिरका परियोजना में 1 और गिद्दी सी परियोजना में 2 डिजीटल स्वचालित चेकपोस्ट बने हैं।

## न्यूज बॉक्स

### गरीब बेटियों के सपनों को संवार रहे हैं सांसद मनीष जायसवाल : धनंजय कुमार



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद बेटियों की शादी में सहयोग प्रदान करने हेतु लहंगा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद के कोठार एवं गोसा में सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस (मीडिया), नगर परिषद मंडल सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, भाजपा नेता सुरेंद्र रविदास, सुनील प्रसाद साहू की उपस्थिति में श्री राम लहंगा वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां जरूरतमंद बालिकाओं के बीच लहंगा वितरित किया गया। इस अवसर पर लाभान्वित बालिकाओं और उनके परिजनों ने सांसद के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि लहंगा पाकर बेटियों के चेहरे पर जो मुस्कान आई है, वह उनके अरमानों को पूरा करने जैसा है। धनंजय कुमार पुटूस ने बताया कि सांसद मनीष जायसवाल पूरे लोकसभा क्षेत्र में इस प्रकार के मानवीय और सहानुभूतिपूर्ण कार्य लगातार कर रहे हैं, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी में सहयोग प्रदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। यह कार्यक्रम न सिर्फ एक सामाजिक सहायता का उदाहरण बना बल्कि इसने यह भी दशार्या कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, सेवा भी हो सकता है।

### श्रोत्रिय ब्राह्मण महासंघ ने गैड़ा में परशुराम जयंती का किया आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैड़ा में अखिल भारतीय श्रोत्रिय ब्राह्मण महासंघ के द्वारा परशुराम जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरदीप पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय, नवयुवक संघ के अध्यक्ष अभय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष पंकज पांडेय समेत अन्य लोगों ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित राजेश पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण किया गया तथा माल्यार्पण और जयकारे के साथ पूजा संपन्न किया गया। पूजा के पश्चात लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान चंद्रदीप पांडेय ने कहा कि विश्व के महान ऋषि जन्मदागनी और उनके परिवार रेणुका के पांच पुत्रों में से कनिष्ठ पुत्र भगवान परशुराम जो विष्णु भगवान के छठा अवतार हैं, आज हम लोग उनका जन्म दिवस मना रहे हैं। इस मौके पर भोला पांडेय, रोहित पांडेय, रंजीत पांडेय, शिवराम पांडेय, कुमार सौरव, अभिषेक पांडेय, राजेश पांडेय, दिलीप पांडेय, जयंत पांडेय, विकास पांडेय, हीरालाल पांडेय, मयंक पांडे, सुजीत पांडे, सुशील, उत्कर्ष, जयदेव, अंकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

### तेज आंधी तूफान में सड़कों पर छाया अंधेरा चालकों को वाहनों की लाइट जलानी पड़ी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे तेज हवाओं साथ बादल छा गए। बरकट्ठा जीटी रोड पर चालकों ने वाहनो के लाइट जलाकर वाहन चलाये। बता दें कि आंधी तूफान के बाद घनघोर बादल छाये जिसके बाद कई घरों में दिन में लाइट जलाते दिखे। कुछ ही देर बाद जमकर बारिश हुई। इस बाबत स्थानीय निवासी हेमलाल पासवान ने बताया कि तेज हवा के चलने से आम के फसलों को काफी नुकसान पहुंचेगा। वहीं शादी विवाह में बारिश होने से खर्चे अधिक होगी। वहीं इस आंधी तूफान से तापमान में थोड़ी गिरावट आई है। लोगों ने कहा कि तेज हवा में पेड़ पौधों के नजदीक नहीं रहकर सुरक्षित स्थान में रहना चाहिए। इस आंधी तूफान में पेड़ों में लगे लीची के फरों को काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि अगर इस तरह से बारिश के साथ तूफान आएगा तो आम के सभी फल झड़कर गिर जाएंगे जो किसानों पैकारों को काफी नुकसान पहुंचाएगा। कुछ लोगों के घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

#### स्कूल में येलो डे सेलिब्रेशन का आयोजन

# पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कला का ज्ञान होना भी जरूरी है : प्राचार्य

*नर्सरी के छात्रों ने आम के बने चित्र में रंग भरा और एलकेजी के छात्रों ने पीले रंग के मकई के दानों से कलाकृति बानाई।*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नर्सरी से एलकेजी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने येलो डे सेलिब्रेशन में भाग लिया। पीले रंग के कपड़े पहने स्कूल के बच्चें बेहद उत्साहित नजर आ रहे थे। बच्चों ने अलग-अलग तरह के पीली वस्तुओं के माध्यम से अपना परिचय दिया। सर्व प्रथम शिक्षकों ने बच्चों को पीले रंग के महत्व के बारे में जानकारी दी। उसके बाद छात्रों ने स्कभेंजर हंट खेला जिसमें उन्हें पीले रंग की वस्तुओं को छांटकर अलग रखना था। इस खेल के माध्यम से बच्चे पीले रंग के प्रति आकर्षित हुए और उन्होंने रंग को अच्छे तरीके से पहचाना। तत्पश्चात बच्चों ने पीले रंग का भोजन किया जिसमें केला आम पोहा ढोकला इत्यादि था। अल्पाहार लेने के बाद ने प्रकृति संरक्षण को लेकर शिक्षिकाओं ने बच्चों को कहानी सुनाई और उन्हें फल और फुलों के महत्व के बारे में बताया और उसके बाद छात्रों ने कलाकृति का आनंद उठाया। नर्सरी के छात्रों ने आम के बने चित्र में रंग भरा और एलकेजी के छात्रों ने पीले रंग के मकई के दानों से कलाकृति बानाई। स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह ने इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित करते हैं ताकि बच्चे खेल खेल में शिक्षा ग्रहण करें। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कलाकृतियों का ज्ञान होना भी जरूरी है। वे लर्निंग बाय डूइंगश को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर शिक्षा के लिए आकर्षक शिक्षण वातावरण बना रहें है जो आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान कौशल और ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देता है तथा छात्रों को विविध शैक्षणिक और वास्तविक दुनिया के संदर्भों में सफलता के लिए तैयार करता है। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदीप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, सरदार पुश्वींदर पाल सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना ,सरदार रमन बेदी ने इस प्रयास को प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रबंधन समिति के अनुसार पढ़ाई के साथ साथ अन्य एक्टिविटी से बच्चों का सर्वांगिण विकास होता है।

#### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टेंपू को मारी टक्कर

# एक की मौत, सात लोग घायल




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा/ चलकुशा**
बरकट्ठा -चलकुशा मार्ग के बीच स्थित रागडीह के समीप तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने एक टेंपू को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रेक्टर को पकड़ लिया। साथ ही सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा लाया गया। जिसमें जैनुल मियां 75 वर्ष हुलू मियां, 65 वर्षीय पत्नी जकिरा खातून, कयूम अंसारी 60वर्ष पिता जैनुल मियां, सकीना खातून 50वर्ष पति कयूम अंसारी, सद्दाम अंसारी 17वर्ष पिता इसराइल अंसारी, नूरजहां खातून 40वर्ष पति इसराइल अंसारी, नूरजहां खातून पति इसराइल, सईदा खातून 23वर्ष मौला अंसारी सभी ग्राम रागडीह निवासी तथा टहल प्रसाद 27वर्ष पिता नारायण महतो ग्राम मासीपीढ़ी निवासी शामिल हैं। वही जैनुल मियां को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कई घायलों को रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परिवार के सभी सदस्य चलकुशा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रागड़ीह से चांदगढ़ मैयत पर मिट्टी देने जा रहे थे। इसी बीच हादसा हुई। स्थानीय लोगों ने कहा चलकुशा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ाकर नदी से ट्रेक्टर बालू लेने के लिए तीव्र गति से जा रहा था। इस दौरान टेंपू को चपेट में ले लिया। साथ ही कहा कि प्रतिदिन सैकड़ों बालू गाड़ी निकलकर गोरहर थाना होते हुए इचाक और हजारीबाग पहुंचती है। जहां मोटे दामों में बिक्री की जाती है। वही सैकड़ों बिना नंबर की ट्रेक्टर चलती है। साथ ही कम उम्र के लोग ट्रेक्टर चालक का काम करते हैं जिनके पास ड्राइवरी लाइसेंस नहीं रहती है। इस पर प्रशासन मौन धारण किए हुए है।

# विश्व में विशेष महत्व रखता है मजदूर दिवस : सीटू

*कुछ मानसिक और शारीरिक श्रम करने वाले लोग तो अपने आप को मजदूर मानते ही नहीं हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** 139 वें मई दिवस अवसर पर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन ( सी आई टी यू ) के जिला कार्यालय में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के पूर्व डी वी सी श्रमिक यूनियन के वरिष्ठ नेत्री कविता सरकार ने झंडा तोलन किया और 1886 में शिकागो शहर के हे मार्केट में 8 घंटा काम, 8 घंटा अराम और 8 घंटा मनोरंजन के लिए चल रहे आंदोलन में शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी । इसके बाद पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए 28 लोगों को 1 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता कविता सरकार और संचालन तपेश्वर राम भुईयां ने किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए सी आई टी यू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने कहा कि हे मार्केट के शहीदों ने अपनी शहादत देकर पूरे विश्व में 8 घंटा काम, 8 घंटा आराम और 8 घंटा मनोरंजन के आंदोलन को आरंभ किया था वह आज अपने मुकाम पर दिख रहा है। भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में मजदूर इसका लाभ ले रहे हैं पर अफसोस की बात है, मजदूरों के वर्गीय चेतना का विकास न होने के कारण आज भी इनमें एकता नहीं बन पाई है। कुछ मानसिक और शारीरिक श्रम करने वाले लोग तो अपने आप को मजदूर मानते ही नहीं हैं। यह दिन उन लोगों को समर्पित है जो इस दुनिया के विकास की रीढ़ हैं।

#### पुलिस साक्ष्य के आधार पर गुम हुए 21 मोबाइल को किया बरामद

# पुलिस अधीक्षक ने चोरी गए 15 मोबाइल धारकों को सौंपा



◆सुनैना कुमारी, पति-राजिव कुमार महतो, सा0-जयंती बेड़ा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ ◆रामप्रसाद महथा, पिता जेतु महतो, सा0-हेमंतपुर, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ ◆विकास कुमार ठाकुर, पिता लालचंद ठाकुर, सा0-सौदागर मोहल्ला, थाना जिला-रामगढ़ ◆जफर अली, पिता-ईशाक अंसारी, सा0-बंढा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़। ◆उषा देवी, पति-लालचंद महथा, सा0-कुम्हरदगा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ ◆गोपाल महतो, पे0-डोमन महतो, सा0 रकुवा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ ◆मनिषा कुमारी, पति-बबलु कुमार मुण्डा, सा0-न्यु क्लॉनी कोर्रा, थाना-कोर्रा, जिला-हजारीबाग ◆ईश्वर प्रसाद, पिता-नागेश्वर प्रसाद, सा0-परेज, पो0-बंजी, थाना-माण्डु (बे0यो0) रामगढ़ ◆सुमन कुमार, क्वाटर नं0-एफ0जी0/184 हनुमानगढी, पी0टी0एस0 पतरातू जिला-रामगढ़ ◆अभिषेक कुमार, सा0-रामरतन हाई स्कूल के पीछे, घोरी बस्ती, राजी जी नगर, फुसरो ◆सुशील कुमार मुण्डा, पिता-ईश्वर मुण्डा, सा0 ईरबा, ऑरमांझी, राँची ◆तनीषा सिन्हा, घाटो, रामगढ़ ◆रंजीत नायक, पिता नकुल नायक, सा0-छत्तर माण्डु, थाना जिला-रामगढ़ ◆अमर नाथ वर्मा, पे0 दुर्योधन साव, बी 29/127 नियर सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा, प्रोजेक्ट, रामगढ़ ◆राहुल कुमार, पे0-नरेश कुमार सा0-बड़की पोना, थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़।

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला के जनता द्वारा अपने मोबाईल गुम होने के संबंध में लगातार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के समक्ष उपस्थित होकर मोबाईल बरामद करने के लिए अनुरोध किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा जनता की बातों को गंभीरता से लिया गया तथा पुलिस निरीक्षक रजत कुमार प्रभारी तकनीकी शाखा को रामगढ़ जिला अंतर्गत मोबाईल गुम होने से संबंधित प्राप्त प्रतिवेदन पर तकनीकी अनुसंधान कर मोबाईल बरामद करने हेतु निर्देश दिया गया। तकनीकी शाखा के पदाधिकारी / पुलिसकर्मियों द्वारा सभी थानों से मोबाईल गुम होने के संबंध में जानकारी प्राप्त कर तकनीकी अनुसंधान किया गया। तकनीकी अनुसंधान करने पर कुल 21 मोबाईल को उपयोग में पाया गया। उपयोग में पाये गये मोबाईल का टावर लोकेशन निकाले जाने पर सभी मोबाईल अलग-अलग क्षेत्र में तथा कुछ मोबाईल रामगढ़ जिला के बाहर भी पाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाईल की बरामदगी हेतु अलग-अलग टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा रामगढ़ जिले में और रामगढ़ जिला के बाहर रांची, हजारीबाग, बोकारो जाकर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापामारी किया गया।

#### भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है आयुष्मान कार्ड योजना

# लोगों को नहीं मिल रहा आयुष्मान कार्ड का लाभ : बटेश्वर मेहता



**अस्पताल आयुष्मान कार्ड योजना में कर रहा मनमानी**

आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत संबद्ध अस्पताल मनमानी करते हुए केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगा रहे हैं। वहीं केंद्र व राज्य सरकार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से पत्राचार करेंगे। जरूरत पड़ी तो जनता के हित में जन आंदोलन भी किया जाएगा।

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
हजारीबाग जिले में लगभग 15 लाख 25 हजार लोग आयुष्मान कार्ड से जुड़े हैं। भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक आयुष्मान कार्ड योजना है। यह योजना जहां गरीबों के लिए वरदान साबित हुआ है। वहीं असाध्याय/ गंभीर रोग से ग्रसित मरीजों को आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उक्त बातें आयुष्मान भारत दिवस पर झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष और बरकट्ठा विस क्षेत्र के रहे निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि सरकारी दावा है कि आयुष्मान कार्ड के जरिये गरीब वर्ग के मरीज मुफ्त में इलाज करा पा रहे है। लेकिन वास्तविक स्थिति ठीक इसके विपरीत दिखाई दे रहा है।आयुष्मान कार्ड से मरीजों के इलाज के उपरांत भुगतान नहीं मिलने के कारण अस्पताल प्रबंधन भी हाथ खड़ा कर दिया है। अब सवाल है कि गरीब मरीज इलाज के लिए किससे गुहार लगाए। कोई सुनने वाला नही है। बटेश्वर मेहता ने कहा कि इचाक के एक पीड़ित बिरजू मेहता जो किडनी के इन्फेक्शन से परेशान है। जब इलाज के लिए जिले का प्रतिष्ठित अस्पताल आरोग्यम गए तो उन्हें बताया गया कि आयुष्मान कार्ड का लाभ नही मिल सकता। अस्पताल प्रबंधन मरीज को भर्ती लेने से इंकार कर दिया। प्रबंधन ने कहा कि कई मरीजों के इलाज का आयुष्मान कार्ड योजना की राशि बकाया है। अब तक सरकार ने उसका भुगतान नही किया है।नतीजन आयुष्मान कार्ड से इलाज करने से मना कर दिया गया। बटेश्वर ने आगे कहा कि गरीब मरीज इलाज के अभाव में परेशान हैं। पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पा रहे है। आयुष्मान कार्ड हाथी का दांत साबित हो रहा है।

#### दिशोम मांझी परगना का स्थापना दिवस 30 मई को

# संथाल समाज के लोगों को एक जुटता रखने का काम कर रहा है : एतो बास्के

**नवीन मेल संवाददाता। चरही**
हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड के तापिन साउथ 45 कांटा नेहरू स्टेडियम क्लब में संथाल समाज दिशोम परागना का हुई बैठक। अध्यक्षता केंद्रीय परगना केंद्रीय दिशोम जोगवा एतो बास्के सोहोह परगना गहन बेसरा व संचालन प्रखंड मांझी हडम सहदेव किस्कु ने किया। इस बैठक में संथाल समाज दिशोम मांझी परगना का 28 वां स्थापना दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने को लेकर विचार किया गया। वही केंद्रीय परगना एतो बास्के ने कहा कि संथाल समाज दिशोम मांझी परगना एक ऐसे संगठन है जो हम सभी संथाल समाज के लोगों को एक जुटता रखने का काम कर रहा है और सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं पिछले 27 वर्षों से लगातार संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के द्वारा धूमधाम और शांतिपूर्ण ढंग से स्थापना दिवस मनाते आ रहे हैं। वही दिशोम परगना ने कहा कि संथाल समाज दिशोम परगना एक ऐसा संगठन है जो समाज के लोग को जागरुक करने का और एक संगठित करने का काम करता है। वहीं प्रखंड मांझी हराम साथी किसको ने कहा कि चुरचू प्रखंड में इस बार संथाल समाज दिशोम मांझी परगना का 28 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस बार भी हम सभी मिलकर काफी धूमधाम एवं शांतिपूर्ण ढंग से 28 वां स्थापना दिवस को मनाएंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से सोहोह परगना लखीराम मांझी पनालाल मुर्मु रमेश हेम्ब्रोम इचाक प्रखंड टीरु सोरेन, रामेश हांसदा, रूपन मांझी, गहन बेसरा, शिवलाल, महेंद्र कुमार मुर्मू, महादेव सोरेन, सुखदेव हेम्ब्रोम, महालर हांसदा, वासुदेव हेम्ब्रोम, बाबूलाल हेम्ब्रोम, प्रकाश हांसदा, बिरसा किस्कु, सुरेश मुर्मू, सुरेश बेसरा, निखिल किस्कु, कार्तिक हेम्ब्रोम, संतोष बास्के, कृष्ण मुर्मू, विंसेंट टुडू, सहित संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के लोग शामिल थे।

#### जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी

# जातीय जनगणना से पिछड़ों को न्याय मिलेगा : डॉ आर मेहता



*राहुल गांधी के संघर्ष और राजनीतिक घेरेबंदी के कारण केंद्र सरकार जन्म जन गणना करा रही हैं। जिसका श्रेय पूर्ण रूप राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को जाता है*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी का नारा व विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिये थे। उसी नारा का परिणाम स्वरूप केंद्र सरकार मजबूर होकर जातीय जनगणना करा रही है। बिहार बंगाल में चुनाव होने वाला है, जातीय जनगणना नहीं कराने से बिहार बंगाल में एनडीए सरकार को उल्टा असर पड़ सकता था। इसके तहत भी उन्होंने जातीय जनगणना कराने के लिए तैयार हैं। उत्तर प्रदेश के चुनाव को ध्यान में रखकर किसानों के 3 काला कृषि बिल को भी प्रधानमंत्री ने वापस लिए थे, पिछड़ों की आबादी आज देश में 65% प्रतिशत से अधिक है, जो जनगणना होने के बाद क्लियर होगा। जबकि सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट में पिछड़े न्यायाधीश नहीं के बराबर हैं। कहीं न कहीं अन्याय हो रहा है। जातीय जनगणना के बाद दलित आदिवासी और पिछड़ों को न्याय मिलेगा यह बातें हजारीबाग विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी डॉ आरती प्रसाद मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपने कार्यालय में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के संघर्ष और राजनीतिक घेरेबंदी के कारण केंद्र सरकार जन्म जन गणना करा रही हैं। जिसका श्रेय पूर्ण रूप राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को जाता है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को जिस प्रकार से घेरा वह साहसिक कदम है। केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी की कार्रवाई के बावजूद भी निडर होकर राहुल गांधी ने ओबीसी बहुजनों के मुद्दे पर लड़ते रहे परिणाम स्वरूप आदिवासी मूलवासी को लाभ होने जा रहा है इसके लिए केंद्र सरकार वधाई के पात्र हैं इससे दलित आदिवासी और पिछड़ों को काफी लाभ होगा।

## एक नजर

### नए जिला जज अरविंद कुमार पांडेय ने कार्यभार संभाला

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के नये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय ने कार्यभार संभाल लिया. उन्होंने न्यायाधीश के पट्टेदार से चार्ज लिया. वहीं, न्यायाधीश धीरज कुमार ने एडिशनल फैमिली जिला जज के पद पर योगदान दिया. इस बीच झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ल, जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बोलाई पांडा, महासचिव कुमार राजेश रंजन, गौरव पाठक समेत दर्जनों अधिवक्ताओं ने नये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय व एडिशनल फैमिली जज धीरज कुमार को गुलदस्ता देकर स्वागत किया.

### नीट परीक्षा 4 मई को, डीसी-एसपी ने सेंटरों का लिया जायजा

**चाईबासा।** देश के मेडिकल कॉलेजों में यूजी में एडमिशन के लिए नीट परीक्षा 4 मई को होगी. पश्चिमी सिंहभूम के डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी आशुतोष शेखर ने शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिले के दोनों परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया. दोनों केंद्रों पर कुल 606 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे. डीसी व एसपी ने केंद्राधीक्षकों से परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, सीटिंग अरेंजमेंट आदि की बिंदुवार जानकारी ली. डीसी के द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी व जैमर का अधिष्ठापन समय पर सुनिश्चित करें. वहीं एसपी ने एसडीपीओ को दोनों परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा परीक्षार्थियों की जांच के लिए जारी गाइडलाइन का पालन कराने का निर्देश दिया.

## दुकानदार ने मांगा दोगुना दाम, विरोध करने पर ग्राहक की पीट-पीटकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिला अंतर्गत धनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत सापामरण गांव में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक दुकानदार द्वारा दोगुना दाम मांगने के विरोध में हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौ*त हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय उदय यादव के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बाघमारा ग्राम, पोस्ट-तारानाखो के रहने वाले थे। वे अपने चचेरे भाई मदन यादव के साथ अपने फुफेरे भाई के बेटे की शादी में शामिल होने सापामरण आए हुए थे। बताया जाता है कि शादी की तैयारियों के दौरान, रात करीब 9 बजे दोनों भाई पत्तल लाने के लिए पड़ोस के गांव कारूडीह स्थित दिलीप साव की दुकान पर गए थे। प्राप्त प्राथमिकी पत्र के अनुसार, दुकान पर सामान का मूल्य सामान्य से दोगुना माँगा जा रहा था। इस पर जब दोनों भाइयों ने विरोध जताया, तो दुकानदार दीपक साव और उसके परिवार के सदस्यों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में उदय यादव बुरी तरह घायल हुए, जिनका इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि मदन यादव का हाथ टूट गया। घटना के संबंध में धनवार थाना में विरोध प्रदर्शन किया किया गया। आवेदन में कुल 13 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाद पीड़ित परिवार में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। धनवार थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

## पेटरवार में युवक की टांगी से मारकर हत्या, विरोध में सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** बोकारो जिले के पेटरवार में एक युवक की टांगी से मारकर हत्या कर दी गयी. घटना पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी के कोचाकुल्ही स्थित डहरडीह में मंगलवार देर रात की बतायी जाती है. मृतक की पहचान पिछरी निवासी विपुल कुमार मिश्रा (24 वर्ष) के रूप में हुई. वह गुलचंद मिश्रा का पुत्र था. घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह 6 बजे से फुसरो-जैनामोड मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. वे हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे. पेटरवार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर जाम हटाने में जुट गई.

**फुसरो-जैनामोड मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. वे हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे**

बताया गया कि लखन साव ने मंगलवार की शाम विपुल को फोन करके कोचाकल्ही स्थित डहरडीह रोड बुलाया था. वहां पहुंचते ही पहले से घात लगाये अपराधियों ने टांगी से मारकर विपुल की हत्या कर दी. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

## न्यूज बॉक्स

### लेप्रोस्कोपी विधि से महिला बंध्याकरण पर दिया गया प्रशिक्षण



**रांची।** सदर अस्पताल में आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सरकारी चिकित्सकों को लेप्रोस्कोपी विधि से महिला बंध्याकरण की जानकारी एवं प्रशिक्षण देने के लिए आयोजित की गई थी। एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अजीत कुमार ने दो चिकित्सकों महिला एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉक्टर बंदिता सिंह एवं डॉक्टर इंदु एवं पैरामेडिकल कर्मियों को बारीकियां बताई, और चिकित्सकों को व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया। 10 लाभुक इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे जिसमें से पांच सर्जरी के लिए उपयुक्त थे उनकी सर्जरी दूरबीन विधि के द्वारा की गई। मरीज को ऑपरेशन के बाद निगरानी में रखने के पश्चात छुट्टी दे दी गई। लेप्रोस्कोपिक बंध्याकरण का फायदा यह है कि छोटे चीरे से बहुत ही सुरक्षित ढंग से किया जाता है, और लाभुक अगले दिन से सारे सामान्य कार्य कर पाते हैं। इस तरह का कार्यक्रम अब हर सप्ताह आयोजित किया जाएगा जिसमें सरकारी चिकित्सकों को खास तौर पर महिला चिकित्सकों को प्रशिक्षण दी जाएगी।

### संगीन अपराध के दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में, एसपी ने दी जानकारी



**हजारीबाग।** जिले के चरही थाना क्षेत्र से दो कुख्यात अपराधियों को हजारीबाग पुलिस ने छापामारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रेम गंझू उर्फ प्रेम भोक्ता उर्फ बंगाली एवं नूतन गंझू शामिल हैं। जो चरही थाना क्षेत्र के कजरी गांव के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि इन दोनों के विरुद्ध पूर्व से ही कई संगीन आपराधिक मामले कई थाना में दर्ज हैं। वहीं प्रेम गंझू पर हत्या, आर्म्स एक्ट सहित तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि नूतन गंझू पर भी मारपीट, छेड़खानी, धमकी, लूट एवं सीएलए एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में केस चल रहा है। बताया जाता है कि उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जिसमे चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल ने दोनों आरोपियों को ग्राम कजरी से गिरफ्तार किया गया। इधर नक्सलियों की गिरफ्तारी को लेकर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा है कि आपराधिक मामलों में संलिप्त नक्सली को बिल्कुल नहीं छोड़ा जाएगा अन्य भी नक्सली रडार पर हैं।

### बंद पड़े पत्थर खदान से 28 घंटे के बाद निकाला गया युवक का शव

## आक्रोशत लोगों ने मुआवजे की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। गावा** गावां प्रखंड के जमडार पंचायत स्थित डढो गांव में बंद पड़े पत्थर खदान में गुरुवार को डूबे युवक का 28 घंटे के बाद शव एनडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला। मृतक उसी गांव के 22 वर्षीय अनूप शर्मा था। वह पिछले दिनों गांव में हो रहे यज्ञ में शामिल होने के लिए घर लौटा था। गुरुवार को दोस्तों के साथ खदान में नहाने गया था, जहां गहरे पानी में चला गया। घटना की सूचना पर ग्रामीणों ने शव निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद प्रशासन ने देवघर से एनडीआरएफ टीम को बुलाया। शुक्रवार को खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन की मौजूदगी में ठअफ्रक्रटीम ने शव बरामद किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने खदान के पास शव रखकर मुआवजे की मांग करने लगे। बाद में सीओ और जनप्रतिनिधियों के सरकारी मुआवजा दिलाने के आश्वासन पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिप सदस्य इमरान अंसारी, पूर्व पंसस संतोष मरांडी, विशाल राणा आदि मौजूद थे।

### सड़क हादसे में एक की मौत दो घायल



डुमरी। निमियाघाट थाना क्षेत्र के सीतानाला के पास शुक्रवार की अहले सुबह सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई।जबकि दो लोग जख्मी हो गए।कार सवार सभी बगोदर के हरिहर धाम से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।सभी को तेलो चन्द्रपुरा जाना था पर बीच रास्ते में हादसा हो गया। हादसे के बाद घायलों को एसएनएमएमसीएच लाया गया।मृतक की पहचान बोकारो के चंद्रपुरा स्थित तेलो निवासी प्रमोद गोप के रूप में की गई।जबकि उसका भाई तपेश्वर गोप और चचेरे भाई पंचानंद गोप घायल हो गए।हादसा ट्रक की लाइट से चकमा खाने से हुआ। कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 50 मीटर नीचे गिर गई।डुमरी में मुड़ना था पर कार आगे निकल गई। निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि घटना तड़के चार बजे की है।कार सवार अपने घर चंद्रपुरा बोकारो जाने के लिए निकले थे। इनको डुमरी से मुड़ना था पर ये आगे की ओर निकल गए। बताया जाता है कि सामने से आ रहे ट्रक की लाइट से कार चला रहा युवक अनियंत्रित हो गया और कार रोड के रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी।बताया जाता है कि सभी नशे में धुत थे।स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच लाया गया। यहां डॉक्टर ने प्रमोद गोप को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल तपेश्वर को बोकारो रेफर किया है।पंचानंद का इलाज धनबाद में की जा रही है।

### वज्रपात होने से 52 वर्षीय महिला की मौत हो गई



गांडेय। बता दे कि गांडेय प्रखंड के बरमसिया 2 पंचायत के रानीटांड़ गांव निवासी रूपलाल मुर्मू का लगभग 52 वर्षीय पत्नी चुनकी देवी का गुरुवार को हुई वज्रपात से घायल हो गयी थी। मृतक चुनकी देवी अपने घर के पीछे से बांध हुआ भैंसा खोल के ला रहे थे उसी क्रम में ठनका से बेहोश हो गयी। सूचना पाकर आस पास के ग्रामीण जुटे व आनन फानन में गांडेय सीएचसी ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया। सदर अस्पताल गिरिडीह ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। फिर भी परिजनों ने सदर अस्पताल गिरिडीह ले गये और डाक्टर के जांच करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार दस बजे रात्रि को शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को रानीटांड़ गांव लाया गया। शव गांव पहुंचने पर मृतक के श्वजनों का रो रो बुरा हाल हो गया। शव अंतिम संस्कार शुक्रवार लगभग दो बजे किया गया। मृतक के दो पुत्र व एक बेटी है। मृतक के पति मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

### सांसद के पहल पर 1200 महिलाओं को दी गई पोषण किट, कहा

## स्वस्थ बच्चों की किलकारियों से गुंजायमान हो हजारीबाग : मनीष



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आने वाला भविष्य स्वस्थ हो, इसके लिए हम काफी गंभीर हैं और इसके लिए हर गर्भवती मां व धात्री माता के साथ-साथ बच्चों के खानपान, रहन-सहन, विचार-विमर्श व अच्छे से उन्हें देख-रेख करने की जरूरत है। जिसको लेकर गर्भवती व धात्री माता के बीच पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। जब हमारे बच्चे स्वस्थ होंगे, मां स्वस्थ होगी, तभी हमारा राष्ट्र स्वस्थ होगा। उक्त बातें हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में पतरातु श्रम कल्याण केंद्र में आयोजित सीसीएल के द्वारा यूथ इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य मेला सह निःशुल्क पोषण किट वितरण अभियान कार्यक्रम में कहा। आगे उन्होंने बताया कि हम सभी को मिलकर कुपोषण से लड़ना होगा और उसे दूर भगाना होगा। यह हम सब की जिम्मेवारी है और जब स्वस्थ बच्चों की किलकारी पूरे देश में गूंजेगी तभी हमारा संपूर्ण राष्ट्र मजबूत होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर मैंने एक पहल किया और उसी का नतीजा है कि सीसीएल ने अपने सीएसआर मद के तहत इस कैंप का आयोजन किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह तो महज एक शुरूआत है हम अपने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं ।


## वक्फ बिल के विरोध में अल्पसंख्यकों ने किया बत्ती गुल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एआईएमआईएम सुप्रीमो ओवैसी के आह्वाहन पर बरही में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने बुधवार की रात्रि 15 मिनट तक अपने घरों को बिजली गुल रखी. यह बिजली गुल संशोधित वक्फ कानून के विरोध में किया गया था. उक्त जानकारी प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने दी. उन्होंने बताया कि वक्फ बोर्ड को संपति निजी संपति है, जिसे केंद्र सरकार गलत तरीकों से कब्जे में लेकर हम अल्पसंख्यकों के अधिकार का हनन करना चाहतीं है. जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है. यह एक काला कानून है. जिसका हम सभी विरोध करते हैं. केंद्र सरकार के इस नए कानून का हम अल्पसंख्यक समुदाय के लोग एआईएमआईएम के सुप्रीमो के वक्तव्य का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार से कानून वापस लेने की मांग करते है. वक्फ बोर्ड के संशोधित कानून का विरोध करने वालों में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुशर्रफुर कादरी, मो चीकू इत्यादि दर्जनों लोग शामिल थे.

### पंद्रह वर्षों से न्यायालय में चल रहे मुकदमा पर रिहा हुए अनूप भाई

## सच्चाई की जीत हुई और झूठे की हुई हार : अनूप भाई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सोमवार 30 अप्रैल को हजारीबाग न्यायालय के मजिस्ट्रेट जावेद खान के अदालत में चल रहे हैं, मुकदमा हजारीबाग सदर थाना कांड संख्या 568/2010 दिनांक 09 अगस्त 2010 को उक्त समय के वर्तमान नगर पार्षद हजारीबाग के कार्यपालक पदाधिकारी सतीश चंद्रा पिता एमपी चंद्रा के द्वारा हजारीबाग सदर थाना में आवेदन देकर समाजसेवी अनूप कुमार उर्फ अनूप भाई वर्मा पर धारा 416, 418 ,419, 420, 384,134 आई पी सी दर्ज किया गया। जिस पर अनूप भाई को सदर थाना ने विगत 04 दिसंबर 2010 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग सेंट्रल जेल भेज दिया था, जिस पर दिनांक 21 जनवरी 2011 तक 49 दिनों तक हिरासत में रहने के बाद न्यायालय से बेल मिला जिसके बाद से लगातार न्यायालय में हाजिरी लगाते रहे। अनूप भाई ने इस मामले पर बताया कि यह मामला सरासर झूठ था या मामला हजारीबाग कनहरी स्थित मुंबई आवास से जुड़ा हुआ है। क्या है कि जब मुंबई आवास में नगर निगम के कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीका से आवास आवंटन किया जा रहा था। तब अनूप भाई ने इसका विरोध किया था, जिससे घबराकर नगर निगम ने अनूप भाई पर झूठा मुकदमा दर्ज किया था। अनूप भाई ने कहा कि मैं जेल गया ,जनहित के कार्यों में मुझे कोई अफसोस नहीं है।

## चाईबासा में नक्सलियों के बंकर ध्वस्त भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए नक्सलियों के डंप को ध्वस्त कर दिया. यह मामला जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के लुईया वनग्राम का है. नक्सलियों के डंप से जिलेटिन, डेटोनेटर और तीन आईडी समेत बड़ी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए गए हैं. पश्चिमी सिंहभूम जिला के कोल्हान, सारंडा और पोड़ाहाट जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की लड़ाई चल रही है. इसी के तहत प्रत्येक दिन सुरक्षा बल के जवान जंगलों में बनाए गये नक्सली डंप ध्वस्त कर उनके मंसूबों को नाकाम करने में जुटे हुए हैं. पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो समेत अन्य नक्सली अपने दस्ते के साथ सारंडा (कोल्हान) क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं. इसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर व सीआरपीएफ का संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है.

### सीपीआई कार्यालय में मनाया गया मजदूर दिवस

## मजदूरों का योगदान राष्ट्र निर्माण में भुलाया नहीं जा सकता : पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हर साल 1 मई का दिन भारत समेत दुनिया के कई देशों में मजदूर दिवस या मई दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के मजदूरों और श्रमिक वर्ग के लोगों को समर्पित है। देश के विकास में ऐसा कोई निर्माण नहीं है, जिसमें मजदूर वर्ग के परिश्रम का योगदान ना हो। राष्ट्र की प्रगति और उन्नति में इनकी भागीदारी के बिना असंभव है। मजदूर दिवस का मकसद मजदूरों के सम्मान के अलावा उनकी एकता को मजबूत बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करना भी है। हजारीबाग में भी 1 मई को मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने मजदूरों की जीत को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले सभी मजदूरों को सलाम करने का दिन है मजदूर दिवस। आज पूरे विश्व में मजदूर दिवस मनाया जा रहा है, एक समय था जब 12 से 18 घंटा मजदूरों से काम लिया जाता था आज ही के दिन 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने उचित मजदूरी और काम का घंटा तय करने को लेकर आंदोलन किया था जिससे आज बगुला होकर पूंजीपतियों ने मजदूरों के ऊपर गोलियां चलाई जिसमें सैकड़ो मजदूर मारे गए और पूरा शिकागो शहर मजदूरों के खून से पट गया उसी समय मजदूरों ने मारे गए मजदूरों के खून से भीगे हुए कपड़ों को उठाकर संकल्प लिया कि जब तक पूंजीवाद खत्म नहीं होगा, जब तक शोषण बंद नहीं होगा और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारा संघर्ष चलता रहेगा। आखिरकार आंदोलन कर रहे मजदूरों की जीत हुई काम का घंटा तय किया गया और मजदूरों की सभी मांगे पूरी हुई इसी जीत की खुशी में मजदूर दिवस मनाया जाता है। सीपीआई कार्यालय मंजूर भवन हजारीबाग में भी सीपीआई कार्यकताओं और कई सामाजिक संगठन के लोगों के द्वारा झंडा फहराया गया और उन मजदूरों की जीत की याद में मजदूर दिवस मनाया गया।

### चक्रधरपुर में व्यक्ति की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बाईपी गांव के पास एक व्यक्ति की तेज धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गई. हत्या के बाद शव को बोरदीरी नव प्राथमिक विद्यालय के समीप झाड़ियों में दिया गया. शुक्रवार की सुबह जब बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल पहुंचे, तो झाड़ियों में शव देख शोर मचाया. सूचना पाकर वहां लोगों की भीड़ जुट गई. ग्रामीण की सूचना पर चक्रधरपुर थाना पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में ले लिया.


**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०–2 धुर्वा, रॉंची**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं०– Energy/EWD/Ranchi/09/2025-26 दिनांक– 02/05/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | व्यवहार न्यायालय, गढवा एवं सबडिविजनल कोर्ट, नगर उटारी के पी0डी0जे0, फैमिली जज, ए0डी0जे0 कार्यालय कक्ष एवं सभी कोर्ट रूम में 20 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 64,83,704=00 | 10,000=00 | 1,30,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | .14.05 2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 15.05.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 20.05.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 21.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT
Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR.NO.351543 Energy(25-26):D

जिस साहित्य से हमारी सुरुचि न जागे, आध्यात्मिक व मानसिक तृप्ति न मिले, हममें गति व शक्ति न पैदा हो, हमारा सौंदर्य प्रेम न जागृत हो, जो हममें संकल्प व कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने की सच्ची दृढ़ता न उत्पन्न करे, वह हमारे लिए बेकार है वह साहित्य कहलाने का अधिकारी नहीं है। **- प्रेमचंद**

## संपादकीय

# जाति ही पूछो साधु की

अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति से भारत में धर्म और जातियों के विभाजन को बढ़ावा दिया था। साल 1901 की जनगणना में 1,646 और साल 1931 की जनगणना में कुल 4,147 जातियों की संख्या बताई गई थी। साल 1931 की जनगणना के अनुसार, 52.4 फीसदी ओबीसी, 22.6 फीसदी अनुसूचित जाति/जनजाति, 17.6 फीसदी अगड़ी जातियां और 16.2 फीसदी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग थे। मंडल कमीशन की रिपोर्ट अविभाजित भारत के 50 साल पुराने इन्हीं आंकड़ों पर आधारित थी। 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नारे से वोट बैंक की फसल अच्छी कटती है, इसलिए जातिगत जनगणना के मुद्दे पर सभी दलों के नेता उत्साहपूर्ण तरीके से सहमत हैं। यूपीए सरकार के दौरान साल 2011 में जनगणना के बाद सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से जातियों की गणना हुई थी। कई रिपोर्टों के अनुसार, उस सर्वे में 46 लाख से ज्यादा जातियों का विवरण था। इसलिए वह रिपोर्ट पूरे तौर पर कभी प्रकाशित ही नहीं हुई। जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय लिस्ट में लगभग 2,633, जबकि राज्यों में लगभग 3,651 ओबीसी जातियां शामिल हैं। केंद्र सरकार मोबाइल और एप के माध्यम से डिजिटल जनगणना कराने का दावा कर रही है। 2011 की जनगणना में लगभग 25 लाख सरकारी शिक्षकों और कर्मियों की ड्यूटी के साथ लगभग 2,200 करोड़ रुपए का खर्च हुए थे। साल 2019 में जनगणना के मद में लगभग 8,754 करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान था, जो अब बढ़ेगा। उसके बावजूद 2025-26 के बजट में जनगणना के मद में केंद्र सरकार ने सिर्फ 574 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। 16वीं जनगणना के लिए निर्धारित फॉर्म में बीसवां नया कॉलम बढ़ाने और 2011 की अप्रकाशित रिपोर्ट की गलतियों से बचने के लिए केंद्र सरकार को राज्यों के साथ मिलकर जातियों व उपजातियों की लिस्ट को अंतिम रूप देना होगा। इस प्रक्रिया में विपक्ष शासित राज्यों से समुचित विमर्श से जाति के नाम पर सामाजिक असंतोष को भड़काने वाली ताकतों को नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती होगी। मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईडब्ल्यूएस के साथ कई राज्यों में ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलता है। जनगणना में मुस्लिम समुदाय में जातियां के सर्वे पर भी कानूनी विवाद हो सकते हैं।विपक्षी दांव के बाद अब सरकार की तरफ से सशक्तीकरण और समावेशी विकास के दावे किए जा रहे हैं, पर इसे सफल बनाने के लिए सरकार को चार बड़ी सांविधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, पहला-संविधान में आबादी के अनुसार विधायकों और सांसदों की सीटों का निर्धारण होता है, जिसे परिसीमन कहते हैं। दक्षिण के राज्य 1971 की पुरानी आबादी के अनुसार परिसीमन की मांग कर रहे हैं, जिसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। परिसीमन पर क्षेत्र और भाषा के आधार पर विवाद को रोकने के लिए सरकार जनगणना के फैसले को टाल रही है। उस फॉर्मूले के अनुसार, जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करने में भी विलंब हो सकता है।

*मंडल कमीशन की रिपोर्ट अविभाजित भारत के 50 साल पुराने इन्हीं आंकड़ों पर आधारित थी।*

# मन की शक्ति : जैसा सोचेंगे वैसा पाएंगे



हम सभी जीवन में सफलता, शांति, समृद्धि, और संतुलन चाहते हैं। कोई परीक्षा में टॉप करना चाहता है, कोई अच्छी नौकरी चाहता है, कोई एक सफल व्यवसाय या शांतिपूर्ण परिवारिक जीवन चाहता है। लेकिन बहुत बार हम यह मान बैठते हैं कि इन लक्ष्यों को पाने के लिए हमारे पास "अपर्याप्त योग्यता" है। यह भ्रम, यह मानसिक रुकावट, हमारी असली समस्या है।

असल में, ईश्वर ने हर इंसान को समान क्षमता दी है। फर्क सिर्फ इस बात में है कि कौन उस क्षमता को पहचान पाता है और कौन नहीं। इस लेख में हम दो ऐसी शक्तियों को समझेंगे जो आपकी ज़िन्दगी को अंदर से बदल सकती हैं – सबकॉन्शियस माइंड (अवचेतन मन) और लॉ ऑफ अट्रैक्शन (आकर्षण का सिद्धांत)। जब इन दोनों को सही ढंग से समझकर अभ्यास में लाया जाता है, तो जीवन में चमत्कार होने लगते हैं।

### सबकॉन्शियस माइंड : वो अदृश्य शक्ति जो सब संभालता है

हमारा दिमाग दो भागों में काम करता है – Conscious Mind (चेतन मन) और Subconscious Mind (अवचेतन मन)। चेतन मन वो है जिससे हम रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में सोचते हैं, फैसले लेते हैं। लेकिन अवचेतन मन वह गहराई है जहाँ हमारे विश्वास, आदतें, डर, आत्म-छवि, और संभावनाएं छिपी होती हैं।

जिस बात को हम बार-बार सोचते हैं, महसूस करते हैं, या कल्पना करते हैं - वह धीरे-धीरे अवचेतन मन में गहराई से बैठ जाती है और फिर हमारी वास्तविकता बनने लगती है। अगर हम रोज़ कहते हैं कि "मुझसे नहीं होगा" – तो सच में नहीं होगा। लेकिन अगर हम प्रतिदिन कहते हैं "मैं कर सकता हूँ, मैं सक्षम हूँ," तो अवचेतन मन उसे सच मानकर वैसा ही रास्ता बनाना शुरू कर देता है।

### लॉ ऑफ अट्रैक्शन : जैसा सोचेंगे, वैसा पाएंगे

आकर्षण का सिद्धांत कहता है कि हम ब्रह्मांड में जिस प्रकार की ऊर्जा भेजते हैं, वैसी ही ऊर्जा हमारे पास लौटकर आती है। अगर हम अपने विचारों में हमेशा शिकायत, डर, कमी या असफलता को ही दोहराते रहेंगे, तो वही हमारी ज़िन्दगी में घटेगा। लेकिन अगर हम सोचते हैं कि हम सफल हैं, हम सकारात्मक हैं, हमें अवसर मिल रहे हैं – तो ब्रह्मांड हमें वही सौंपने लगेगा।

इस सिद्धांत को समझकर कई लोग जीवन में धन, प्रसिद्धि, स्वास्थ्य, रिश्ते, सफलता – सब कुछ प्राप्त कर चुके हैं। और इसकी शुरुआत होती है एक छोटे-से अभ्यास से – सोच को बदलने से।

### हर वर्ग के लिए उपयोगी बच्चों के लिए

बच्चे अगर अपनी परीक्षाओं में अच्छे अंक चाहते हैं तो उन्हें सिर्फ पढ़ना ही नहीं, अपने दिमाग को प्रोग्राम भी करना होगा। रोज़ सुबह-शाम खुद को टॉप करते हुए देखना, खुद पर विश्वास करना, "मैं कर सकता हूँ" जैसे वाक्य बोलना – यह अभ्यास उनकी पढ़ाई को और ज्यादा असरदार बना देगा।

आज की बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता, शिक्षा विशेषज्ञ

### युवाओं के लिए

जो युवा नौकरी या करियर में सफलता चाहते हैं, वे केवल प्रयासों तक सीमित न रहें। रोज़ खुद को उस नौकरी में देखें, जैसे इंटरव्यू में बैठकर आत्मविश्वास से जवाब दे रहे हैं। यह मानसिक चित्रण (visualization) धीरे-धीरे आपके आत्मविश्वास और अवसर दोनों को बढ़ा देगा।

### महिलाओं के लिए

घर संभालने वाली या अपने लिए कुछ करना चाहने वाली महिलाएं अगर प्रतिदिन 10 मिनट भी खुद को उस रूप में देखें – जैसे वे आत्मनिर्भर हैं, स्वस्थ हैं, खुश हैं, कुछ नया सीख रही हैं – तो उनका अवचेतन मन उन्हें उस दिशा में आगे बढ़ाना शुरू कर देगा।

महिलाएं जब आत्मविश्वास से कहती हैं – "मैं भी कुछ कर सकती हूँ," तो ब्रह्मांड सच में उनके लिए रास्ते खोलने लगता है।

### बुजुर्गों के लिए

उम्र के इस पड़ाव पर शांति, स्वास्थ्य और संतोष की भावना सबसे ज़रूरी होती है। जो बुजुर्ग रोज़ खुद को खुश, स्वस्थ और ऊर्जा से भरा महसूस करते हैं, उनका शरीर और मन खुद-ब-खुद बेहतर होने लगता है। यह प्रक्रिया उम्र को चुनौती देती है।

### कैसे करें अभ्यास?

**सकारात्मक पुष्टि (Positive Affirmations)**

- हर दिन 5 मिनट आँख बंद करके खुद से कहें –
- "मैं स्वस्थ हूँ",
- "मैं सफल हूँ",
- "मैं कर सकता हूँ",
- "मेरे जीवन में अच्छे अवसर आ रहे हैं।"

**मानसिक चित्रण (Visualization)**

- अपनी आंखें बंद करके, खुद को उस स्थिति में देखें जो आप पाना चाहते हैं – परीक्षा में अव्वल, ऑफिस में प्रमोशन, मंच पर बोलते हुए, व्यवसाय में सफलता – जैसे वह पहले से हो चुका है।

**आभार (Gratitude)**

- जो कुछ भी है, उसके लिए आभार व्यक्त करें। आभार की भावना सकारात्मक ऊर्जा को खींचती है।

**ध्यान और प्रार्थना**

- प्रतिदिन कुछ समय ध्यान और ईश्वर से जुड़ाव में बिताएं। आध्यात्मिक जुड़ाव से आत्मा को दिशा मिलती है और मन को स्थिरता।

मनुष्य में वो सब कुछ है जो वो पाना चाहता है। ज़रूरत है केवल उस शक्ति को पहचानने की, जो हमारे भीतर है – हमारा अवचेतन मन। जब हम अपने विचारों को सकारात्मक दिशा में प्रशिक्षित करते हैं, तो ब्रह्मांड हमारी मदद करता है। यही है "मन की शक्ति।"

इसलिए अगली बार जब आप किसी लक्ष्य को पाने के लिए सोचें, तो सिर्फ मेहनत ही नहीं, अपने मन को भी उसी दिशा में चलने की ट्रेनिंग दें। फिर देखिए, ज़िन्दगी कैसे बदलती है – चुपचाप, पर चमत्कारी ढंग से। "जो आप बनना चाहते हैं, पहले उसे अपने मन में देखिए – फिर वो आपकी वास्तविकता बन जाएगी।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# चाय, चमचा और चुटकी नमक

कहते हैं कि अगर आपकी चाय में नमक पड़ जाए तो या तो आप बहुत बड़े नेता बनने वाले हैं, या फिर किसी ने आपके जीवन की मिठास में सेंध लगा दी है। मेरे मोहल्ले के शशिकांत जी ने दोनों कर डाले – नेता भी बन गए और मोहल्ले की बहुओं की आँखों से गंगाजल भी बहवा दिया। वो जब सुबह-सुबह अपनी बीवी को "गुड मॉर्निंग" कहते थे तो बीवी नमकदानी फेंक देती थी – "तुमसे तो गुडनाइट ही बेहतर है।" मोहल्ले में कोई मरता, तो शशिकांत जी सांत्वना देने से पहले पूछते, "मौत अचानक हुई या रूटीन की?" उनके चेहरे पर हमेशा एक स्थायी व्यंग्य होता – मानो जिंदगी को उन्होंने ईएमआई पर ले रखा हो। पिछले महीने उन्होंने समाज सेवा का नया स्टार्टअप खोला – 'चाय विद चुटकी'। उद्देश्य था – "एक कप में समाज की सारी समस्याओं को घोलना और फिर उसे गर्मागरम परोस देना।" लेकिन पहले ही दिन समस्या घुल नहीं पाई, चाय में नमक घुल गया। वो चाय पीने वालों से बोले, "भाइयों और बहनों, यह चाय नहीं, व्यवस्था का घड़ा है – पी जाओ, तभी तो सुधार होगा।" लोगों ने पिया... और उल्टी भी की। पर शशिकांत जी मुस्कराए – "क्रांति ऐसे ही होती है।" हर मोहल्ले में एक चमचा होता है। पर शशिकांत जी के यहाँ तो चमचों की पूरी पंचायत थी – रामलाल, जमुना प्रसाद, और विमलेश। ये लोग हर बात पर ताली बजाते – "वाह साहब! आपने तो गधे को भी घोड़ा बना दिया!" शशिकांत जी मुस्कराते, "सही पकड़े हैं।" उन्होंने हर समस्या का हल चाय में ढूंढा – बेरोजगारी? एक चाय दो, नौकरी लग जाएगी। गड्ढों वाली सड़क? चाय पर चर्चा कर लो, सड़क तो न बदलेगी, मन जरूर बदल जाएगा। एक बार तो उन्होंने कहा – "जीडीपी गिर रही है? कोई बात नहीं, कप तो उठ रहा है न?" और पूरा मोहल्ला हँसते-हँसते रो पड़ा। घर में शशिकांत जी के बच्चे उन्हें 'पापा' नहीं, 'पब्लिक स्पीकर' कहते थे। जब भी उनकी बेटी उनसे नए जूते मांगती, वो कहते – "बेटी, असली सुंदरता आत्मा की होती है, पैर की नहीं।" बेटे ने एक बार कहा, "पापा, स्कूल में सब मेरा मज़ाक उड़ाते हैं।" जवाब मिला – "तो क्या हुआ? मैं भी नेता बना हूं, मेरा भी मज़ाक उड़ता है, फिर भी जनता मुझे वोट देती है।" घर की रसोई में नमक खत्म हो जाए, तो शशिकांत जी कहते – "चलो बेटा, समाज को सुधारने चले चलते हैं, वापसी में नमक भी ले आएंगे।"

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# पत्रकारिता : एक मशाल, एक मिशन, एक मर्सिया

सत्ता कांपे जब स्याही बहे-यही है सच्ची पत्रकारिता

एक कलम, कुछ शब्द, और सत्य की ताकत-यह वह हथियार है जो सत्ता के तख्त को हिला सकता है। लेकिन इस हथियार की कीमत क्या है? कभी-कभी स्याही, और कभी-कभी खून। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, जो हर 3 मई को आता है, केवल एक तारीख नहीं है। यह एक चीख है-उन पत्रकारों की, जिन्होंने सच के लिए अपनी जान दी। यह एक चुनौती है-उन सत्ताओं को, जो सवालों से डरती हैं। और सबसे बढ़कर, यह एक आह्वान है-हर उस इंसान के लिए, जो सच सुनना, सवाल पूछना, और न्याय की उम्मीद करना चाहता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब सत्ता स्याही से डरने लगे, तो समझ लीजिए कि कलम सही रास्ते पर है। लेकिन यह रास्ता सिर्फ कागज पर नहीं लिखा जाता-यह धमकियों, मुकदमों, सेंसरशिप, और खून से तर रास्तों से होकर गुजरता है। पत्रकारिता कोई नौकरी नहीं, एक जंग है। यह जंग सच और झूठ के बीच, सत्ता और जनता के बीच, अंधेरे और रोशनी के बीच लड़ी जाती है। जब कोई पत्रकार युद्ध के मैदान से, भ्रष्टाचार की काली गलियों से, या वंचित गांवों की अनसुनी कहानियों को दुनिया के सामने लाता है, वह सिर्फ खबर नहीं लिखता। वह इतिहास के पन्नों पर सत्य को अमर करता है। वह उन आवाजों को बुलंद करता है, जो सत्ता के शोर में खो जाती हैं। लेकिन इस साहस की कीमत भारी है। 2024 में, रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में 60 से अधिक पत्रकारों को उनके काम के लिए मार दिया गया, और 500 से ज्यादा जेल में बंद हैं। ये आंकड़े सिर्फ संख्याएं नहीं, बल्कि उन सपनों की चीत्कार हैं, जो सच के लिए कुचल दिए गए। फिर भी, ये पत्रकार अपनी कलम को तलवार बनाकर लड़ते हैं, ताकि हम एक लोकतांत्रिक समाज में सांस ले सकें।

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

प्रेस की आज़ादी कोई स्थायी खजाना नहीं, जिसे एक बार हासिल कर लिया तो हमेशा सुरक्षित रहे। यह एक नाजुक धागा है, जो सत्ता के एक झटके से टूट सकता है। जब सरकारें आलोचना को देशद्रोह मानने लगें, जब राष्ट्रवाद का नकाब सवाल उठाने वालों को चुप कराने के लिए इस्तेमाल हो, तब प्रेस स्वतंत्रता एक नारा नहीं, बल्कि एक क्रांति बन जाती है। यह क्रांति ज़रूरी है। क्योंकि जब सत्ता निरंकुश हो, तो एक स्वतंत्र प्रेस ही जनता की आखिरी उम्मीद होती है। भारत जैसे देश में, जहां लोकतंत्र की जड़ें गहरी हैं, वहां भी यह आज़ादी खतरे में है। पत्रकारों पर "राष्ट्रविरोधी" ट्वीट्स के लिए केस, डिजिटल मीडिया पर निगरानी, और ट्रोल आर्मी के हमले—ये सब प्रेस की सांसों को घोटने की साजिशें हैं। फिर भी, कुछ निडर पत्रकार अपनी आवाज़ को बुलंद रखते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि उनकी चुप्पी कई पीढ़ियों को गूंगा बना सकती है।

आज का दौर सिर्फ कागज की पत्रकारिता का नहीं। डिजिटल क्रांति ने प्रेस की पहुंच को बढ़ाया है, लेकिन खतरों को भी कई गुना कर दिया है। एक ट्वीट को "राष्ट्रविरोधी" करार देना, एक पोस्ट को सेंसर करना, या एक पत्रकार को ऑनलाइन धमकियां देना-यह सब अब चंद सेकंड का खेल है। साइबर हमले, डेटा चोरी, और डिजिटल निगरानी पत्रकारों के लिए नई जंजीरें हैं। लेकिन यही डिजिटल मंच वह ताकत भी है, जहां सत्य की आवाज़ें गूंज रही हैं। स्वतंत्र पत्रकार, ब्लॉगर, और नागरिक पत्रकारिता ने दिखाया है कि सत्य को जंजीरों में नहीं बांधा जा सकता। फिर भी, इस आज़ादी को बचाने की ज़िम्मेदारी सिर्फ पत्रकारों की नहीं, हमारी भी है। क्योंकि जब प्रेस चुप होता है, तो समाज की आत्मा भी मौन हो जाती है।


सोचिए, अगर अखबार सिर्फ सत्ता के गुणगान छापें, न्यूज़ चैनल सरकार की कठपुतली बन जाएं, और सोशल मीडिया पर सेंसरशिप की तलवार लटके, तो सच्चाई कहां बचेगी? ऐसी दुनिया में हमारी आवाज़ें गुलाम हो जाएंगी। इसलिए विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस सिर्फ पत्रकारों का दिन नहीं। यह हर उस इंसान का दिन है, जो सच जानना चाहता है, जो सवाल पूछना चाहता है, जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहता है। यह दिन हमें यह सिखाता है कि प्रेस की आज़ादी हमारी अपनी आज़ादी है। इसे बचाना हमारा धर्म है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रगति दिखाई देश ने, चली रेत में नाव।
देश पुन: रखने लगा, अंगद जैसा पांव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# चंद्रभेदी प्राणायाम ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम को कंट्रोल करता है

जैसा कि देखने में आ रहा है वर्तमान समय में गर्मी का मौसम प्रारंभ हो चुका है, और तापमान धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। योगाचार्य महेश पाल बताते है कि इस अत्यधिक गर्मी के मौसम में शरीर में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं, जैसे हीट स्ट्रोक, हीट थकावट, हीट क्रैम्प, और गर्मी से होने वाले दाने. ये समस्याएं शरीर के तापमान के बढ़ने, निर्जलीकरण और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण होती हैं, हीट स्ट्रोकः- यह एक गंभीर चिकित्सा आपातकाल है जिसमें शरीर का तापमान 104F (40C) से ऊपर बढ़ जाता है, हीट थकावटः- इसमें भी शरीर को बहुत गर्मी लगती है और निर्जलीकरण होता है,हीट क्रैम्पः- इसमें मांसपेशियों में ऐंठन होती हैं जो अत्यधिक पसीने और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के कारण होती हैं,निर्जलीकरणः- अत्यधिक पसीने के कारण शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है, जिससे चक्कर आना, सिरदर्द और थकान जैसे लक्षण हो सकते हैं, इन सभी समस्या से बचाव में चंद्रभेदी प्राणायाम शीतली और शीतकारी प्राणायाम अति लाभदायक है चंद्र भेदी प्राणायाम हमारे शरीर के तापमान को सामान्य बनाए रखने में और हमें अत्यधिक गर्मी से बचाव में लाभदायक है, चंद्रभेदी प्राणायाम की उत्पत्ति योग चूड़ामणि उपनिषद में पाई जाती है, जो कुंडलिनी और तंत्र योग के मौलिक ग्रंथों में से एक है। योग ग्रंथों में कहा गया है कि चंद्र भेदन प्राणायाम बुरे कर्मों को शुद्ध करता है, जो मनोवैज्ञानिक या भावनात्मक बोझ हम ढोते हैं। इस प्राणायाम का उपयोग चंद्र या इड़ा नाड़ी (चंद्र चैनल) को शुद्ध करने और कुंडलिनी ऊर्जा को जागृत करने के लिए भी किया जाता है। चंद्र भेदन के ऐसे लाभ गूढ़ लग सकते हैं, लेकिन आम तौर पर कहें तो यह चिंतित और उत्तेजित मन को शांत करने का एक उत्कृष्ट संसाधन है। यह अभ्यास बायीं नासिका से श्वास लेकर किया जाता है, क्योंकि इससे इड़ा नाड़ी में किसी भी रुकावट को दूर करने में मदद मिलती है, जो मूलाधार चक्र से शुरू होती है और बायीं नासिका में समाप्त होती है। इड़ा नाड़ी पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र को नियंत्रित करती है, और इसलिए शांति और विश्राम से संबंधित है। संस्कृत में, इड़ा का अर्थ है 'आराम', और नाड़ियाँ शरीर के चारों ओर ऊजावान चैनल हैं, जो प्राण के उन प्रवाह की अनुमति देती हैं। आयुर्वेद और योग दर्शन में नाड़ियों को रुकावटों से मुक्त रखना महत्वपूर्ण माना जाता है ताकि प्राण ठीक से प्रवाहित हो सके। क्योंकि इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार होता है, प्राणायाम को नियमित करने से कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है। इसी तरह चंद्रभेदन प्राणायाम शरीर में होने वाले बदलावों के साथ-साथ उनसे होने वाली बीमारियों से भी छुटकारा दिलाने में मदद करता है। चंद्रभेदन प्राणायाम करने से शरीर में मौजूद नाड़ीया शुद्ध होती है। साथ ही ऐसा करने से चंद्रनाड़ी भी सक्रिय हो जाती है। इसी कारण से इस प्राणायाम का नाम चंद्रभेदन प्राणायाम रखा गया है, चंद्रभेदन प्राणायाम को अंग्रेजी में लेफ्ट नॉस्ट्रिल ब्रीथिंग भी कहा जाता है। चंद्रभेदन प्राणायाम दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें चंद्र का अर्थ है चंद्रमा और वेधन का अर्थ है प्रवेश करना या तोड़ना। सांस लेने के लिए हमारे पास दो नासिका छिद्र हैं। योग में इसे नाड़ी कहा जाता है, जिसमें दायीं नासिका को सूर्य नाड़ी और बायीं नासिका को चंद्र नाड़ी के नाम से जाना जाता है। चंद्रभेदन प्राणायाम एक सरल और प्रभावी श्वास तकनीक है, चंद्रभेदी प्राणायाम गर्मियों के दिनों में किया जाने बाला अभ्यास है। यह प्राणायाम शरीर में ठंडक बढ़ाता है। इससे मौसम की गर्मी का असर शरीर पर कम पड़ता है। हमारे शरीर का सामान्य तापमान आमतौर पर 98.6 F (37c) रहता है। यह लोगों में उम्र, कार्य जैसी स्थितियों के आधार पर भिन्न भी हो सकता है। हमारा शरीर स्वतः तापमान को नियंत्रित भी करता रहता है, पर कुछ स्थितियों में इसके बढ़ने का खतरा रहता है जिसके कारण अधिक गर्मी लगने का एहसास हो सकता है। हमारे शरीर की रक्त संचार प्रणाली, तापमान का मुख्य नियामक है। जब हम गर्म महसूस करते हैं, तो रक्त वाहिकाएं फैल जाती हैं ताकि उनमें से अधिक रक्त प्रवाहित हो सके। इससे त्वचा में रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है, जिससे अतिरिक्त गर्मी निकल जाती है। इसी तरह जब हम ठंडा महसूस करते हैं, तो रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। यदि आप तनावग्रस्त हैं, तो आपका ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम सक्रिय हो जाता है, जिससे रक्त आपके शरीर के मुख्य अंगों की ओर तेजी से बढ़ने लग जाता है, इससे अधिक गर्मी महसूस होती है। इसके अलावा मसालेदार भोजन, कैफीन और अल्कोहल भी हमारे हृदय गति को बढ़ा देते हैं, जिससे हमें अधिक गर्मी और पसीना आता है और शरीर में फैट की मात्रा जितनी अधिक होती है, उतनी ही अधिक गर्मी महसूस होती है।

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अबुआ आवास योजना में शौचालय निर्माण सुनिश्चित करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में चल रही जल आपूर्ति एवं स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड स्तर पर गृह जल संयोजन की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों को शीघ्र संयोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सिंगल विलेज स्कीम, एमबीएस की प्रगति, एवं सोलर आधारित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। प्रत्येक पंचायत में 10 अदद ड्रील नलकूपों की स्थापना के कार्य की भी अद्यतन स्थिति जानी और धीमी प्रगति वाले क्षेत्रों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। पंचायत की राशि से नाडेप एवं शोक पीट निर्माण कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने अभिकरण के साथ अबुआ आवास योजना में शौचालय निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवास में शौचालय की अनिवार्यता को प्राथमिकता दी जाए। इस संबंध में उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्राचार कर अबुआ आवास योजना के लाभुकों की अद्यतन सूची दो दिन के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश देने की बात कहीं। सूची प्राप्त होते ही शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह कदम आवश्यक है एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बंद नलकूपों एवं सोलर आधारित जलमीनारों की मरम्मति से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल ने जानकारी दी कि अप्रैल 2025 में 122 नलकूपों की मरम्मति संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 56 नलकूपों की मरम्मति पूर्ण कर ली गई है। वहीं, 22 सोलर जलमीनारों के बंद होने की शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6 की मरम्माति कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा बसाईन जलापूर्ति योजना को यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंत में उपायुक्त महोदय ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य के अनुसार कार्य पूरा करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करने और जमीनी स्तर पर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## वॉटर शेड जलछाजन की समीक्षात्मक बैठक में जल संरक्षण पर दिया जोर

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वॉटर शेड योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जलछाजन कार्यक्रम के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं जल संरक्षण को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जेजेएवाई जल जीवन और आजीविका योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की भी जानकारी ली। उपायुक्त महोदय ने कहा कि जल स्तर में गिरावट एक गंभीर चिंता का विषय है, जिसे रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से बैठक का आयोजन कर आपसी समन्वय से प्रत्येक गांव पंचायत के लिए जल संचयन से संबंधित विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। यह योजना क्षेत्रीय वर्षा जल की उपलब्धता एवं ग्रामीण आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाई जाए। उन्होंने कहा कि जल संचयन के लिए चेक डैम, तालाबों का निर्माण, खेतों में मेड़बंदी, वृक्षारोपण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों को प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देते हुए ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी और समय-समय पर इसकी प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे जल संचयन को जन आंदोलन बनाएं ताकि आने वाले वर्षों में भूमिगत जल स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार फण्ड की कमी होगी तो उसे मनरेगा से लिया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला तकनीकी विशेषज्ञ सुभाष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों के डीडीओ एवं सहायक ने सक्रिय भागीदारी की। डीडीएम श्री चन्द्रशेखर ने उपस्थित पदाधिकारियों को योजना के महत्व और इसके सुचारु क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में टाटा एआईजी बीमा कंपनी से पहुँची तकनीकी टीम ने पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया, दस्तावेज़ अपलोडिंग तथा व्ययन पदाधिकारी द्वारा सत्यापन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही योजना से जुड़ी तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान भी साझा किए गए। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जिले के सभी शासकीय सरकारी कर्मियों का स्वास्थ्य बीमा 5 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। योजना का उद्देश्य कर्मियों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है, जिससे आपात स्थिति में उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मनाया श्रम दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** मजदूर दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा ने व्यवहार न्यायालय में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी मजदूरों को सम्मानित किया। इस मौके पर पीडीजे ने सभी मजदूरों को श्रम दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर पीडीजे ने कहा कि आपका देश के विकास में अमूल्य योगदान है। आपकी मेहनत और लगन के बिना, हमारा समाज प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आप अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और उन्हें सुरक्षित करने के लिए आवाज उठाएं। न्याय पाने के लिए संघर्ष करना आपका अधिकार है। आपकी मेहनत और समर्पण के लिए धन्यवाद। सम्मान पाकर सभी दैनिक वेतनभोगी मजदूरों ने प्रधान जिला जज का आभार व्यक्त किया। मौके पर प्राधिकार की एडीजे नरंजन सिंह,सीजेएम निताशा बारला,प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम,न्यायिक दंडाधिकारी सुभाष बाड़ा सहित कई न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में अज्ञात बुजुर्ग घायल दाहिना पैर टूटा

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के जोराम पंचायत के खुड़ेरबहार गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 143 पर गुरुवार रात एक बुजुर्ग व्यक्ति सड़क पार कर रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग का दाहिना पैर टूट गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को दी। प्रमुख स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस को बुलाकर घायल व्यक्ति को तत्काल ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल भेजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बुजुर्ग को सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।समाचार लिखे जाने तक। घायल व्यक्ति की पहचान अब तक नहीं हो सकी थी क्योंकि वे बोल पाने की स्थिति में नहीं हैं।

## चेकडैम से आसपास के खेतों में सिंचाई की सुविधा होगी बेहतर : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जल संसाधन विभाग के तहत कुरडेग प्रखंड के सूखाजोर नाला पर एकल चेकडैम निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इस परियोजना का शिलान्यास शुक्रवार को विधायक भूषण बाड़ा के द्वारा विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फादर क्लेमेंट कुल्लू की अगुवाई में प्रार्थना सभा के साथ हुई।मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि यह चेकडैम न केवल जल संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि स्थानीय किसानों को सिंचाई की सुविधा भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जल संचयन की यह योजना ग्रामीणों की लंबे समय से की जा रही मांग का उत्तर है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि चेकडैम निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा। विधायक ने कहा कि जल संसाधन से जुड़ी परियोजनाएं प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जा रही हैं। इस चेकडैम से आसपास के गांवों के खेतों में सिंचाई की सुविधा बेहतर होगी, जिससे कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि चेकडैम के निर्माण से जल स्तर में सुधार होगा और ग्रामीणों को पीने और खेती के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस चेकडैम से क्षेत्र में जल संकट की समस्या दूर होगी और विकास की एक नई शुरुआत होगी। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष तेलेस्फोर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की एवं दीपक जायसवाल, नीलिमा खाखा, संगीता किस्पोट्टा, बिलाल अंसारी, सुमित सारंगी, संजय तिर्की, और कुरडेग थाना प्रभारी सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## न्यूज बॉक्स

### सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल में नामांकन जारी



**कुरडेग।** सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल परकला ( कुरडेग ) में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है स्कूल के प्राचार्य मनोरंजन कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल में प्रशिक्षित शिक्षक , सहायक वातावरण के साथ परिवहन एवं छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है । यहां शुरुआती कक्षाओं से ही बच्चों को अंग्रेजी भाषा के स्तर के साथ गणित और विज्ञान विषय पर विशेष ध्यान दिया जाता है साथ ही बच्चों को कम्प्यूटर एवं योग और शारिरिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है । उन्होने बताया कि अब तक लगभग 150 से अधिक नये विद्यार्थियों ने स्कुल में प्रवेश लिया है स्कूल में सीमित सीटे ही उपलब्ध है अतः जो अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन स्कुल में कराना चाहते हैं वे जल्द से जल्द नमांकन करा लें । गौरतलब हो स्कूल में एम आई सी ए एजुकेशन रांची के निदेशक श्री संजय जैन के मार्ग दर्शन में बच्चो को कम्प्यूटर शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ।

### बोलबा में बस और कार की सीधी भिड़ंत, एक गंभीर सहित कई घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अंतर्गत शंख नदी पुल के पास गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। महालक्ष्मी बस और बलेनो मारुति कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कई अन्य लोग मामूली रूप से जख्मी हुए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महालक्ष्मी बस बोलबा से सिमडेगा की ओर जा रही थी, वहीं बलेनो कार कोलेबिरा से तलमंगा की ओर जा रही थी और उसमें पान लग्न ले जाया जा रहा था। शंख नदी पुल के पास दोनों वाहनों में सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का आगे का टायर फट गया और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।घायलों में गोपाल सिंह (जलडेगा), अल्पनाथ सिंह (कोलेबिरा), और सोमनाथ सिंह (किंजीरकेला, बसिया) शामिल हैं। इनमें गोपाल सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों और बोलबा पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल बोलबा अस्पताल लाया गया, जहां डॉ. देबोतोष भूटिया की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद गोपाल सिंह को बेहतर इलाज हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही घटना प्रभारी संतोष कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गुटखा और सिगरेट की अवैध बिक्री पर कार्रवाई, एक दुकानदार पर जुर्माना

**कुरडेग।** राज्य सरकार द्वारा गुटखा और पान मसाला जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगाए जाने के बावजूद कुरडेग क्षेत्र में खुलेआम इनका व्यापार जारी है। इसी क्रम में अंचल अधिकारी किरण डांग एवं थाना प्रभारी संजीत कुमार के संयुक्त नेतृत्व में कुरडेग बस स्टैंड के आसपास कई दुकानों पर औचक छापेमारी की गई।कार्रवाई के दौरान बस स्टैंड स्थित एक हॉलसेल दुकानदार अशरफी की दुकान से बड़ी मात्रा में गुटखा, सिगरेट, बीड़ी और पान मसाला जब्त किया गया। मौके पर ही 200 रुपये का जुर्माना लगाकर दुकानदार को सख्त चेतावनी दी गई।वहीं, बिहारी पान दुकान और राजेश पान दुकान में छापेमारी के दौरान किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित उत्पाद बरामद नहीं हुआ। जब्त किए गए गुटखा और सिगरेट को अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी की मौजूदगी में मौके पर ही जलाकर नष्ट कर दिया गया।इस कार्रवाई से इलाके में गुटखा बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सिमडेगा में स्मार्ट पीडीएस योजना पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**सिमडेगा।** झारखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी, सटीक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को सिमडेगा नगर भवन में सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी एवं सभी अंचल अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सादिक सैफी ने प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्मार्ट पीडीएस योजना की कार्यप्रणाली समझाई। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पीडीएस दुकानों में ई-पॉश मशीनें लगाई गई हैं, जिनमें ऐसा सॉफ्टवेयर डाला गया है जो खाद्यान्न वितरण की निगरानी करता है। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिये लाभुकों की पहचान सुनिश्चित होती है, जिससे फर्जीवाड़ा रोका जा सकेगा।उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के अंतर्गत सिर्फ अनाज वितरण ही नहीं, बल्कि एफसीआई गोदाम से एसएफसी गोदाम तक और वहां से पीडीएस दुकानों तक अनाज के परिवहन की रियल टाइम जानकारी केंद्र सरकार को मिलती रहेगी। इससे केंद्र को रिपोर्ट भेजने की निर्भरता कम होगी और वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी।मुख्य अतिथि अरुणा कुमारी ने कहा, स्मार्ट पीडीएस योजना राज्य में खाद्यान्न वितरण प्रणाली को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। इससे ना केवल लाभुकों को समय पर खाद्यान्न मिलेगा बल्कि वितरण प्रक्रिया में गड़बड़ी की संभावना भी खत्म होगी।उन्होंने उपस्थित विक्रेताओं से अपील की कि वे तकनीक को अपनाने में सहयोग करें और लाभुकों के साथ ईमानदारी बरतें। इस मौके पर सिमडेगा के सभी प्रखंड से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह सीओ जिसमे सिमडेगा से सीओ इम्तियाज अहमद,जलडेगा से सीओ प्रवीण कुमार, केरसई से सीओ देवकांत सिंह,बांसजोर से सीओ पंकज भगत,बानो से सीओ नईमुद्दीन अंसारी बोलबा से सुधांशु पाठक सहित सभी सीओ उपस्थित थे।

## सरकारी योजनाओं के लागू न होने से मजदूर कर रहे हैं पलायन : राजेश कुमार

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर गुरुवार को सिमडेगा के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के बैनर तले एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों मजदूरों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मजदूरों के हक और अधिकारों पर चर्चा हुई और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए।मुख्य वक्ता के रूप में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने मजदूरों की स्थिति पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "सिमडेगा जिला में मजदूरों का निरंतर शोषण हो रहा है। उन्हें न तो तय मजदूरी मिल रही है, न ही सुरक्षित कार्य वातावरण। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि प्रशासन और सरकार इस ओर पूरी तरह उदासीन बनी हुई है।राजेश कुमार सिंह ने कहा कि रोजगार के अभाव और सरकारी योजनाओं के ठीक से लागू न होने के कारण जिले से बड़ी संख्या में मजदूर पलायन को मजबूर हैं। "हर साल दर्जनों मजदूर काम की तलाश में दूसरे राज्यों में जाते हैं और कई बार वहाँ उनकी मौत तक हो जाती है। यह केवल आंकड़ा नहीं, एक पूरी पीढ़ी की पीड़ा है, जिसे अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।उन्होंने सरकार से मांग की कि हर जिले में श्रमिक आयोग की सक्रियता सुनिश्चित की जाए, पलायन रोकने के लिए स्थानीय रोजगार सृजन की नीति बने और बाहर काम करने वाले मजदूरों के लिए बीमा और सुरक्षा की ठोस व्यवस्था की जाए।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी माहौल को जीवंत कर दिया। सुर तरंग स्टूडियो के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोक गीत, जन जागरूकता गीत और देशभक्ति संगीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा स्टेडियम झूम उठा। लोगों ने ताली बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विमल नायक प्रेमदास ,मंजू लकड़ा, विलकन मुंडू, कुबेर कैथवर,मो आशिफ,सहित सैकड़ो की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## बोलबा में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूरों का हुआ सम्मान

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के समसेरा पंचायत में 1 मई 2025 को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत मुखिया एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सुरजन बड़ाईक की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर श्रमिकों और मजदूरों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कार्यक्रम की शुरुआत श्रमिकों के पैर पखार कर की। इसके पश्चात उन्हें तिलक लगाया गया, अंगवस्त्र भेंट किए गए और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, मजदूर और श्रमिक समाज की रीढ़ हैं। उनका दर्जा कहीं ऊंचा है और हमें सदैव उनका सम्मान करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान मजदूरों को कुदाल समेत रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं प्रदान कर उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा गया।

## सिमडेगा युवा कांग्रेस करेगी मनरेगा मानदेय बढ़ाने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** मजदूर दिवस के अवसर पर सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चन्दन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी दीनबंधु बोईपाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देशानुसार संगठन विस्तार, आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मनरेगा मजदूरों को मिलने वाला वर्तमान मानदेय अत्यंत कम है और महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सिमडेगा युवा कांग्रेस मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजकर मनरेगा मजदूरों का दैनिक मानदेय 450 करने की मांग करेगी, जिससे मजदूरों का जीवन यापन बेहतर हो सके और पलायन की समस्या कम हो।जिलाध्यक्ष चन्दन कुमार सिंह ने सिमडेगा के युवाओं से कांग्रेस से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है, जिसे केवल कांग्रेस ही बचा सकती है। उन्होंने कहा कि देश का मध्यम वर्ग कर्ज़ में डूबता जा रहा है जबकि केंद्र सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में मजदूर दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में 1 मई और 2 मई 2025 को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को मजदूरों के योगदान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था।गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने मजदूर दिवस की महत्ता पर आधारित भाषण और नाट्य प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों में मजदूरों की जीवनशैली, संघर्ष और समाज में उनके महत्व को दर्शाया गया। बच्चों ने भावनात्मक संवादों और सजीव अभिनय के माध्यम से दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।दूसरे दिन, यानी 2 मई को छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित पोस्टर बनाए जिनमें मजदूरों के अधिकार, उनकी सुरक्षा, सामाजिक सम्मान जैसे मुद्दे शामिल थे। छात्रों की रचनात्मकता और संदेश देने की शैली की सभी ने सराहना की। साथ ही विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, "हमारे देश के निर्माण और विकास में मजदूरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनकी मेहनत और समर्पण के बिना कोई भी बुनियादी ढांचा या सुविधा संभव नहीं हो सकती। हमें न केवल उनका सम्मान करना चाहिए, बल्कि उनके अधिकारों की रक्षा के लिए भी सदैव जागरूक रहना चाहिए।कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र देने और 'हर हाथ को सम्मान' का संकल्प लेने के साथ किया गया।

## टैसेर ग्रामसभा में एकलव्य विद्यालय निर्माण पर जताई आपत्ति

**केरसई।** प्रखंड अंतर्गत टैसेर गांव में ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान सेरयाकुस टोप्पो ने की। बैठक में बाप जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की, जिला समिति सदस्य विपिन डुंगडुंग, कांग्रेस नेता अनुप लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि सेरोफिना कुल्लू, अंचल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी केरसई सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामसभा में मुख्य मुद्दा मौजा टैसेर, खाता संख्या 623, प्लॉट संख्या 6964, रकबा 7.70 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण था। यह जमीन एकलव्य विद्यालय निर्माण के लिए चिह्नित की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना के प्रशासन ने जमीन की नापजोख शुरू कर दी, जो ग्रामसभा की अनुमति के बिना असंवैधानिक है।बैठक में अमृत चिराग तिर्की ने संविधान की पांचवीं अनुसूची और अनुच्छेद 244(1) का हवाला देते हुए कहा कि ग्रामसभा को अपने क्षेत्र में निर्णय लेने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। वहीं विपिन डुंगडुंग ने विभिन्न सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों और सीएनटी एक्ट का हवाला देकर भूमि संरक्षण की बात रखी। अनुप लकड़ा ने बताया कि यह भूमि वन अधिकार कानून 2006 के तहत लंबित बंदोबस्ती मामले में शामिल है, जिसे स्थानांतरित नहीं किया जा सकता।

## मजदूरों के परिवारों की रक्षा करना हमारा दायित्व : विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** संत जोसेफ चर्च कटुकोना पारिस में संत जोसेफ पर्व और अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारिस में आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में काथलिक मसीही विश्वासी शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और उनकी धर्मपत्नी एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहने की कामना की। उन्होंने कहा कि संत जोसफ केवल ईसा मसीह के पिता ही नहीं थे। बल्कि एक सरल, सच्चे और मेहनती इंसान का प्रतीक भी थे। मजदूर दिवस उस मेहनतकश वर्ग को समर्पित है जिसने अपने पसीने से देश की नींव रखी है। हर जगह हमारे मजदूर भाई-बहन अपना खून-पसीना बहाकर देश की रचना करते हैं। उनके बिना कोई विकास, कोई तरक्की संभव नहीं है। विधायक ने मंच से वादा करते हुए कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, उनके बच्चों की शिक्षा और उनके स्वास्थ्य की सुविधा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।



● कटुकोना पारिस में संत जोसेफ पर्व और मजदूर दिवस का हुआ भव्य आयोजन

### हमारे मजदूर ही हमारे असली हीरो: जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि संत जोसफ का जीवन हमें यही प्रेरणा देता है कि हर वर्ग को सम्मान मिले। संत जोसफ ने हमें सिखाया कि मेहनत करने वाला कभी छोटा नहीं होता। उन्होंने कहा कि हमारे मजदूर ही हमारे असली हीरो हैं। वे भले ही कंधों पर ईंट-पत्थर उठाते हैं, लेकिन असल में वही हमारे सपनों की इमारतें खड़ी करते हैं। जोसिमा ने कहा कि मजदूरों को उनके हक मिले। मजदूरी समय पर मिले, उनके बच्चों को शिक्षा और परिवार को स्वास्थ्य सुविधा मिले।इस अवसर पर पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 12 गांवों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और लोक कला की झलक देखने को मिली। जिससे दर्शकों में उल्लास देखी गई। सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में तिर्रा सिटू टोली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं काटुकोना हाता की टीम द्वितीय और मरियम टोली की टीम तृतीय स्थान पर रही। विजेता टीम को विधायक भूषण बड़ा द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए पल्ली पुरोहित फादर पात्रिक बारला, मैनर सेमिनरी डायरेक्टर फादर पीटर बारला, सिस्टर सेराफिना, सिस्टर सरिता आदि उपस्थित थे।




# शुभ मुहूर्त में खोले गए केदारनाथ धाम के कपाट

**एजेंसी। केदारनाथ।** उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ भक्तों के लिए खोल दिए गए। अब अगले छह महीनों तक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर पाएंगे। शुक्रवार सुबह 7 बजे शुभ मुहूर्त में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ खोले गए। मंदिर के कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। कपाट खुलते समय आर्मी बैंड ने मधुर धुनें बजाईं। इस दौरान केदारनाथ घाटी श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठी। इस अवसर पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्य पुजारी वागेश लिंग, तीर्थ पुरोहित, बीकेटीसी के पदाधिकारी, स्थानीय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे। इससे पहले, अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर यमुनोत्री धाम के कपाट खोले गए थे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बीते बुधवार को 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे थे। बता दें कि यमुनोत्री और गंगोत्री के बाद केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। अब चार मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुल जाएंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यमुनोत्री से यात्रा शुरू करने पर चारधाम यात्रा में किसी भी प्रकार की रुकावट भक्तों को नहीं आती है। यमुनोत्री, यमुना नदी का उद्गम स्थल है। यमुना जी यमराज की बहन हैं और उन्हें वरदान प्राप्त है कि वह अपने जल के माध्यम से सभी का दुख दूर करेंगी। मान्यता है कि जो श्रद्धालु यमुनोत्री में स्नान करता है, उसे मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है। इसी वजह से भक्त चारधाम यात्रा की शुरुआत यमुनोत्री से करते हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी।

# राम लला मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा 3 जून से

**एजेंसी। अयोध्या**

राम मंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा के लिए भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक का शुभारंभ आज अयोध्या में हुआ। समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कल दोपहर अयोध्या पहुंचकर कार्यदायी संस्था द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने परकोटा और इसके बाहर बन रहे सप्त मंदिरों के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि मुख्य मंदिर अगस्त या सितंबर में और परकोटा नवंबर में हैंडओवर हो जाएगा।

उन्होंने अहम जानकारी साझा करते हुए कहा कि परकोटा और सप्त मंदिरों में साधु-संतों और भगवान की मूर्तियों की स्थापना शुरू हो चुकी है। मुख्य मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिमा और शेषावतार मंदिर की प्रतिमाएं शेष हैं। 23 मई को राम दरबार की प्रतिमा गर्भगृह में



● दर्शन को प्रतिदिन दिए जाएंगे 750 पास

स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, 30 मई तक शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण जी की प्रतिमा भी पहुंचकर स्थापित की जाएगी। राम मंदिर के राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा 3 जून से शुरू होगी और 5 जून को पूर्ण होगी। श्रद्धालुओं के दर्शन की तिथि राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा तय की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार के दर्शन के लिए प्रति दिन 750 श्रद्धालुओं को पास के जरिए अनुमति दी जाएगी। प्रति घंटे 50 पास 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर जारी होंगे। शुरुआती तीन महीनों में मंदिर के लोड फैक्टर की जांच होगी। रुड़की के वैज्ञानिकों ने मंदिर के मापदंडों के आधार पर प्रति घंटे 50 श्रद्धालुओं को प्रथम तल पर जाने की अनुमति दी है। मंदिर में 10 सेंसर लगाए गए हैं, जो पत्थरों के मूवमेंट और भूकंप के संकेतों की जानकारी देते हैं। इन सेंसरों के जरिए तीन महीने तक मंदिर पर पड़ने वाले लोड का अध्ययन किया जाएगा। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर की बाउंड्री और ऑडिटोरियम को छोड़कर, मंदिर परिसर के सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे। जयपुर में बन रही राम दरबार की प्रतिमा प्रथम तल पर स्थापित होगी। रक्षा मंत्रालय द्वारा छह महीने पहले टाइटेनियम से निर्मित राम दरबार की प्रतिमा ट्रस्ट को समर्पित की गई थी, लेकिन इसे स्थापित करने की योजना नहीं है।

## कांग्रेस, सपा और राजद मचा रहे जाति जनगणना का झूठमूठ का हल्ला : केशव प्रसाद

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने जाति जनगणना का झूठा श्रेय लेने के लिए कांग्रेस, सपा और राजद की आलोचना की। केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए लिखा, "परिवादी तिकड़ी में जकड़ी कांग्रेस, सपा और राजद तीनों जाति जनगणना का श्रेय लेने का झूठमूठ का हल्ला मचा रहे हैं। दस साल पहले यूपीए शासनकाल में राजद नेता लालू प्रसाद यादव और सपा नेता मुलायम सिंह यादव यानी दो यादव परिवार कांग्रेस के शाही परिवार की मजबूत बैसाखी बनकर केंद्र की सत्ता में अपना हिसाब-किताब साफ कर रहे थे। कांग्रेस दोनों को जांच एजेंसियों का ख़ौफ़ दिखा रही थी। आय से अधिक संपत्ति के संगीन मामले थे। अमेरिका से परमाणु समझौता कराने में भी सपा की कथित भूमिका थी। जाति जनगणना की पैरोकारी तब केवल छलावा भर थी।

## बिहार में जातीय सर्वेक्षण का पूरा श्रेय नीतीश के नाम, तेजस्वी बस सुर्खियों बटोर रहे : अशोक चौधरी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में जातीय जनगणना को लेकर सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के ताजा बयान पर तीखा पलटवार किया है। तेजस्वी के क्रेडिट लेने के दावों को खारिज करते हुए चौधरी ने कहा कि बिहार में जातीय सर्वेक्षण का पूरा श्रेय नीतीश कुमार और उनकी सरकार को जाता है। उन्होंने तेजस्वी पर बिना मेहनत किए सुर्खियां बटोरने का आरोप लगाया। हाल ही में तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार द्वारा 2025 की जनगणना में जातीय गणना शामिल करने के फैसले को अपनी और महागठबंधन की जीत बताया था। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 2023 में कराया गया जातीय सर्वेक्षण उनकी पहल का नतीजा था। इस पर अशोक चौधरी ने तंज कसते हुए कहा, "देखिए, इन लोगों ने अपने समय में कुछ नहीं किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एजिंग विद डिग्निटी' नामक कार्यक्रम में भाग लिया, बोलीं

# वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। हमें उनके मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए और उनकी मूल्यवान संगति का आनंद लेना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक वृद्धावस्था का समय सम्मान और सक्रियता के साथ बिताएं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बना रही है ताकि वे जीवन के सभी पहलुओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। उन्होंने सभी नागरिकों से बुजुर्गों की खुशी और कल्याण के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने, उनके मार्गदर्शन को महत्व देने और उनकी बहुमूल्य संगति का आनंद लेने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी के साथ बहुत खुश रहते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ के रूप में काम करते हैं। बुजुर्ग जब अपने परिवार को फलता-फूलता देखते हैं तो उनका शरीर और मन स्वस्थ रहता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारी युवा पीढ़ी के लिए वरिष्ठ नागरिकों का साथ, प्रेरणा और मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने और सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि और प्रगति की ओर ले जा सकते हैं।



**राष्ट्रपति मुर्मू ने किया कल्याणकारी कार्यक्रम का शुभारंभ**

राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल 'एजिंग विद डिग्निटी' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक गृहों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण के साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारीज संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों के लिए वन-स्टेप डिजिटल प्लेटफार्म के रूप में काम करेगा।

## तेज हवा के चलते पेड़ गिरने से मकान ध्वस्त, चार की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के खरहरी नाहर गांव में शुक्रवार को तेज हवा चलने से बड़ा हादसा हो गया। तेज हवा की वजह से खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर एक विशालकाय पेड़ गिर गया। इससे एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान 26 वर्षीय ज्योति और उसके तीन बच्चों के रूप में हुई है, जबकि पति अजय को मामूली चोट आई है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और घायल अजय को अस्पताल में भर्ती कराया। निगम पार्षद शशि यादव ने इस हादसे पर दुख प्रकट किया। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि यह दुखद घटना है। इस हादसे में जहां परिवार का मुखिया घायल हो गया, मुख्यमंत्री ने भी इस हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिजनों को हर प्रकार की सहायता प्रदान की जाए। साथ ही, हमने अस्पताल से भी संपर्क स्थापित कर स्पष्ट निर्देश दिया है कि घायल अजय के उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए।

## ट्रक पर लदी गिट्टी में छुपाकर लायी जा रही विदेशी शराब

**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर शराब तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान मेहसी थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गिट्टी लदे एक ट्रक में छुपा कर लायी जा रही विदेशी शराब की बड़ी खेप को बरामद किया है।मिली जानकारी के अनुसार शराब की यह खेप बंगाल व झारखंड से मुजफ्फरपुर के रास्ते मोतिहारी लायी जा रही थी।पुलिस ने ट्रक से कुल 214 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसकी कुल मात्रा 1926 लीटर है।जिसकी अनुमानित कीमत लाखो में बतायी जा रही है। इस दौरान पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।जिसकी पहचान रामबाबू दास पिता स्वर्गीय लक्ष्मण दास ग्राम रसूलपुर जुनैदा थाना मोतीपुर जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## बलूचिस्तान में लोगों की हत्याएं पाकिस्तानी के रिकॉर्ड अध्यायों में से एक : सीएम

**एजेंसी। गुवाहाटी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि बलूचिस्तान में वर्षों से हो रही न्यायेतर हत्याएं पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड का सबसे काला अध्याय बनी हुई हैं। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "बलूचिस्तान में व्यवस्थित न्यायेतर हत्याएं, जिन्हें आमतौर पर 'मारो और फेंको नीति' के रूप में जाना जाता है, पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड में सबसे काले अध्यायों में से एक है। वर्षों से, बलूचों ने जबरन गायब किए जाने के क्रूर अभियान को झेला है, जहां छात्रों, कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों का राज्य एजेंसियां अपहरण कर लेती हैं, उन्हें यातना दी जाती है और बाद में वे दूरदराज के खड्डों में मृत पाए जाते हैं या उन्हें सुनसान सड़कों पर फेंक दिया जाता है।"मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बलूचिस्तान के लोगों का समर्थन करते हैं और उन्होंने याद दिलाया कि भारत उनके लिए खड़ा रहेगा। उन्होंने तर्क दिया कि प्रधानमंत्री मोदी की आवाज ने दुनिया का ध्यान बलूचिस्तान के संकट की ओर खींचा, जिसे पाकिस्तान ने लंबे समय तक दबाए रखा था। सीएम सरमा ने पोस्ट में उल्लेख किया, "यह अमानवीय प्रथा बलूचिस्तान में राज्य प्रायोजित आतंक का चेहरा बन गई है, जहां परिवारों को उम्मीद की जगह अपने प्रियजनों के क्षत-विक्षत शव मिलते हैं। इसी गंभीर पृष्ठभूमि में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 2016 के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान, वैश्विक समुदाय के लंबे समय से धारण मौन को तोड़ा। बलूचिस्तान से बहने वाली 'लाल नदियों' का जिक्र करते हुए, उन्होंने न्याय और सम्मान से वंचित लोगों को आवाज़ दी, यह इस बात की पुष्टि थी कि भारत उत्पीड़ित और चुप कराए गए लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

## हमारी सरकार बोलती ही नहीं है कार्रवाई भी करती है : दिलीप घोष

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के संदर्भ में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सिर्फ बोलते नहीं हैं, बल्कि करके भी दिखाते हैं। सरदार पटेल के बाद तो लोग भूल ही गए थे कि देश में कोई गृह मंत्री का भी पद होता है, लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई, उससे लोगों को गृह मंत्री के पद का एहसास हुआ। भाजपा नेता ने ये बातें पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकियों का समूल नाश किया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता का दावा है कि वे भारतीय हैं। उनके पास भारतीय नागरिकता को प्रमाणित करने वाले कई दस्तावेज मौजूद हैं, जिनमें भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड शामिल है। याचिकाकर्ता के वकील नंदकिशोर इस प्रकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताते हैं कि यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है। एक व्यक्ति मूल रूप से हिंदुस्तानी है, उसके पास खुद को हिंदुस्तानी साबित करने के लिए अनेकों दस्तावेज हैं। इसके बावजूद, उसे पाकिस्तान जाने के लिए कह दिया जाता है। नोटिस भेज दिया गया। याचिकाकर्ता ने अपने वकील के माध्यम से बताया कि हमारे परिवार में कुल छह सदस्य हैं। इनमें से दो बेटे बेंगलुरु में काम करते हैं। इसके अलावा, परिवार में माता, पिता, भाई और बहन हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि जब हमें पाकिस्तान के लिए नोटिस आया, तो हम हतप्रभ हो गए। यही नहीं, हमें गाड़ी में बैठाकर अटारी बॉर्डर तक ले जाया गया और कहा गया कि हम देश छोड़ दें, जबकि हम हिंदुस्तानी हैं। वकील और याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने सरकारी अधिकारियों को भारतीय नागरिकता की वैधता के बारे में दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा है कि जब तक सरकारी अधिकारी उचित निर्णय नहीं लेते, तब तक परिवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर फाइटर जेट्स ने किया 'टच एंड गो' रिहर्सल, दिखाई अपनी ताकत

**एजेंसी। लखनऊ**




उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी एयर स्ट्रिप पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की ताकत देखने को मिली। इस आधुनिक एयर स्ट्रिप की लंबाई तीन किलोमीटर है। इस पर भारतीय वायुसेना के राफेल, मिराज, जगुआर जैसे एडवांस फाइटर जेट्स ने दिन में 'टच एंड गो' रिहर्सल करके अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन किया। यह भी बताया गया है कि भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान रात में भी इस क्रम को दोहराएंगे। दरअसल, शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों का 'टच एंड गो' रिहर्सल किया गया। लड़ाकू विमानों का शो देखने के लिए 500 से ज्यादा स्कूली बच्चों को बुलाया गया। गंगा एक्सप्रेसवे पर तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जिस पर मिराज, जगुआर, मिग 29 और राफेल ने अपनी ताकत दिखाई। इसके अलावा कैरियर एयरक्राफ्ट और हरक्यूलस जैसे विमानों ने भी अपने कौशल का परिचय दिया। अदाणी ग्रुप से जुड़े अधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे देश में सबसे बड़ा है। यह एक्सप्रेसवे 594 किलोमीटर लंबा है। यह मेरठ से प्रयागराज को जोड़ता है। यह एक ऐतिहासिक प्रोजेक्ट है। गंगा एक्सप्रेसवे देश और राज्य के लिए काफी अहम है। यहां से चीन की सीमा नजदीक है, इस लिहाज से इस एक्सप्रेसवे का रणनीतिक महत्व भी है। इस एक्सप्रेसवे की क्वालिटी भी काफी अच्छी है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का 464 किलोमीटर का निर्माण कार्य (बदायूं से प्रयागराज तक) अदाणी ग्रुप कर रहा है। बदायूं से हरदोई तक 151.7 किमी, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किमी और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किमी के हिस्सों में काम तेजी से चल रहा है। इस एक्सप्रेसवे को छह लेन से आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण मॉडल पर बने इस एक्सप्रेसवे का 80 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। इसकी रियायत अवधि 30 वर्ष होगी। अदाणी समूह के पास इस समय 35,000 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 13 प्रोजेक्ट्स हैं, जिनके तहत देश के नौ राज्यों में पांच हजार किलोमीटर से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। भारत के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण, विश्वस्तरीय जटिल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के प्रबंधन में अदाणी समूह की क्षमता और निष्पादन की गति का प्रमाण है।

## भारत-नेपाल सीमा पर यूपी के इन जिलों में योगी सरकार का एक्शन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रशासन द्वारा अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे मदरसों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। विशेष रूप से इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित प्रदेश के कई जिलों में बिना मान्यता के अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे दर्जनों मदरसों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद कर दिया गया है। सीमावर्ती इलाकों में राजस्व और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा छापेमारी कर अवैध कब्जों को भी चिन्हित किया जा रहा है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यही नहीं, बिना मान्यता और मानक विहीन रूप से संचालित मदरसों को सील किया जा रहा है। श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच और महाराजगंज में बगैर मान्यता के संचालित किए जा रहे दर्जनों मदरसों को सील कर दिया गया है। वहीं, जमीनों पर किए गए अवैध अधिकरण को भी मुक्त कराया गया है। आइए जानते हैं की इंडो- नेपाल सीमा से सटे जनपदों में कहां-कहां पर कार्रवाई हुई है। प्रदेश के महराजगंज जिले में स्थित इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सरकारी जमीनों पर कब्जा कर बनाए गए मस्जिद, मदरसा और मजारों पर कार्रवाई तेज हो गई है। सप्ताह भर के भीतर मजार और मदरसा पर बुलडोजर चलाने के बाद 11 मदरसों को सील कर दिया गया है जिसके बाद अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। राजस्व विभाग, पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम लगातार कार्रवाई पर कार्रवाई कर रही है।

# झारखंड के युवक का शव बिहार में मिला हत्या की आशंका पर जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के खड़गपुर पार पहाड़ गांव निवासी रामजीत यादव के 35 वर्षीय पुत्र रामराज यादव का शव गुरुवार को सीमावर्ती बिहार के गया जिले के बोधि बिगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुरमेठ टोला स्थित जमुनिया खाला के समीप मिला। मृतक के चेहरे पर गहरे जख्म तथा मुंह और नाक से खून गिरा हुआ पाया गया, जिससे उसकी पीट-पीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के शव के पास उसकी बाइक और मोबाइल बरामद हुए हैं, जबकि थोड़ी दूरी पर उसका ट्रैक्टर भी मिला है। घटना की सूचना पर बिहार के बोधि बिगहा थाना पुलिस तथा झारखंड की हरिहरगंज थाना अंतर्गत पथरा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि बुधवार देर शाम रामराज यादव अपने ट्रैक्टर चालक के बुलावे पर बाइक से घर से निकले थे, जिसके बाद से वे लापता थे। परिजनों का आरोप है कि कहीं और हत्या कर शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मृतक का शव उसके गांव से लगभग चार किलोमीटर दूर बिहार सीमा क्षेत्र में मिला है। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है।



## रेलवे ट्रैक पर मिला शव, शिनाख्त नहीं

**मोहम्मदगंज।** सतबहिनी रेलखंड के पोल संख्या 344/11 के निकट भीमचूल्हा टनल के पास गुरुवार दोपहर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव अप लाइन ट्रैक पर मिला। राहगीरों की नजर शव पर पड़ते ही उन्होंने इसकी सूचना मोहम्मदगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही एएसआई मोहम्मद कयामुद्दीन अंसारी और आरपीएफ इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों को सूचना भेज दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## सेवानिवृत प्रधानाध्यापक ने 25 वर्षों तक की विद्यालय की सेवा : राजेश नंदन

**हैदरनगर।** राप्रावि बहेरा के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय के सेवानिवृति पर बाजार मीडिल स्कूल हैदरनगर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई शिक्षक संगठनों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। मुख्य अतिथि मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि ज्ञान के संवाहक कभी सेवानिवृत नहीं होते, बल्कि इसके बाद उनका दायित्व समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का और बढ़ जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक घूरी सिंह और संचालन सहायक शिक्षक राजेश नंदन सिंह ने किया। कई शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत शिक्षक विनोद कुमार पांडेय की 25 वर्षों तक की बेदाग सेवा की सराहना की। शिक्षक विजय बहादुर सिंह ने उनके कार्यों की प्रशंसा की और विद्यालय के प्रति समर्पण, कर्मठता, और अभिभावकों के प्रति स्नेह का विस्तार से गुणगाण किया।

# राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सफाईकर्मियों को नगर पंचायत ने किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार कार्यालय परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर प्रशासक राजीव रंजन ने सफाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया और उनके सेवाभाव की सराहना की। राजीव रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि सफाईकर्मी शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने में एक अहम भूमिका निभाते हैं। इनका योगदान अमूल्य है, जिसे कभी भी कमतर नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की मेहनत और प्रतिबद्धता ही वच्छता अभियान की रीढ़ है। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी सफाईकर्मियों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना की और अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक निष्ठावान रहने का संकल्प लिया।

## सिकनी कोलियरी को शीघ्र चालू करने की मांग, मजदूरों ने किया विरोध प्रदर्शन

चंदवा। गुरुवार को सिकनी कोल परियोजना परिसर में झारखंड खनिज मजदूर संघ के तत्वावधान में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और कहा कि कोलियरी पिछले छह माह से बंद है, जिससे हजारों मजदूरों के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि कोलियरी में कोयले की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है, लेकिन टेंडर नहीं निकलने के कारण स्थिति गंभीर है। उन्होंने राज्य सरकार से जल्द कोलियरी चालू करने की मांग की।

## फरार चल रहे सात आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र में फरार चल रहे सात नामजद आरोपियों को पुलिस ने विभिन्न मामलों में गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया है। इनमें रिंटू गंझू उर्फ सनोज गंझू (खरार्टी), रंजीत पासवान (इमामगंज, गया), योगेश्वर पासवान, जितेंद्र पासवान (लुटुवा), मनोज पासवान (गोमें), फूलचंद यादव व महेंद्र चौधरी (कोठी) शामिल हैं। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि सभी आरोपियों को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पकड़ा गया और न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# वज्रपात की चपेट में आए ईंट भट्ठा मजदूर, एक की मौत, चार घायल



**बालूमाथ के चटूवाग गांव में हादसा, मृतक महाबली भुइयां था परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य, भट्टे की वैधता पर उठे सवाल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड के चटूवाग गांव स्थित एक ईंट भट्ठे में गुरुवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर को अचानक तेज हवा और बारिश के साथ वज्रपात शुरू हुआ। उसी समय चटूवाग ग्राम के समीप एक ईंट भट्ठे में मजदूर काम कर रहे थे, जब वज्रपात की चपेट में आकर पांच मजदूर घायल हो गए। घायलों में महाबली भुइयां (32 वर्ष), छोटू कुमार (7 वर्ष), राहुल कुमार (28 वर्ष), आशीष राम (36 वर्ष), और सिंटू कुमार (12 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर सुरेंद्र कुमार और डॉक्टर अलीशा तोपो ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन महाबली भुइयां की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। मृतक महाबली भुइयां पांकी थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव का निवासी था और अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। बालूमाथ थाना पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि उक्त बंगला ईंट भट्ठा सकेंद्र महतो का है, जहां नाबालिग मजदूर भी कार्यरत थे। भट्ठा वैध है या अवैध, और वहां बिजली के स्रोत सहित सुरक्षा उपायों की स्थिति क्या है , यह सब जांच का विषय बना हुआ है।

**क्या बोले अंचल अधिकारी :** बालूमाथ अंचल अधिकारी विजय कुमार ने फोन पर जानकारी दी कि पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही भट्ठे की वैधता, मजदूरों की उम्र और सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है। प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है।

# काशीस्रोत डैम सहित कई स्थानों तक पहुंचेगा सोन नदी का पानी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार सिंह यादव ने गुरुवार को कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ के 15 किलोमीटर लंबे खंड के पहले चरण के मजबूतीकरण व राइडिंग कार्य का भूमि पूजन किया। यह भूमि पूजन लट्ठेया नदी पुल के निकट सम्पन्न हुआ। इसके बाद कादल गांव स्थित देवी मंदिर परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस मुख्य पथ का निर्माण उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल में करवाया था। दस वर्षों बाद पुनः उन्हें इस पथ के मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में शेष बचे हिस्से का भी सुदृढ़ीकरण और राइडिंग कार्य किया जाएगा। विधायक ने क्षेत्रीय विकास की जानकारी देते हुए बताया कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में करीब 300 करोड़ रुपये की योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। आने वाले समय में सोन नदी से पाइपलाइन के माध्यम से काशीस्रोत डैम सहित अन्य जल स्रोतों तक पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे सिंचाई संकट से निजात मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि हैदरनगर में 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाला पीडीएस गोदाम बनेगा। साथ ही बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने की योजना पर राज्य सरकार काम कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड व अंचल कर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने और ग्रामीणों को अनावश्यक परेशान न करने की हिदायत दी। कार्यक्रम का संचालन राजद अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद खान ने किया। इस अवसर पर कलामुद्दीन खान, रामवचन मेहता, कृष्णा बैठा, राज अली, विनय कुमार सिंह, रवि कुमार सिंह यादव, डॉ. पंचू रजवार, रामरेखा मेहता, पंसस अनिता देवी, राजेश्वर यादव, बालेश्वर यादव, सुदेश्वर राम, गुड्डू पांडेय, विनोद पासवान, अभियंता ज्ञान प्रकाश, जेई नीतीश दुबे तथा सेवानिवृत्त एसई सुरेश राम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, दो रेफर

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाईपास रोड स्थित बेसिक स्कूल के पास देर शाम हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जाती है। इनका लातेहार सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया, इसके बाद इन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स में रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि बाईपास के पुराने पुलिस लाइन के पास देर शाम दो पहिया वाहन आमने-सामने टकरा गई जिसमें शाहबाज आलम, तौफीक आलम और अंगद गुप्ता घायल हो गए। एक अन्य अभिषेक सिंह उन्हें मामूली चोट आई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

## देवेंद्र आचार्य की भागवत कथा में उमड़ रही श्रोताओं की भीड़

**प्रतापपुर (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के डुमरी गांव में प्रभु मिश्रा व महावीर मिश्रा द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा 30 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 मई तक चलेगी। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित देवेंद्र आचार्य के प्रवचनों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

# देवरी खुर्द पंचायत में मुखिया ने श्रमिकों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय में 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर मजदूरों को सम्मानित कर श्रमिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया ममता देवी ने कई श्रमिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने कहा कि श्रमिकों का समाज में विशेष योगदान होता है। हमें उनके साथ समान व्यवहार करना चाहिए और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों से मजदूरी करवाने की प्रथा का विरोध करें और उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित करें। इसी क्रम में, पुरनाडीह गांव में सड़क पर बह रहे नाली के गंदे पानी की समस्या के समाधान हेतु नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मुखिया ममता देवी ने नारियल फोड़कर 15वें वित्त आयोग की योजना से बनने वाली इस नाली का कार्य शुरू कराया। मुखिया ने कहा कि पंचायत में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। समाज के सभी तबकों का समावेशी विकास ही उनका लक्ष्य है। गांव की सड़कों पर बहते नाली के पानी की समस्या को गंभीरता से लिया गया है और अब उसका समाधान किया जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड सदस्य धर्मशीला देवी, उषा देवी, सहिया साथी शिवा ओझा और बड़ी संख्या में श्रमिक – प्रवेश मेहता, शेषनाग मेहता, सतेंद्र मेहता, राजेंद्र मेहता, मोहन मेहता, सत्येंद्र राम, मोहन चौधरी, संजय मेहता, नागेंद्र मेहता, विनोद मेहता, जितेंद्र मेहता, जयदीप मेहता, अखिलेश ओझा, मनोज मेहता, दिलीप विश्वकर्मा, लवकुश विश्वकर्मा, रामसेवक मेहता, रामसागर मेहता आदि उपस्थित थे।

## तेज बारिश व आंधी तूफान से क्षेत्र में तबाही, कई पेड़ों की टहनियां टूटीं

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र बारियातू समेत आसपास के गांवों में गुरुवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली। दोपहर करीब एक बजे तेज हवाओं के साथ अंधड़ और बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया और गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। अंधड़ की गति इतनी तेज थी कि कई जगहों पर पेड़ों की मोटी-मोटी टहनियां टूटकर गिर गईं। बारिश और आंधी-तूफान के चलते लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे आमजन के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी राहत मिली है। बारिश व तेज हवा का असर प्रखंड मुख्यालय बारियातू सहित डाढ़ा, फूलसु, बालूभांग, साल्वे, गोनिया, सिबला, अमरवाडीह और टोटी पंचायत में देखा गया। इन क्षेत्रों में आंशिक वर्षा के साथ-साथ आंधी-तूफान ने फसलों और हरी सब्जियों को नुकसान पहुँचाया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की तेज मौसमी मार से खेतों में लगी फसलों को नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई करना किसानों के लिए चुनौती बन सकता है।

# पेज एक के शेष

### झारखंड में शीघ्र...

खेल प्रशिक्षण के लिए चयनित बच्चों के लिए खेल गांव में खुलेगा स्कूल : मुख्य सचिव ने 4-5 साल तक के बच्चों को स्पोर्ट्स एकेडमी से जोड़ने की पहल करने का सुझाव देते हुए कहा कि विदेशों में लगभग इसी उम्र से बच्चों को प्रशिक्षित कर अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया जाता है। बैठक में स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े बच्चों की शिक्षा के लिए वहां सरकारी प्लस-2 स्कूल खोलने के सुझाव को स्वीकार करते हुए स्कूली शिक्षा सचिव को इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि स्पोर्टस एकेडमी के पास इंफ्रास्ट्रक्चर है, सिर्फ शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जरूरत है।

### 200 एकड़ में...

चार अन्य खेलों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षकों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 2021-22 से अभी तक स्पोर्ट्स एकेडमी से प्रशिक्षित 1628 बच्चे विभिन्न स्पधाओं में कई मेडल जीते हैं। उसमें अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में 4 गोल्ड, चार सिल्वर और 6 कांस्य पदक, राष्ट्रीय स्पर्धा में 74 गोल्ड, 70 सिल्वर और 118 कांस्य पदक सहित राज्यस्तरीय स्पधाओं में 763 गोल्ड 352 सिल्वर और 227 कांस्य पदक शामिल हैं।

### संबद्धता के लिए....

लेने को गलत बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। वहीं, कोर्ट ने सरकार के नियम, जिसमें ग्रामीण प्राइवेट स्कूलों के लिए साथ 60 डिसमिल जमीन रखने की अनिवार्यता तथा शहरी प्राइवेट स्कूलों के लिए 40 डिसमिल जमीन रखने की अनिवार्यता को सही बताया है। कोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों के लिए जमीन के संबंध में बनी इस नियम को छह माह के लिए शिथिल किया है। साथ ही, प्राइवेट स्कूलों को इस नियम का पालन करने के लिए छह माह का समय दिया है। कोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों की संबद्धता के लिए स्थानीय विधायक, सांसद सहित अन्य की कमेटी को बड़ा बताया है और उसे छोटा करते हुए आठ सदस्य वाली कमेटी तक सीमित रखने का आदेश दिया है। ज्ञात हो कि प्राइवेट स्कूल संस्थानों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर राइट टू एजुकेशन एक्ट 2019 के नियम को चुनौती दी गई थी। इसमें झारखंड के प्राइवेट स्कूलों को संबद्धता के लिए आवेदन में प्रतिवर्ष निर्धारित फीस देने, प्राइवेट स्कूलों के लिए जमीन निर्धारित करने और प्राइवेट स्कूलों की संबद्धता के लिए बनी कमेटी को चुनौती दी गई थी।

### हाईकोर्ट ने बायो मेडिकल...

इस मामले की अगली सुनवाई 8 मई को निर्धारित की गई है। ज्ञात हो कि कोर्ट ने इस मामले में 25 फरवरी को हुई पिछली सुनवाई के दौरान राज्य के सभी 24 जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया था कि वे बायो वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थिति, मेडिकल वेस्ट से प्रदूषण, अस्पतालों द्वारा नियम-कानूनों के अनुपालन आदि से संबंधित विषयों पर शपथ पत्र के जरिए रिपोर्ट दाखिल करें। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड में पांच जिलों लोहरदगा, रामगढ़, पाकुड़, धनबाद एवं आदित्यपुर में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं, जबकि देवघर में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को इन वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को चालू रखने के लिए अनुमति देनी थी, जिसे उसने दे दिया था। इस मामले में झारखंड ह्यूमन राइट कनफेडरेशन की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी ने याचिका में झारखंड में एन्वॉयरमेंटल प्रोटक्शन एक्ट के अंतर्गत बायो मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मैनेजमेंट रूल को लागू कराने का अनुरोध किया है। कहा गया है कि राज्य में अस्पतालों, क्लीनिक, नर्सिंग होम आदि जगहों से बायोमेडिकल कचरे के निष्पादन के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने से जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। मांग की गई है कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत बायो वेस्ट मैनेजमेंट हैंडलिंग रूल का प्रावधान झारखंड में लागू किया जाना चाहिए।

### पहलगाम हमले पर...

कांग्रेस ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले 26 परिवारों के साथ पार्टी एकजुटता और संवेदना के साथ खड़ी है। पूरा देश जवाबदेही, स्पष्टता और न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। इस अक्षम्य और उकसावे भरे हमले के मद्देनजर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मानती है कि यह राजनीति करने का समय नहीं है, यह वह क्षण है जब देश को एकजुटता, दृढ़ता और राष्ट्रीय संकल्प दिखाना चाहिए। बैठक में सीडब्ल्यूसी ने मांग की है कि पीड़ित परिवारों को दीर्घकालिक नैतिक और संस्थागत सहायता दी जाए। केवल मुआवजा पर्याप्त नहीं है, दीर्घकालिक पुनर्वास, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, और शहीदों की स्मृति को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान और नागरिक स्मरण के माध्यम से जीवित रखना भी उतना ही आवश्यक है।

**बैठक में कांग्रेस के शीर्ष नेता हुए शामिल :** सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस के शीर्ष नेता शामिल हुए इनमें प्रमुख रूप से मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अजय माकन, अजय कुमार लालू, हरीश रावत, सुखजिंदर सिंह रंधावा, पवन खेड़ा, सचिन पायलट, मीरा कुमार समेत कई और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल हुए।

### एसीबी की बड़ी....

जमीन की ऑनलाइन एंट्री के एवज में मांगी रिश्वतः कोडरमा जिले के बेकोबार गांव के बहादुर राणा ने हजारीबाग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से शिकायत की थी कि जमीन की ऑनलाइन एंट्री कराने और रसीद जारी करने के लिए अंचल कार्यालय में उनसे पैसे की मांग की जा रही है। वह रिश्वत नहीं देना चाहते हैं। उन्होंने राजस्व कर्मचारी द्वारा काम के एवज में पैसे मांगने की शिकायत की। एसीबी में शिकायत के बाद मामले की जांच की गई। जांच में मामला सही पाए जाने पर गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया। इसके बाद एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

**ऐसे दबोचा गया घूसखोर राजस्व कर्मचारी :** कोडरमा अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सुरेंद्र प्रसाद ने पीड़ित बहादुर राणा से कहा था कि आपका जमीन का काम बहुत अधिक है। इसलिए आपको 50 हजार रुपए घूस देना होगा। बिना रिश्वत काम नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने पहले अंचलाधिकारी (सीओ) फिर उपायुक्त (डीसी) को आवेदन दिया। फिर भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इसके बाद उन्होंने मजबूर होकर एंटी करप्शन ब्यूरो हजारीबाग में घूसखोरी की शिकायत की। पूरे मामले की जांच के बाद एसीबी ने बड़ा एक्शन लिया और 10 हजार रुपए घूस लेते राजस्व कर्मचारी को दबोच लिया।

### गिरिडीह में एलआरडीसी....

से 10 हजार रुपए कैश लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। दस हजार रुपए घूस लंबित म्यूटेशन अपील वाद निबटाने के एवज में मांगा गया था। वह रिश्वत देना नहीं चाहते थे। लिहाजा इलाही मियां ने इस मामले की जानकारी धनबाद एसीबी को दी। टीम ने पूरे मामले की जांच की। जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद कार्रवाई की तैयारी की गयी।

**गिरफ्तारी के बाद धनबाद ले गयी एसीबी की टीम :** धनबाद एसीबी की टीम शुक्रवार को गिरिडीह जिले के खोरी महुआ स्थित एलआरडीसी कार्यालय पहुंच कर कार्रवाई में जुट गयी। जब इलाही मियां आरोपी लिपिक मनीष कुमार भारती को दस हजार रिश्वत देने लगा, तभी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे 10 हजार रुपए कैश लेते रंगेहाथ धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उसे धनबाद ले गयी। अफसर उससे पूछताछ कर रहे हैं

### जब तक आईडी...

सदस्यों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।परिवार ने दावा किया है कि उनके पास वैध भारतीय दस्तावेज होने के बावजूद उन्हें हिरासत में लिया गया और पाकिस्तान भेजने के लिए वाघा सीमा पर ले जाया गया। जिस पर पीठ ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद केंद्र ने 25 अप्रैल की अधिसूचना में आदेश में लिखे गए लोगों को छोड़कर शेष पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया है और उन्हें वापस भेजने के लिए एक विशिष्ट समय सीमा भी दी है।



PR No. 351547 (Women, Child Development & Social Security) 2025-26

# पहलगाम हमले के बाद भारत पर साइबर युद्ध का खतरा 10 लाख से अधिक हमले दर्ज : महाराष्ट्र साइबर सेल

**मुंबई (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत अब एक नए मोर्चे पर हमले का सामना कर रहा है, जिसे "साइबर वॉर फेयर" का नाम दिया जा रहा है। महाराष्ट्र साइबर सेल द्वारा तैयार की गई एक विस्तृत रिपोर्ट 'इकोज ऑफ पहलगाम' में खुलासा हुआ है कि 23 अप्रैल के बाद से देश पर करीब 10 लाख साइबर हमले हो चुके हैं। ये हमले न केवल डिजिटल सुरक्षा को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि देश के क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी खतरे में डाल रहे हैं। महाराष्ट्र साइबर सेल के प्रमुख यशस्वी यादव ने बताया, "पहलगाम हमले के बाद साइबर हमलों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। यह कोई



सामान्य डिजिटल हमला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साइबर युद्ध है, जिसका मकसद भारत की डिजिटल और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करना है।

रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले मुख्य रूप से पाकिस्तान, मध्य पूर्व, मोरक्को और इंडोनेशिया से संचालित हो रहे हैं। इन हमलों के पीछे स्वयं को इस्लामिक ग्रुप्स बताने वाले साइबर संगठन सक्रिय हैं, जिनमें पाकिस्तान का टीम इन्सैन पीके सबसे प्रमुख है। यह एक एडवांस्ड परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी) क्या है। ग्रुप है, जिसने आर्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सैनिक वेलफेयर और कई आर्मी पब्लिक स्कूलों की वेबसाइट्स को निशाना बनाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन हमलों में वेबसाइट डिफेसमेंट, कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम एक्सप्लॉइटेशन और कमांड एंड कंट्रोल (सी2) अटैक्स जैसे तरीके अपनाए गए हैं। इसके अलावा, बांग्लादेश का एमटीबीडी और इंडोनेशिया का इंडो हेक्स सेक जैसे ग्रुप भी भारतीय टेलीकॉम डेटा और स्थानीय प्रशासनिक पैनलों को निशाना बना रहे हैं। ये हमले 26 अप्रैल से शुरू हुए और कई मामलों में सफल भी रहे। डार्क वेब पर भारतीय टेलीकॉम का टेराबाइट डेटा लीक होने की घटना ने देश की साइबर सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महाराष्ट्र साइबर ने कुछ अटैक्स को रोका है, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि भारत की क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर,जैसे रेलवे,बैंकिंग और सरकारी पोर्टल्स पर खतरा मंडरा रहा है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि कई जगहों पर साइबर सुरक्षा कमजोर है,जिसकी वजह से अटैक सफल हुए,डार्क वेब पर भारतीय टेलीकॉम का टेराबाइट डेटा लीक किया गया है,जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा होता है। यशस्वी यादव ने बताया कि कई सरकारी और निजी संस्थानों में साइबर सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है, जिसका फायदा हैकर्स उठा रहे हैं।

# पाकिस्तान युद्ध में बच्चों को थमा सकता है बंदूक नियंत्रण रेखा के पास स्कूलों में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**इस्लामाबाद (हि.स.)**

भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को कराए गए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के हाथ-पांव फूले हुए हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) और फौज को लग रहा है कि भारत कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसलिए अपने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के स्कूलों के खेल मैदानों को तेजी के साथ प्राथमिक चिकित्सा शिविरों में बदला जा रहा है। पाकिस्तान के लगभग सभी प्रमुख अखबारों में आज इस खबर को तरजीह दी गई है। जियो न्यूज में अन्य समाचार माध्यम से प्रसारित की गई खबर में कहा गया है कि इसका मकसद है अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ जाता है तो बच्चों के कैसे जवाब देना है। सनद रहे पाकिस्तान कह चुका है कि उसके पास विश्वसनीय



खुफिया जानकारी है कि भारत आसन्न सैन्य हमले की योजना बना रहा है।

पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि सीमा के पाकिस्तान की तरफ 6,000 से अधिक स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय हैं। इनमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 1,195 हैं। हाल ही में मुजफ्फराबाद के 13 स्कूलों में बच्चों को युद्ध के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर कल रावलपिंडी में देखे गए। उन्होंने टीला फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया। सैनिकों से युद्ध में पीछे न हटने का आह्वान किया। उन्होंने पाकिस्तान सेना की मंगला स्ट्राइक कोर के प्रशिक्षण अभ्यास को भी देखा।

## अमेरिका के पूर्व श्रम सचिव रॉबर्ट रीच ने लिखा है-

# हमने घृणित ट्रंप शासन के पहले 100 दिन देखे हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व श्रम सचिव रॉबर्ट रीच ने द गार्जियन में एक लेख लिखा है , जिसकी बहुत चर्चा है। जिसमें उन्होंने लिखा है - अब तक 120 से अधिक मामलों में संघीय न्यायाधीशों ने ट्रम्प को रोकने की कोशिश की है - रिपब्लिकन और डेमोक्रेट द्वारा नियुक्त न्यायाधीश, जिनमें से कुछ को ट्रम्प ने खुद नियुक्त किया है - लेकिन शासन या तो उनके आदेशों की अनदेखी कर रहा है या अपील कर रहा है। इसने एक अनिर्दिष्ट प्रतिवादी से जुड़े मामले में मिल्वौकी में एक नगरपालिका न्यायाधीश को भी गिरफ्तार कर लिया है। हाल ही में, चौथे सर्किट के लिए अपील की अदालत के न्यायाधीश जे हार्वी विल्किंसन III - एक प्रख्यात रूढ़िवादी रीगन नियुक्त व्यक्ति जो संघीय समाज द्वारा सम्मानित है - ने ट्रम्प शासन को कड़ी फटकार लगाई। इसके इस दावे के जवाब में कि यह अमेरिका के निवासियों का अपहरण कर सकता है और उन्हें उचित प्रक्रिया के बिना विदेशी जेलों में डाल सकता है, विल्किंसन ने लिखाः

"यदि आज कार्यपालिका उचित प्रक्रिया के बिना और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए निर्वासित करने के अधिकार का दावा करती है, तो कल क्या आश्वासन होगा कि वह अमेरिकी नागरिकों को निर्वासित नहीं करेगी और फिर उन्हें घर वापस लाने की जिम्मेदारी से इनकार नहीं करेगी? और क्या आश्वासन होगा कि कार्यपालिका अपने व्यापक विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग अपने राजनीतिक शत्रुओं पर नहीं करेगी? खतरा, भले ही वास्तविकता न हो, हमेशा मौजूद रहेगा, और कार्यपालिका का 'यह ध्यान रखना कि कानून ईमानदारी से लागू हों' का दायित्व अपना अर्थ खो देगा।" विलकिंसन के डर पहले



- **अमेरिकी संविधान खतरे में है, नागरिक और मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है, अर्थव्यवस्था अव्यवस्थित है**
- **इस दर से, हम दूसरे 100 दिन भी नहीं निकाल पाएंगे**

से ही साकार हो रहे हैं। आइस ने हाल ही में तीन अमेरिकी नागरिकों को निर्वासित किया - जिनकी उम्र दो, चार और सात साल थी - जब उनकी माताओं को होंडुरास निर्वासित किया गया था। बच्चों में से एक, जिसे स्टेज 4 कैंसर है, को बिना दवा या डॉक्टरों के परामर्श के अमेरिका से बाहर भेज दिया गया। इस बीच, शासन इस देश में उन सभी स्वतंत्र संस्थानों पर हमला करना जारी रखता है, जो पारंपरिक रूप से अत्याचार के खिलाफ बफर के रूप में काम करते रहे हैं - विश्वविद्यालय, गैर-लाभकारी संस्थाएँ, वकील और कानूनी फर्म, मीडिया, विज्ञान और शोधकर्ता, पुस्तकालय और संग्रहालय, सिविल सेवा और स्वतंत्र एजेंसियां - उन्हें धमकी दी जाती है कि अगर वे इसकी निगरानी और माँगों को पूरा नहीं करते हैं, तो उन्हें खत्म कर दिया जाएगा या धन की हानि होगी।

ट्रंप ने न्याय विभाग को एक्टब्लू की जांच करने का निर्देश भी दिया है, जो लगभग सभी डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों और डेमोक्रेट द्वारा समर्थित मुद्दों के लिए धन उगाहने का काम संभालता है।हम अब डेमोक्रेट या रिपब्लिकन नहीं हैं। हम या तो शासन से लड़ने वाले देशभक्त हैं या हम इसके अत्याचार में भागीदार हैं। कोई बीच का रास्ता नहीं है । इस बीच, ट्रम्प सक्रिय रूप से अर्थव्यवस्था को नष्ट कर रहे हैं। उनके प्रस्तावित टैरिफ़ पहले से ही कीमतों में वृद्धि कर रहे हैं। फेड प्रमुख, जेरोम पॉवेल पर उनके हमले दुनिया भर में हलचल पैदा कर रहे हैं।कांग्रेस में कुछ डेमोक्रेटिक सदस्यों और प्रगतिशीलों (बर्नी सैंडर्स, एओसी, कोरी बुकर, क्रिस वैन होलेन, क्रिस मर्फी) ने नाराजगी व्यक्त की है, लेकिन अधिकांश अजीब तरह से चुप हैं। माना कि जो कुछ हो रहा है उसे रोकने के लिए उनके पास कोई प्रत्यक्ष शक्ति नहीं है, लेकिन वे चुप नहीं रह सकते और ऐसा नहीं दिखना चाहिए। उन्हें हर दिन सुना जाना चाहिए - विरोध, मांग, प्रतिरोध, इनकार। बराक ओबामा ने कम से कम एक बार अपनी बात कही है, लेकिन मेरे पुराने बॉस बिल क्लिंटन कहाँ हैं? जॉर्ज डब्ल्यू बुश कहाँ हैं? उनके पूर्व उप-राष्ट्रपति - अल गोर और डिक चेनी कहाँ हैं? उनके पूर्व कैबिनेट सदस्य कहाँ हैं? उन सभी को भी सुना जाना चाहिए। कांग्रेस के रिपब्लिकन सदस्यों के बारे में क्या? क्या कोई भी जो हो रहा है उसके खिलाफ खड़ा होने को तैयार नहीं है? और रिपब्लिकन गवर्नर और राज्य विधायकों का क्या? अगर साहस और ईमानदारी के लिए कभी कोई समय था, तो वह अब है। उनकी चुप्पी अक्षम्य है। 400 से ज़्यादा यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट ने आखिरकार एक पत्र जारी किया है जिसमें उन्होंने "अमेरिकी उच्च शिक्षा को खतरे में डालने वाले अभूतपूर्व सरकारी अतिक्रमण और राजनीतिक हस्तक्षेप" का विरोध किया है। बढ़िया। अब उन्हें अमेरिकी लोकतंत्र को खतरे में डालने वाले अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। सैकड़ों लॉ फर्म ने शासन की मांगों के लिए लॉ फर्म पर्किन्स कोई की अपील के समर्थन में एक मित्र-न्यायालय ब्रीफ़ में भाग लिया है। बढ़िया। अब, उन्हें अमेरिकन बार एसोसिएशन और हर प्रमुख लॉ स्कूल के साथ मिलकर ट्रम्प के न्याय विभाग के प्रतिशोधी और अपमानजनक उपयोग के बारे में चेतावनी देनी चाहिए। अमेरिका के धार्मिक नेताओं का नैतिक दायित्व है कि वे अपनी आवाज बुलंद करें। उनका अपने मण्डली और खुद के प्रति आध्यात्मिक कर्तव्य है कि वे अपनी आवाज बुलंद करें। अमेरिकी व्यापार के नेता - जेमी डिमन से शुरू करते हुए, जेपी मॉर्गन चेस के अध्यक्ष और सीईओ, जिन्होंने सामान्य समय में अमेरिकी व्यापार के प्रवक्ता की भूमिका निभाई है - स्पष्ट रूप से चुप रहे हैं। बेशक उन्हें ट्रम्प के प्रतिशोध का डर है। बेशक उन्हें भारी कर कटौती की उम्मीद है। लेकिन ये बातें अमेरिकी लोकतंत्र के विनाश के प्रति उनकी सहमति को कतई उचित नहीं ठहरातीं।हमने देखा है कि पहले 100 दिनों में क्या हो सकता है। मुझे बिल्कुल भी यकीन नहीं है कि हम 2026 के मध्यावधि चुनावों तक इंतजार कर सकते हैं और उम्मीद कर सकते हैं कि डेमोक्रेट कांग्रेस के कम से कम एक सदन को वापस ले लेंगे। जिस गति से यह शासन कहर बरपा रहा है, तब तक बहुत अधिक नुकसान हो चुका होगा। हम अब डेमोक्रेट या रिपब्लिकन नहीं हैं। हम या तो शासन से लड़ने वाले देशभक्त हैं या हम उसके अत्याचार में भागीदार हैं। कोई बीच का रास्ता नहीं है। मुझे डर है कि जल्द ही शासन खुलेआम सर्वोच्च न्यायालय की अवहेलना करेगा। अमेरिकियों को गुस्से और घृणा की इतनी बड़ी लहर में जुटाया जाना चाहिए कि सदन के सदस्य ट्रम्प पर महाभियोग चलाने के लिए मजबूर हो जाएं (तीसरी बार) और पर्याप्त सीनेटर उन्हें अंततः दोषी ठहराने के लिए प्रेरित हों।तब अमेरिकी इतिहास का यह शर्मनाक अध्याय समाप्त हो जाएगा।

# मात्र 100 दिन में ट्रंप अमेरिका में 80 साल में सबसे अप्रिय राष्ट्रपति

## शेयर बाजार भी सबसे ज्यादा गिरे

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल को 100 दिन पूरे हुए हैं। 20 जनवरी 2025 को जब उन्होंने राष्ट्रपति बने तो विश्लेषकों ने उनकी सरकार को बहुत लोकप्रिय आदि बताया था। लेकिन 100 दिन बाद ही अमेरिका में जो सर्वे, व्यापार से जुड़े डाटा व शेयर बाजार की स्थिति के जो आंकड़े आए हैं, उनके मुताबिक ट्रंप बहुत ज्यादा अलोकप्रिय हो गए हैं। बाकी राष्ट्रपतियों के पहले 100 दिन के कार्यकाल से जुड़ा आंकड़ा तुलना करने पर पता चलता है कि ट्रम्प बीते 80 वर्ष में सबसे अलोकप्रिय राष्ट्रपति हो गए हैं।

सर्वे एजेंसियां के सर्वे के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप अपने पहले कार्यकाल के 100 दिन में वे दूसरे विश्व युद्ध के बाद से सबसे अलोकप्रिय राष्ट्रपति थे। लेकिन 2025 में तो उनकी अलोकप्रियता और भी ज्यादा है। यानी उनके काम को नापसंद करने वालों की संख्या बढ़ी है। इप्सॉस/वॉशिंगटन पोस्ट/एबीसी के सर्वे में चौंकाने वाली बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिन्हें अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन में भी अमेरिका की आधी आबादी का समर्थन नहीं मिला है। इस मामले में अमेरिका के पिछले राष्ट्रपति जो बाइडेन का रिकॉर्ड काफी बेहतर रहा है।डोनाल्ड ट्रंप ने अब तक अपनी अधिकतर नीतियों को लागू करवाने के लिए संसद का रास्ता चुनने की जगह कार्यकारी आदेशों का सहारा सबसे ज्यादा लिया है। 2017 में शपथ ग्रहण के बाद अपनी योजनाओं के लिए तब ट्रंप ने 33 कार्यकारी आदेश जारी किए थे, जो कि 1963 में लिंडन बी. जॉनसन के बाद सबसे ज्यादा थे। हालांकि, उनके बाद राष्ट्रपति पद संभालने वाले जो बाइडन ने पहले 100 दिन में 42 कार्यकारी आदेश जारी कर उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया। लेकिन अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने अपनी पुरानी योजनाओं को और जुनून से लागू करवाने की योजना रखी। इसके चलते जिस दिन ट्रंप ने शपथ ली, उसी दिन उन्होंने 26 अलग-अलग कार्यकारी आदेश जारी कर दिए। वहीं, बीते 100 दिन में उनके कुल कार्यकारी आदेशों की संख्या 141 तक पहुंच चुकी है। ट्रंप के अधिकतर आदेश संघीय एजेंसियों को नई नीति तैयार करने के निर्देशों से जुड़े रहे हैं। जैसे अमेरिका की धरती से ज्यादा मात्रा में तेल निकालने का आदेश, प्लास्टिक स्ट्रॉ (पेय पदार्थों के लिए) को बंद करने का आदेश, दवाओं के



- **डोनाल्ड ट्रंप दूसरे विश्व युद्ध के बाद से पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिन्हें अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन में अमेरिका की आधी आबादी का समर्थन नहीं मिला**

दामों को लेकर आदेश, आदि। इसके अलावा उन्होंने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की नीतियों को निशाना बनाने के लिए भी कई आदेश दिए हैं। इनमें- डेमोक्रेट सरकार की आव्रजन और टैरिफ से जुड़ी नीतियों को बदलने और अमेरिकी संसद के कानूनों के ऊपर नियम बनाने से जुड़े आदेश भी शामिल हैं।अमेरिका में राष्ट्रपतियों की शुरुआती नीतियों के आधार पर शेयर बाजारों की चाल भी तय होती है। उदाहरण के तौर पर बराक ओबामा जब 2009 में सरकार में आए थे, तब अमेरिका का एसएंडपी सूचकांक 100 दिनों में करीब 8.4 फीसदी की बढ़त हासिल कर गया। इसी तरह 2017 में डोनाल्ड ट्रंप के शुरुआती 100 दिनों में शेयर बाजार 5.5 फीसदी तक बढ़ गया था। इसके बाद ट्रंप को हराने वाले बाइडन के राष्ट्रपति बनने के 100 दिन बाद शेयर बाजार में 9.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो कि आधुनिक समय में रिकॉर्ड रहा। हालांकि, अब 2025 में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में शेयर बाजार बुरी तरह लड़खड़ाया है। एसएंडपी में ट्रंप के पहले 100 दिन में 16.91 %तक की गिरावट देखी जा चुकी है। यह स्थिति आठ अप्रैल को आई थी। हालांकि, तब से एसएंडपी संभला और 30 अप्रैल तक के डाटा के मुताबिक, यह ट्रंप के शपथ लेने के बाद से 7.27% तक नीचे पहुंच चुका है। जिस एक क्षेत्र में ट्रंप सरकार का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, उनमें आव्रजन सबसे ऊपर है। फिर चाहे बात अमेरिका की सीमाओं पर अवैध तरह से देश में घुसने के लिए लोगों के जुटने की संख्या हो या पढ़ाई के लिए दिए जाने वाले वीजा की संख्या। अधिकतर मानकों के हिसाब से ट्रंप ने शरणार्थियों से लेकर अवैध प्रवासियों तक की संख्या में जबरदस्त कटौती दर्ज की है। बाइडन प्रशासन के दौरान अमेरिका की दक्षिणी सीमा यानी मैक्सिको बॉर्डर के आसपास भारी संख्या में अवैध घुसपैठियों की भीड़ देखी जाती थी। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के दौरान इस संख्या में भारी गिरावट आई है। आंकड़ों के लिहाज से समझें तो अमेरिका में 2023 तक अमेरिका में एंट्री लेने वाले कुल प्रवासियों की संख्या 33 लाख थी। इसके बाद भी अलग-अलग मौकों पर यह आंकड़ा लाखों में रहा। जनवरी 2024 में अमेरिका में करीब 12.40 लाख लोग बॉर्डर के जरिए अमेरिका पहुंचे। वहीं, फरवरी 2024 में यह आंकड़ा 12.9 लाख तक पहुंच गया। हालांकि, ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद जनवरी-फरवरी 2025 में यह संख्या क्रमशः 801 और 640 रही है। दूसरी तरफ लौटाए जाने वाले अप्रवासियों की संख्या में बीते महीनों के मुकाबले जबरदस्त इजाफा हुआ। जनवरी 2024 और फरवरी 2024 में यह संख्या करीब 52 हजार और 60 हजार थी। वहीं, 2025 में इन्हीं दो महीनों में यह संख्या क्रमशः 10.9 हजार और 10.4 हजार रही है।(ii) पढ़ाई संबंधी वीजा के मुद्दे पर क्या हुआ?दूसरी तरफ अमेरिका में बाइडन प्रशासन के दौरान छात्रों की पढ़ाई से जुड़े वीजा दिए जाने की संख्या काफी ज्यादा थी। वजह थी अमेरिका में मिलने वाली छात्रवृत्ति और यूनिवर्सिटीज की तरफ से अलग-अलग कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली आर्थिक मदद। हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में शिक्षा मंत्रालय को ही खत्म करने का फैसला लिया गया, जिससे विश्वविद्यालयों को अरबों डॉलर की मदद रुक गई। इस तरह बीते महीनों में अमेरिका की तरफ से शिक्षा के लिए दिए जाने वाले वीजा की संख्या में कमी आई है। इसके अलावा ट्रंप सरकार ने कई यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में प्रदर्शनों को लेकर भी सख्त रुख अख्तियार किया है। इनमें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से लेकर कोलंबिया विश्वविद्यालय तक शामिल हैं। विदेश से आने वाले कई छात्रों को इस दौरान स्वतः निर्वासित करने के लिए कहा। नतीजतन अमेरिका में ट्रंप के आने के बाद से अकादमिक क्षेत्र के लिए दिए जाने वाले वीजा की संख्या भी पहले से कम हुई है। इप्सॉस के पोल में कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद बीते 100 दिनों में अपनी शक्तियों का बेधड़क इस्तेमाल करने में लगे हैं। लोगों ने ट्रंप के संघीय कर्मियों की संख्या में कटौती से लेकर कोर्ट के आदेश न मानने तक के व्यवहार की शिकायत की है।






# विजय देवरकोंडा ने पुलवामा अटैक की तुलना आदिवासी संघर्ष से की

## कानूनी पचड़े में फंसे तेलुगु अभिनेता

रिपोर्ट में कहा गया है कि लाल ने गुरुवार को एसआर नगर पुलिस स्टेशन में विजय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि अभिनेता ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में अपने भाषण में टिप्पणी की कि ये हमले सैकड़ों साल पहले आदिवासी समुदायों के बीच हुए संघर्ष के समान थे।

### कानूनी कार्रवाई की मांग

हैदराबाद के संजीव रेड्डी नगर पुलिस स्टेशन में विजय देवरकोंडा के खिलाफ दर्ज कराई गई लिखित शिकायत में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आदिवासी संघों ने अभिनेता से इस मामले में तुरंत माफी मांगने को कहा है। आदिवासी वकील संघ की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में किशनराज चौहान ने लिखा, 'यह सिर्फ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मामला नहीं है। यह हाशिए पर पड़े समुदायों की गरिमा और संवैधानिक सुरक्षा का मामला है।




हैदराबाद के संजीव रेड्डी नगर पुलिस स्टेशन में विजय देवरकोंडा के खिलाफ दर्ज कराई गई लिखित शिकायत में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आदिवासी लोगों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए अभिनेता विजय देवरकोंडा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। तेलंगाना टुडे की रिपोर्ट में कहा गया है कि हैदराबाद के एक वकील लाल चौहान ने सूर्या अभिनीत फिल्म रेट्रो के प्री-रिलीज़ इवेंट के दौरान विजय द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

**विजय देवरकोंडा पर पुलिस शिकायत :** लाल ने गुरुवार को एसआर नगर पुलिस स्टेशन में विजय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि अभिनेता ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में अपने भाषण में टिप्पणी की कि ये हमले सैकड़ों साल पहले आदिवासी समुदायों के बीच हुए संघर्ष के समान थे।